आषाढ़ कृष्ण पक्ष सप्तमी 01:35 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बुधवार, 18 जून 2025
वर्ष 5, अंक 117, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



हताशा में कांग्रेस कर रही झूठा प्रचार : भाजपा 12
सीतारमण ने लद्दाख में परियोजना स्थल का किया दौरा 14


## डीआरडीओ और आईआईटी दिल्ली की क्वांटम संचार में बड़ी सफलता

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली ने क्वांटम संचार के क्षेत्र में एक बड़ी प्रायोगिक सफलता हासिल की है। इससे भारत भविष्य में साइबर सुरक्षा के लिए क्वांटम तकनीक का उपयोग करने की दिशा में अग्रसर हो जाएगा।

रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह उपलब्धि एक किलोमीटर से अधिक दूरी तक फ्री-स्पेस ऑप्टिकल लिंक के माध्यम से क्वांटम 'एंटैंगलमेंट' पर आधारित सुरक्षित संचार स्थापित कर प्राप्त की गई, जो आईआईटी-दिल्ली परिसर में किया गया।

- राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा, बैंकिंग और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में डेटा सुरक्षा के लिए क्रांतिकारी कदम



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए डीआरडीओ और आईआईटी-दिल्ली को बधाई देते हुए कहा कि यह भविष्य के युद्ध और संचार सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। यह तकनीक भविष्य में क्वांटम इंटरनेट और क्वांटम नेटवर्क जैसी प्रणालियों के लिए रास्ता तैयार करेगी। इसे प्रो. भास्कर कंसेरी के अनुसंधान समूह ने वरिष्ठ वैज्ञानिकों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया। क्वांटम संचार की यह तकनीक राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा, बैंकिंग और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में डेटा सुरक्षा के लिए क्रांतिकारी कदम मानी जा रही है।

## भारत ने 2024 में परमाणु हथियारों का बढ़ाया जखीरा

### स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट, सभी नौ परमाणु हथियार संपन्न देशों में भी रिसर्च जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और पाकिस्तान सहित दुनिया के लगभग सभी नौ परमाणु हथियार संपन्न देशों ने 2024 में अपने परमाणु हथियारों को न केवल उन्नत बनाने की प्रक्रिया को जारी रखा बल्कि अपने हथियारों का जखीरा बढ़ाया भी है।

वैश्विक विचारक समूह स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। सिपरी ने एक बयान में कहा कि ऐसा अनुमान है कि भारत ने 2024 में एक बार फिर अपने परमाणु हथियारों के जखीरे का थोड़ा विस्तार किया है और नयी प्रकार की परमाणु हथियार प्रणालियों का विकास जारी रखा है। पाकिस्तान ने 2024 तक परमाणु हथियारों की नयी वितरण प्रणालियां विकसित करना और परमाणु हथियारों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री एकत्रित करना भी जारी रखा है। पाकिस्तान की योजना आगामी दशक में अपने परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ाने की है। विचारक समूह सिपरी ने सोमवार को अपनी वार्षिक पुस्तक-2025 में शस्त्रीकरण, निरस्त्रीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति का अपना वार्षिक मूल्यांकन जारी किया। वार्षिक पुस्तक के विमोचन पर दिए गए वक्तव्य में भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए सैन्य संघर्ष का भी उल्लेख किया गया है। सिपरी ने अपनी वार्षिक पुस्तक में शस्त्रीकरण, निरस्त्रीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति का देशवार मूल्यांकन प्रस्तुत किया है।



### दुनिया भर में 12,241 परमाणु हथियार

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट ने एक बयान में कहा, लगभग सभी नौ परमाणु हथियार संपन्न देश – अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (उत्तर कोरिया) और इजराइल ने 2024 में अपने परमाणु हथियारों को उन्नत बनाने के साथ-साथ हथियारों के जखीरे को भी बढ़ाने का काम किया। सिपरी ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि जनवरी 2025 में दुनिया भर में 12,241 परमाणु हथियारों की कुल संख्या थी। जिनमें से लगभग 9,614 हथियार संभावित इस्तेमाल के लिए सैन्य भंडार में थे।

# ट्रंप ने जी-7 छोड़ा, तेहरान खाली करने की चेतावनी

### ईरानी सेना के डिप्टी कमांडर को मारा, ईरान का मोसाद हेडक्वार्टर पर हमला

- मिलिट्री इंटेलिजेंस की बिल्डिंग को भी निशाना बनाया
- ट्रंप की चेतावनी के बाद ईरान पर इजराइल के हमले बढ़े

दुबई, एजेंसी

इजराइल ने ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकाने पर अचानक हमला करने के पांच दिन बाद तेहरान पर अपने हवाई हमले तेज कर दिए हैं। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राजधानी तेहरान के निवासियों को शहर खाली करने की चेतावनी दी।

ट्रंप ने कनाडा में जारी जी-7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़कर वाशिंगटन रवाना हो गए। उन्होंने एक संदेश में लिखा, ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता। उन्होंने अपने संदेश में कहा, सभी को तेहरान तत्काल खाली कर देना चाहिए। बाद में ट्रंप ने इस बात से इनकार किया कि वह संघर्ष विराम पर काम करने के लिए जल्दबाजी में लौटे हैं। वाशिंगटन लौटते समय एयर फोर्स वन में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा, मैं संघर्ष विराम की तरफ नहीं देख रहा हूं। हम उससे भी बेहतर चीज की तरफ देख रहे हैं। 'एयर फोर्स वन' में सवार पत्रकारों ने ट्रंप से पूछा कि उन्होंने तेहरान को खाली करने का अनुरोध क्यों किया, इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैं बस यही चाहता हूं कि लोग सुरक्षित रहें। इससे पहले, इजराइली सैन्य बलों ने तेहरान के एक मध्यवर्ती इलाके के लगभग 3,30,000 निवासियों से इलाके को खाली करने की अपील की थी। इजराइल ने मंगलवार को दावा किया कि उसने ईरानी सैन्य कमान को तबाह करने के बाद उसके एक और उच्च पदस्थ जनरल को मार गिराया। इजराइली सेना ने कहा कि उसने जनरल अली शादमानी को मार गिराया है, जिन्हें हाल ही में खातम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय का प्रमुख नियुक्त किया गया था।



इजराइल के हमलों के बाद तेहरान के हाईवे पर लगा लंबा जाम।



कनाडा में जी-7 छोड़कर जाते राष्ट्रपति ट्रंप।

### भारतीयों से तुरंत तेहरान छोड़ने का आग्रह

**तेहरान।** ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष तेज होने की पृष्ठभूमि में तेहरान में सभी भारतीय नागरिकों को मंगलवार को शहर से बाहर सुरक्षित स्थानों पर जाने और दूतावास से संपर्क में रहने का परामर्श जारी किया गया है। तेहरान में भारतीय दूतावास ने कहा, सभी भारतीय नागरिक जो तेहरान में हैं और दूतावास के संपर्क में नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे तुरंत तेहरान में भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना स्थान तथा संपर्क नंबर प्रदान करें। भारतीय मिशन ने सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों (पीआईओ) को यह सलाह भी दी है कि जो अपने स्वयं के संसाधनों से तेहरान से बाहर जा सकते हैं, वे शहर के बाहर सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। यह पोस्ट ऐसे समय में आया है जब इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष तेज हो गया है तथा उन्होंने पांचवें दिन भी एक दूसरे पर हमले किए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान और इजराइल में जारी घटनाक्रम के मद्देनजर मंत्रालय में 24 घंटे संचालित नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

### तेहरान प. एशिया का सबसे बड़ा शहर

तेहरान पश्चिम एशिया के सबसे बड़े शहरों में से एक है और वहां तकरीबन एक करोड़ लोग रहते हैं, जो इजराइल की कुल आबादी के बराबर है। ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से ही तेहरान में लोग अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर जा रहे हैं।

## कनाडा पहुंचे मोदी ग्लोबल साउथ होगा प्राथमिकता

**कैलगरी (कनाडा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वह कनाडा के कनैनिस्किस में जी-7 शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं से मुलाकात के दौरान महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे तथा ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर जोर देंगे।

प्रधानमंत्री सोमवार शाम को यहां पहुंचे और यह एक दशक में मोदी की कनाडा की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री इस दौरान विश्व के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे और ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी तथा नवाचार सहित महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। मोदी ने एक्स पर कहा, जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा के कैलगरी पहुंच गया हूं। शिखर सम्मेलन में विभिन्न नेताओं से मुलाकात करूंगा और महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करूंगा। ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर भी जोर दूंगा।

## केंद्रीय गृह मंत्री शाह से मिले मुख्यमंत्री धामी, महत्वपूर्ण विषयों पर की चर्चा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट कर राज्य के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में बढ़ती चुनौतियों के दृष्टिगत केंद्रीय गृह मंत्री से देहरादून में साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए 63.60 करोड़ रुपये की धनराशि की स्वीकृति का अनुरोध किया। यह सेंटर डिजिटल अपराधों की रोकथाम, विशेषज्ञ प्रशिक्षण, साइबर फॉरेन्सिक और आधुनिक संसाधनों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने गृहमंत्री को राज्य की विद्युत अधोसंरचना को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली क्षति पर चर्चा करते हुए अवगत कराया कि छोटे हिमालयी राज्यों की भौगोलिक विषमताओं को ध्यान में रखते हुए विद्युत उत्पादन, पारेषण एवं वितरण परिसंपत्तियों को एनडीआरएफ/एसडीआरएफ के तहत क्षतिपूर्ति के दायरे में लाया जाए। इससे राज्य का आपदा प्रबंधन तंत्र और अधिक प्रभावी व सशक्त होगा। साथ ही, मुख्यमंत्री ने सितारगंज केंद्रीय कारागार के विस्तार के प्रस्ताव पर 150.16 करोड़ रुपये की लागत से शीघ्र स्वीकृति देने का अनुरोध किया। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने मुख्यमंत्री के सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्र सरकार का निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग राज्य के विकास को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है।



गृहमंत्री शाह से भेंट करते सीएम धामी।

- साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना को केंद्र से 63.60 करोड़ रुपये दिलाने का अनुरोध

### शाह को दिया निवेश उत्सव का आमंत्रण

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से सफलतापूर्वक आयोजित उत्तराखंड ग्लोबल इनवेस्टर समिट-2023 का उल्लेख करते हुए बताया कि राज्य ने 3 .50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। गृह मंत्री को अवगत कराया कि इसे उत्सव के रूप में मनाते हुए उत्तराखण्ड निवेश उत्सव का आयोजन प्रस्तावित है, जो पंतनगर-रुद्रपुर के औद्योगिक क्षेत्र में आयोजित होगा।

## पत्नी की हत्या कर पति ने भी लगा ली फांसी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- हरिद्वार के कनखल थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना

**अमृत विचारः** हरिद्वार में पत्नी को सरिये और डंडे से निर्ममता से पीटने के बाद उसकी गला रेतकर हत्या करने और फिर खुद फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। दिइस घटना की प्रारंभिक वजह दंपती में घरेलू क्लेश और संतान न होने को लेकर विवाद माना जा रहा है।

सीओ शिशुपाल सिंह नेगी ने बताया कि कनखल थाना क्षेत्र की वसंत कुंज कॉलोनी में ई-रिक्शा चालक ऋषि कुमार पत्नी वर्षा के साथ रहता था। मंगलवार सुबह पड़ोसियों ने घर की छत पर ऋषि के शव को कपड़े सुखाने की एंगल से फंदे पर लटके देखा तो शोर मचा दिया। पुलिस पहुंची तो ऋषि कुमार का घर अंदर से बंद मिला। पुलिस एक पड़ोसी की छत के रास्ते ऋषि की छत पर पहुंची और शव को उतरवाया। पुलिस जांच करने के लिए घर के प्रथम तल पर पहुंची तो बिस्तर पर वर्षा का खून से लथपथ शव मिला। शव के पास ही सरिया व डंडा पड़ा था।

## बंदूक तानकर फिल्म देखने से नहीं रोक सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष कोर्ट ने कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ को राज्य के सिनेमाघरों में प्रदर्शित नहीं किए जाने पर कर्नाटक सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि भीड़ और नैतिकता के तथाकथित पहरेदारों को सड़कों पर हंगामा करने इजाजत नहीं दी जा सकती।

न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि कानून का शासन स्थापित किया जाना चाहिए और लोगों को फिल्म देखने से रोकने के लिए उनके सिर पर बंदूक नहीं तानी जा सकती। पीठ ने कहा कि कानून का शासन कायम रहना चाहिए। हम ऐसा नहीं होने दे सकते। अगर किसी ने कोई बयान दिया है, तो उसका जवाब बयान से दीजिए।



- कमल हासन फिल्म विवाद में सुप्रीम कोर्ट की कर्नाटक सरकार को फटकार

## एअर इंडिया की सात अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द

मुंबई, एजेंसी

एअर इंडिया ने मंगलवार को विभिन्न कारणों और अपने विमान बेड़े की बढ़ी हुई जांच के चलते लंदन-अमृतसर और दिल्ली-दुबई समेत सात अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दीं। विमानन कंपनी के अनुसार, रद्द की गई एअर इंडिया की अन्य उड़ानें बेंगलुरु-लंदन, दिल्ली-वियना, दिल्ली-पेरिस और मुंबई-सैन फ्रांसिस्को हैं। इससे पहले, दिन में एअर इंडिया ने विमान की अनुपलब्धता के कारण अहमदाबाद-लंदन गैटविक उड़ान रद्द कर दी थी।



- सैन फ्रांसिस्को-मुंबई उड़ान में तकनीकी गड़बड़ी के कारण यात्रियों को बीच में ही विमान से उतरना पड़ा

मंगलवार को विभिन्न कारणों से लंदन और पेरिस के लिए इसकी उड़ानें रद्द की गईं। सैन फ्रांसिस्को-मुंबई उड़ान में तकनीकी गड़बड़ी के कारण यात्रियों को बीच में ही विमान से उतरना पड़ा। विमानन कंपनी ने कहा कि उड़ान से पहले जांच के दौरान कुछ समस्याएं पाए जाने के बाद एअर इंडिया ने दिल्ली-पेरिस उड़ान रद्द कर दी, जबकि विमान की अनुपलब्धता के कारण अहमदाबाद-लंदन उड़ान रद्द की गई। इसके अलावा, एअर इंडिया ने अपनी सैन फ्रांसिस्को-मुंबई उड़ान के एक इंजन में तकनीकी खराबी आने के कारण मंगलवार सुबह इसे कोलकाता में निर्धारित ठहराव पर ही समाप्त कर दिया।

सेवा में यह व्यवधान ऐसे समय में हुआ है जब अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि 12 जून को लंदन जा रही एअर इंडिया की उड़ान अहमदाबाद से रवाना होने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त क्यों हो गई थी।




# विज्ञान में कुछ भी असंभव नहीं, इसी सोच के साथ बढ़ाएं शोध का दायरा

## एरीज में आयोजित पांच दिवसीय सम्मेलन में पहुंचे विभिन्न देशों के वैज्ञानिक

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज में आयोजित पांच दिवसीय सम्मेलन में मंगलवार को वैज्ञानिकों ने जलवायु में आ रहे विभिन्न बदलावों को लेकर गहरी चिंता जताई। कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए ठोस उपाय तलाशने होंगे। सम्मेलन में 15 देशों के पर्यावरण संबंधी 60 वैज्ञानिक पहुंचे हैं।



एरीज में आयोजित सम्मेलन में विचार रखते वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

जर्मनी के वायुमंडलीय वैज्ञानिक डॉ. मैथियास ने यूरोपीय देशों में जलवायु परिवर्तन में आ रहे प्रभावों की जानकारी देते हुए कहा कि तूफानों के साथ बर्फबारी में कहीं अधिक तो कुछ हिस्सों कमी देखने को मिली है। इसकी वजह जानने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं आना बड़ी चिंता का विषय है। ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिक डॉ. निकोलस ने कहा कि विज्ञान के लिए असंभव कुछ भी नहीं है। इसी सोच के साथ शोध का दायरा बढ़ाना होगा और विश्व में प्रकृति के अनुरूप व्यवस्थाओं का संचालन करना होगा। यूएसए के डॉ. जिम ने अमेरिकी खाड़ी देशों में बवंडरों पर प्रकाश डाला और कहा कि इनकी संख्या में वृद्धि निरंतर जारी है। उन्होंने बवंडरों से हो रहे नुकसान की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि समय रहते जलवायु परिवर्तन को रोकना होगा। एरीज निदेशक डॉ. मनीष नाजा ने भू-आधारित फूरियर ट्रांसफॉर्म इन्फ्रारेड (एफटीआईआर) स्पेक्ट्रोस्कोपी में वैश्विक विशेषज्ञों और डेटा उपयोगकर्ताओं के बारे में जानकारी दी। कहा कि दुनिया भर में अभी तक इस प्रकार के 170 उपकरण स्थापित किए जा चुके हैं। इस अवसर पर डॉ. नरेंद्र सिंह, मोहित जोशी, डॉ. उमेश दुमका, डॉ. प्रियंका, डॉ. वीरेंद्र यादव व भारत समेत विभिन्न देशों के वैज्ञानिक मौजूद थे।



एरीज में आयोजित सम्मेलन में मौजूद वैज्ञानिक ● अमृत विचार

## जंगलों में कब्जे करा रही राज्य सरकार: आर्य

**नैनीताल, अमृत विचार :** देहरादून में वन भूमि पर अवैध रूप से हो रहे अतिक्रमण मामले पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने राज्य सरकार पर तीखा हमला किया है। कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड के जंगलों में कब्जा करा रही है।

कहा कि देहरादून में खलंगा के जंगल में आरक्षित वन के भीतर 40 बीघा वन भूमि पर अतिक्रमण और निर्माण कार्य ने राज्य की भू-प्रबंधन व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। नालापानी क्षेत्र के इस जंगल पर भूमाफियाओं की गिद्ध दृष्टि टिकी हुई है, जो यहां पर कैंपिंग और रिजॉर्ट बनाने की तैयारी में लगे हैं। कहा कि रिजर्व फॉरेस्ट के भीतर इस जमीन को अपना बताकर एक व्यक्ति ने दूसरे को लीज पर दे दिया और उक्त व्यक्ति इस जमीन पर निर्माण कर रहा था। अगर यहां कैंप या रिजॉर्ट बनता है तो लगभग 5000 साल के पेड़ों के अस्तित्व पर एक बार फिर से संकट छा जाएगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि गंभीर बात ये है कि वन विभाग के अधिकार क्षेत्र में आने वाली संरक्षित वन भूमि पर अवैध रूप से निर्माण कार्य चल रहा है। इस पूरे प्रकरण की समय से उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए।

# कैंट के पालिकाओं में विलय का अनुरोध



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

- मुख्यमंत्री धामी ने की केंद्रीय रक्षा मंत्री से महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा
- धारचूला व जोशीमठ के सैन्य हेलीपैड के उपयोग की अनुमति मांगी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट कर राज्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय रक्षा मंत्री से रानीखेत और लैंसडाउन छावनी क्षेत्र को नगर पालिकाओं के साथ विलय करने का अनुरोध किया, जिससे इन क्षेत्रों में पर्यटन एवं जनसुविधाओं के समग्र विकास में सहयोग मिलेगा। उन्होंने धारचूला और जोशीमठ के सैन्य हेलीपैड को आरसीएस हवाई सेवा के अंतर्गत उपयोग करने के लिए अनुमति प्रदान करने का भी आग्रह किया। राज्य के आपदा एवं राहत कार्यों के लिए भारतीय वायुसेना की सेवाओं के लिए देय शुल्क को माफ किये जाने का भी मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने ग्वालदम से नंदकेसरी होते हुए थराली देवाल-मुन्दोली-वाण मोटर मार्ग के रखरखाव एवं अनुरक्षण का कार्य भविष्य में भी लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जाने का अनुरोध केन्द्रीय रक्षा मंत्री से किया। उन्होंने कहा कि यह सड़क मार्ग नंदा देवी राजजात यात्रा का मुख्य मार्ग है। प्रत्येक 12 वर्षों में आयोजित होने वाली यह महत्वपूर्ण यात्रा है, जो वर्ष 2026 में प्रस्तावित है। यह यात्रा राज्य की धार्मिक एवं सांस्कृतिक आस्था की प्रतीक है। रक्षा मंत्री ने प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।



## सैनिक स्कूल घोड़ाखाल का बजट बढ़ाया

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विभिन्न विकास योजनाओं की वित्तीय स्वीकृति दी है। इनमें मुख्यमंत्री ने सैनिक स्कूल, घोड़ाखाल (नैनीताल) के सुचारू रूप से संचालन और विद्यालय की वित्तीय स्थिति को सुधारने हेतु वार्षिक स्वीकृत बजट को 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 8 करोड़ रुपये किये जाने के लिए अनुमोदन प्रदान किया है।

इसके अलावा सीएम ने जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र कालाढूंगी के निगम नाला वाला मार्ग का पीसी द्वारा पुनर्निर्माण कार्य एवं सोबन राम के घर से सुरेश भट्ट के घर तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य हेतु 183.47 लाख, विधान सभा क्षेत्र गंगोलीहाट में चौडमन्या-कमतोली मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य हेतु 528.91 लाख रुपये की धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने राज्य में अग्निशमन सेवाओं का विस्तार एवं आधुनिकीकरण हेतु 23.667 करोड़ रुपये व्यय हेतु अनुमोदन भी प्रदान किया है।

# सफाई व्यवस्था का मुद्दा उठाया

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नगरपालिका परिषद नैनीताल के सभागार में बोर्ड की पहली बजट बैठक संपन्न हुई। वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित मूल बजट 48 करोड़ तीन लाख छह हजार 749 का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया।



नगर पालिका बोर्ड की बैठक में मौजूद पालिकाध्यक्ष व सभासद। ● अमृत विचार

पालिका में प्रस्तुत व्यय के ब्योरे में 44 करोड़ 50 लाख 76 हजार 309 रूपए का व्यय हुआ है। बजट प्रस्तुत करने के बाद कई अन्य मुद्दों और समस्याओं पर भी बैठक में चर्चा की गई। सफाई व्यवस्था के संबंध में सभासदों ने कहा कि कूड़ा उठाने का समय निर्धारित कर सुबह सात बजे किया जाए। इस दौरान पूर्व में पालिका से गायब हुई लाखों की रैलिंग पर जांच समिति गठित की गई थी, लेकिन अभी तक इस जांच पर कोई फैसला नहीं हो पाने पर भी सभासदों ने नाराजगी जताई। इसकी जांच की निष्पक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करने की मांग की गई। सभासद अंकित चंद्रा ने कहा कि उनके वार्ड शेर का डांडा में सफाई व्यवस्था अच्छी नहीं है। केवल माल रोड, बाजार आदि निचले वार्डों में ही सफाई करने से काम नहीं चलेगा। सभासद मंटो जोशी ने कहा कि शहर में कूड़ा और सिल्ट आदि की समस्या भी एक अहम विषय है। सभासद मनोज साह जगाती ने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व शहर में विभिन्न वाडों में वाटर कूलर लगाए गए थे, जिनकी स्थिति वर्तमान में खराब है। यह वाटर कूलर ठीक कराए जाने चाहिए। बैठक में पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल, ईओ द्वितीय विनोद जीना, सभासद मुकेश जोशी, रमेश प्रसाद, अंकित चंद्रा, जितेन्द्र कुमार पांडे आदि मौजूद थे।

## साततात से कूड़ा उठाने का कार्य शुरू

**भीमताल :** बीती 14 जून को अमृत विचार में सातताल में गंदगी होने की खबर प्रकाशित होने के बाद जिला पंचायत ने कूड़ा उठाने का कार्य शुरू करा दिया है। क्षेत्र के व्यापारी और सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम कंडारी ने बताया कि सातताल में जिला पंचायत के वाहन कूड़ा उठाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने आशा जताई कि शीघ्र ही क्षेत्र में फैली गंदगी साफ हो जाएगी। शनिवार 14 जून को अमृत विचार में इस मामले को प्रकाशित किया था। पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने भी बयान देकर उनके द्वारा भी जिला पंचायत को सूचित करने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने की बात कही थी। कूड़ा उठान की कार्रवाई शुरू होने के बाद स्थानीय लोगों ने अमृत विचार का आभार व्यक्त किया है।

# राष्ट्रपति 20 को रखेंगी पार्क की आधारशिला

- राष्ट्रपति का उत्तराखंड में 19 से 21 जून तक का प्रस्तावित भ्रमण
- आम जनता के लिए 24 से खुलेगा राष्ट्रपति निकेतन और राष्ट्रपति तपोवन

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का देहरादून में 19 से 21 जून तक का भ्रमण प्रस्तावित है।



सौंदर्यीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते राज्यपाल गुरमीत सिंह।


20 जून को राष्ट्रपति अत्याधुनिक सार्वजनिक पार्क की आधारशिला रखेंगी जबकि आम जनता के लिए राष्ट्रपति निकेतन और राष्ट्रपति तपोवन 24 जून से खोल दिया जाएगा। राज्यपाल गुरमीत सिंह ने इसके दृष्टिगत मंगलवार को राजपुर रोड़ स्थित राष्ट्रपति निकेतन में चल रहे सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। गौरतलब है कि 132 एकड़ भूमि में विकसित किए जा रहे इस अत्याधुनिक सार्वजनिक पार्क की आधारशिला राष्ट्रपति द्वारा रखी जाएगी। यह पार्क एक वर्ष की अवधि में पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जाएगा। राष्ट्रपति निकेतन को 24 जून से आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। 21 एकड़ में फैले राष्ट्रपति निकेतन, पहले जिसे राष्ट्रपति आशियाना के नाम से जाना जाता था, इस विरासत भवन में कलाकृतियों के संग्रह के साथ ही आगंतुकों को लिलि तालाब, रॉकरी तालाब, रोज गार्डन आदि देखने को मिलेंगे। इसके अलावा राष्ट्रपति तपोवन को भी आम लोगों के लिए समर्पित किया जाएगा। 19 एकड़ में फैले तपोवन में देसी वृक्षों की कैनोपी, घुमावदार पगडंडियां, लकड़ी के पुल और चिंतन व ध्यान के लिए शांत स्थान मौजूद हैं। राज्यपाल ने निर्माण एजेंसियों और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी की जाएं, ताकि राष्ट्रपति के आगमन पर समस्त व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से प्रस्तुत की जा सकें। कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि राष्ट्रपति उत्तराखंड को बड़ी सौगात देने वाली हैं। यह पहल उनके उत्तराखंड की जनता के प्रति विशेष स्नेह और जुड़ाव का प्रतीक है। इस दौरान उन्होंने परिसर में चल रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, डीजीपी दीपम सेठ, एडीजी वी. मुरुगेशन, ए.पी. अंशुमान, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, निदेशक राष्ट्रपति सचिवालय स्वाति शाही, जिलाधिकारी सविन बंसल, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, एसएसपी देहरादून अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# सुंदरखाल पर 27 को अंतिम सुनवाई

- सभी पक्षकारों को पूरी तैयारी से पेश होने के निर्देश

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने वर्ष 1975 के बाद से आज तक नैनीताल जिले के रामनगर से जुड़े क्षेत्र सुंदरखाल में रह रहे लोगों को बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओ से राज्य सरकार द्वारा वंचित करने के मामले पर सुनवाई की। खंडपीठ ने अंतिम सुनवाई के लिए 27 जून की तिथि नियत की है।



साथ ही, पक्षकारों को निर्देश दिया है कि पूरी तैयारी के साथ सुनवाई के लिए पेश हों।

पूर्व में कोर्ट ने दायर जनहित याचिका पर वन सचिव से 4 सप्ताह में प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा था। साथ में, पूछा था कि वर्ष 2014 में क्षेत्र के लोगों के विस्थापन के लिए बनाई गई कमेटी के निर्णय पर राज्य सरकार ने अब तक क्या निर्णय लिया है। लेकिन, उनके विस्थापन के लिए अभी तक कोई ठोस नीति नहीं अपनाई गई। मामले के अनुसार, समाजसेवी संस्था इंडिपेंडेंट मीडिया सोसाइटी ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा कि नैनीताल जिले के सुंदरखाल में वर्ष 1975 से रह रहे ग्रामीणों को बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही है, जिसे लेकर पिछले कई वर्षों से सुंदरखाल के ग्रामीण लोग विस्थापन की मांग राज्य सरकार से करते आए हैं। इसको लेकर सरकार ने वर्ष 2014 में कमेटी बनाकर विस्थापन करने का निर्णय लिया गया था। बावजूद इसके, आज तक उन्हें विस्थापित नहीं किया गया है। न ही राज्य सरकार ने आज तक उन्हें जरूरी मूलभूत सुविधाएं दीं जबकि उनका यह क्षेत्र अति दुर्गम क्षेत्र में आता है।

## पीसीबी छह सप्ताह में करें निस्तारण

**नैनीताल :** उत्तराखंड हाईकोर्ट वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने सिडकुल पंतनगर में ऑटो पार्ट्स बनाने वाली चार कम्पनियों को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) द्वारा प्रदूषण फैलाने के मामले में दिए नोटिस पर सुनवाई की। खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के बाद पीसीबी को निर्देश दिए कि इनके द्वारा दिए गए प्रत्यावेदन पर छह सप्ताह में इसको नियमों के तहत निस्तारित करें। मामले के अनुसार, सिडकुल की चार कम्पनियों द्वारा याचिकाओं में कहा गया कि उन्हें पीसीबी द्वारा 24 अप्रैल 2025 को जारी नोटिस में कहा गया कि कंपनियों ने पीसीबी के नियमों का पालन न करते हुए पर्यावरण को हानि पहुंचाई है इसलिए कम्पनियां उन पर लगाए गए 20 से 50 लाख रुपये की पर्यावरणीय क्षति का भुगतान तय समय पर करें। याचिकाओं में कोर्ट से प्रार्थना की गई कि उक्त नोटिस पर रोक लगाई जाए। उनके द्वारा पीसीबी की किसी भी नियावली का उल्लंघन नहीं किया गया है, जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने उक्त आदेश दिए। मै. हिल टर्न कॉर्बेट प्राइवेट लिमिटेड, मै. ऑटो लाइट मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी सहित अन्य कंपनियों की तरफ से याचिकाएं दायर की गईं।

# ऐतिहासिक नंदा देवी महोत्सव 28 अगस्त से

- श्री राम सेवक सभा की बैठक में लिया गया निर्णय

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल में ऐतिहासिक नंदा देवी महोत्सव 28 अगस्त से पांच सितम्बर तक मनाया जाएगा। श्री राम सेवक सभा की मंगलवार को हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

सभा अध्यक्ष मनोज साह के अनुसार, हर साल की तरह इस बार भी नंदा महोत्सव को भव्य तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राम सेवक सभा की बैठक में तय किया गया कि इस वर्ष नंदा महोत्सव 28 अगस्त से शुरू होगा और पांच सितम्बर तक चलेगा। बैठक में सभी से सहयोग की अपेक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि रामलीला महोत्सव पर भी विचार किया गया और रामलीला महोत्सव 22 सितंबर से शुरू होगा और दो अक्टूबर दशहरा तक चलेगा।

उन्होंने कहा कि श्री राम सेवक सभा द्वारा 1926 से श्री नंदा देवी महोत्सव का आयोजन जबकि 1918 से श्री राम लीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस बैठक में अध्यक्ष मनोज साह के अलावा उपाध्यक्ष अशोक साह, महासचिव जगदीश बलवाड़ी, प्रबंधक विमल चौधरी, उपसचिव राजेंद्र बिष्ट कोषाध्यक्ष विमल साह, पूर्व पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



योग शिविर के दौरान योग करते साधक।

### योगासनों व प्राणायाम का अभ्यास कराया

**भीमताल :** एसएसजेयू अल्मोड़ा के योग विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ .नवीन चंद्र भट्ट के संरक्षण में सिद्धार्थ सिटी हल्द्वानी में आयोजित शिविर में लोगों को योग के बारे में जानकारी दी गई। योग प्रशिक्षक निधि सकलानी ने योग आसनों, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। साथ ही इनके लाभ व सावधानियों के बारे में भी बताया। इस दौरान पवनमुक्तासन, भुजंगासन, धनुरासन, कपोतासन, ताड़ासन, वृक्षासन, उत्कटासन, नौकासन, चक्रासन, त्रिकोणासन, वक्रासन, अर्द्ध मत्स्येंद्रासन, गोमुखासन, मरीच्यासन, शलभासन, मलासना, कल्यासन (देवीआसन) आदि का अभ्यास कराया गया। इसमें पीएमश्री अटल उत्कृष्ट शहीद बहादुर सिंह मटियाली राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज, पतलोट के प्रधानाचार्य आशुतोष साह ने भी प्रतिभाग किया। कहा कि योग को दिनचर्या में लाना बेहद आवश्यक है।

### रोक समाप्त, खराब मौसम के कारण नहीं उड़ा हेली

**देहरादून :** केदारनाथ में हेलीकॉप्टर हादसे के बाद चारधाम यात्रा मार्ग पर हेली सेवाओं के संचालन पर दो दिन के लिए लगायी गयी रोक मंगलवार को समाप्त हो गयी लेकिन केदार घाटी में खराब मौसम के कारण केदारनाथ के लिए किसी हेलीकॉप्टर ने उड़ान नहीं भरी। रुद्रप्रयाग के जिला पर्यटन अधिकारी और हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि सरकार ने मंगलवार से हेलीकॉप्टर संचालन की अनुमति प्रदान कर दी थी लेकिन प्रतिकूल मौसम के कारण केदारनाथ के लिए किसी हेलीकॉप्टर ने उड़ान नहीं भरी। मुख्यमंत्री ने रविवार को हेली सेवा बंद करने की घोषणा करते हुए कहा था कि स्थिति की अच्छी तरह से समीक्षा करने के बाद ही यात्रा मार्ग पर हेलीकॉप्टर संचालन शुरू किया जाएगा। चारधाम क्षेत्र में उड़ान भरने वाले पायलटों को अस्थिर मौसम, अत्यधिक उंचाई तथा संकरी घाटियों जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

### पुलिस ने कार की सीज

**नैनीताल :** सड़क पर खतरनाक स्टंट करने के मामले में पुलिस ने वाहन सीज किया है। वहीं, चालक का ड्राइविंग लाइसेंस जब्त कर निरस्तीकरण को संबंधित विभाग को भेज दिया है। मल्लीताल कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हेम पंत ने बताया कि मंगोली क्षेत्र में अभियान चलाकर अमन पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी रेवाड़ी (हरियाणा) को वाहन को खतरनाक ढंग से चलाते हुए पकड़ा। वाहन में सवार चार अन्य युवक खिड़कियों से बाहर झुककर शोरगुल और हंगामा कर रहे थे। पुलिस ने मौके पर ही वाहन को सीज कर दिया।

### हैंडपंप को दोबारा चालू कराने का काम शुरू

**भीमताल :** जल संस्थान ने भीमताल नगर में कई समय से बंद पड़े हैंडपंप को दोबारा से चालू कराने का कार्य शुरू करा दिया है। खुटानी, पटवारी चौकी नौकुचियाताल, डाठ, नगर पालिका कार्यालय के समीप आदि बंद पड़े हैंडपंपों को ठीक करने का कार्य किया गया है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता पूरन वृजवासी ने इस संबंध में मुख्यमंत्री समाधान पोर्टल 1905 पर शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद ही यह कार्य शुरू हुआ है।

**मौसम** पर्यटन सीजन में पर्यटकों के सरोवर नगरी पहुंचने का सिलसिला जारी, विभिन्न स्थलों पर देर शाम तक रही रौनक

# रिमझिम बारिश ने सैलानियों का आनंद किया दोगुना

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी में मंगलवार दिन में कई बार हुई हल्की रिमझिम वर्षा ने सैलानियों का आनंद दोगुना कर दिया। ग्रीष्मकालीन सीजन में सैलानियों का बड़ी संख्या में पहुंचना जारी है।



नैनीताल झील का दीदार करते पर्यटक। ● अमृत विचार

नगर के आसमान में सुबह छाए घनघोर बादलों ने दोपहर एक बजे बरसना शुरू किया। शुरुआत की बारिश ने 15 मिनट लोगों की राह रोक ली, लेकिन इसके बाद रुक-रुक कर हल्की रिमझिम बारिश मौसम सुहावना बनाते चली गई। सैलानियों को यह मिजाज खूब भाया और उन्होंने नगर के पर्यटन स्थलों की सैर की। इस बीच नगर के पर्यटन स्थलों में खासी रौनक देखने को मिली। चिड़ियाघर, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन, हिमालय दर्शन, वॉटरफॉल व हनुमानगढ़ी में पूरे दिन सैलानियों की आवाजाही रही। इस बीच मां नयनादेवी मंदिर में धार्मिक पर्यटक बड़ी संख्या में पहुंचे थे। नौका विहार करने वाले सैलानियों का तांता पूरे दिन लगा रहा, तो भोटिया बाजार व तिब्बती बाजार में खरीदारी करने वाले सैलानी बड़ी संख्या में देखे गए। शाम के समय मालरोड की सैर करने वाले सैलानियों की भारी भीड़ रही। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 28 व न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस रहा।

### कुमाऊं में कुछ जगह बारिश, हल्द्वानी में गर्मी

**हल्द्वानी :** कुमाऊं मंडल कुछ जगहों पर बारिश हुई। हल्द्वानी में धूप भी रही और कभी-कभी बादल भी छाए। यहां उमस भरी गर्मी पड़ी। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार कुमाऊं में बेरीनाग में 10 .5 मिमी, नैनीताल में आठ मिमी और रुद्रपुर में 7 .5 मिमी बारिश हुई है। हल्द्वानी में धूप निकलने के बाद गर्मी तेज हो गई। उमस भरी गर्मी से लोग परेशान रहे। अधिकतम तापमान 34 .5 डिग्री सेल्सियस था जो विगत दिन की अपेक्षा 1 .5 डिग्री ज्यादा था। न्यूनतम तापमान 25 .5 डिग्री था। मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 23 डिग्री रहा। यहां दिन के समय मौसम सुहावना है और चटक धूप निकल रही है।

## 23 को होगी रन फॉर ओलंपिक डे

**नैनीताल, अमृत विचार :** खेल निदेशालय उत्तराखंड के तत्वावधान में जिला प्रशासन नैनीताल और खेल कार्यालय हल्द्वानी की ओर से डीएसए मैदान नैनीताल में रन फॉर ओलंपिक डे का आयोजन किया जाएगा।

जिला क्रीडा अधिकारी निर्मला पंत ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर 17 से 23 जून तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खिलाड़ियों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 23 जून को नैनीताल मैदान में रन फॉर ओलंपिक डे का आयोजन किया जाएगा। सुबह साढे छह बजे से यहां कार्यक्रम होंगे। जिसमें खेल प्रशिक्षक भगवत मेर, सुनील कुमार, सैरय्यद रिहान, विनोद कनारी, गौरव नयाल आदि रहेंगे।

**आज का मौसम**

आसमान में चटख धूप खिली रहेगी।

| 31.0° | 23.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.13 | सूर्यास्त 19.14 |

**आज के कार्यक्रम**

- प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ब्लॉक सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगी
- वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद उपाध्यक्ष नवीन वर्मा की रामपुर रोड स्थित स्टैंडर्ड स्वीट हाउस में प्रेस वार्ता 11:30 बजे

# बरसात के मौसम में बढ़े डायरिया के मरीज

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बारिश के साथ ही डायरिया के मरीज बढ़ने लगे हैं। अस्पताल उल्टी, दस्त, गैस, अपच और बुखार के रोगी पहुंच रहे हैं।

दूषित खानपान से डायरिया होने का खतरा होता है। गर्मी और बारिश के मौसम में डायरिया तेजी के साथ फैलता है। बेस अस्पताल में मेडिसिन विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन 20 से 25 मरीज डायरिया के पहुंच रहे हैं। यही हाल एसटीएच का भी है। यहां भी ओपीडी में डायरिया के मरीज आ रहे हैं। बाल रोग विभाग की ओपीडी में कई बच्चे पहुंच रहे हैं जिन्हें उल्टी, दस्त और बुखार की समस्या है। जिन मरीजों की स्थिति ज्यादा खराब है उन्हें अस्पताल में भी भर्ती किया जा रहा है। राहत की बात है कि दोनों ही अस्पतालों में डायरिया के उपचार में प्रयोग होने वाली सभी दवाएं उपलब्ध हैं। एसटीएच की बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋतु रखोलिया ने बताया कि बच्चों को बाहर के खाने-पीने की चीजें बिल्कुल भी न दें। उन्हें घर में बना हल्का भोजन ही दें। बेस अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके पांडे ने कहा कि अगर किसी को उल्टी, दस्त और बुखार की समस्या हो तो लापरवाही न करें। तुरंत ही डॉक्टर को दिखाएं। कहा कि डायरिया में शरीर में पानी की कमी हो जाती है। इसलिए साफ पानी पीते रहना चाहिए।

## परिजनों व पुलिस ने जिन तीन दोस्तों को दो दिनों तक गली-गली तलाशा वो बरेली में कर रहे थे मौजमस्ती

# होटल में खाया, मूवी देखी, जेब खाली हुई तो लौटे घर

- लौटे तो बोले, बता कर जाते तो परिवार वाले उन्हें कभी जाने ही नहीं देते

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** तीन किशोर अचानक लापता हो गए। इनमें दो आठवीं के छात्र थे और तीसरा इनका दोस्त। तीनों दो दिनों तक बरेली में मौज-मस्ती करते रहे और यहां पुलिस व परिवार के लोगों ने उनकी तलाश में गली-मोहल्ला एक कर दिया। जब जेब खाली हुई तो तीनों खुद ही वापस लौट आए। पूछने पर किशोरों का जवाब चौंकाने वाला था। वह बोले, अगर बताते तो घरवाले उन्हें कभी जाने ही नहीं देते।

सती कॉलोनी, शनि बाजार रोड बनभूलपुरा निवासी एक व्यक्ति ने सोमवार को बनभूलपुरा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया, उसका 15 साल का बेटा रविवार सुबह दस बजे से लापता है। उसकी तलाश के दौरान उन्हें पता चला कि उसके साथ उसके दो दोस्त भी है।

तीन बच्चों के एक साथ लापता होने की खबर मिलते ही गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस ने तलाश शुरू कर दी। एक के बाद एक कई सीसीटीवी खंगाले गए। परिजन भी अपने स्तर से तलाश में जुटे थे और इधर, मंगलवार की सुबह तीनों अपने-अपने घर पहुंच गए।

पूछताछ हुई तो तीनों ने बताया कि उनके पास कुछ पैसे थे। घूमने का मन था तो ट्रेन से बरेली चले गए। दो दिन वहीं घूमते रहे। होटल में खाना खाया, थियेटर में फिल्म देखी और जब पैसे खत्म होने लगे तो ट्रेन से वापस आ गए। यह भी कहा कि अगर बता कर जाते तो जाने ही नहीं दिया जाता। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि काउंसिलिंग के बाद तीनों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### किशोरावस्था की समस्याओं को समझें अभिभावक: डॉ. पंत



**हल्द्वानी :** डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल के मनोविज्ञानी डॉ. युवराज पंत बताते हैं कि इस तरह की समस्या को किशोरावस्था में आने वाली समस्या कहते हैं। 11 से 17 साल के बच्चों को किशोर कहा जाता है और उनमें इस उम्र में तेजी से मानसिक और शारीरिक बदलाव होते हैं। बच्चे वो करना चाहते हैं जिसके लिए उनके माता-पिता मना करते हैं। डॉ. पंत के अनुसार, इस मामले में तीनों बच्चे शहर से बाहर घूमने गए। उन्होंने कोई अपराध नहीं किया, मूवी देखी, घूमे-फिरे और फिर जब रुपये खत्म हुए तो वापस आ गए। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि वह अपने आसपास की चीजों को देखते हैं और बच्चों की कोशिश होती है कि वह भी उसको करे। ऐसे मामलों में कभी-कभी बच्चों के साथ आपराधिक घटना भी हो जाती है इसलिए माता-पिता को अपने बच्चों से लगातार बात करनी चाहिए। कोई समस्या लगे तो सरकारी राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के काउंसलरों की मदद लेनी चाहिए।

# खुलासा: साले ने की थी प्रॉपर्टी डीलर भूगेंद्र की हत्या

## 1 लाख रुपये में लाया था सुपारी किलर, जंगल में पड़े मोटे डंडे से सिर पर कई वार कर की हत्या, पुलिस ने तीनों आरोपी किए गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**11** जून को टांडा जंगल में हुए हत्याकांड का किया खुलासा, हत्या में प्रयुक्त डंडा भी किया बरामद

**10** लाख रुपये का कर्ज जीजा को न चुकाना पड़े इसलिए रचा हत्या का षड्यंत्र



पुलिस हिरासत में आलाकत्ल के साथ हत्यारोपी मुंहबोला साला व उसके साथी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** टांडा जंगल में हुए प्रॉपर्टी डीलर भूगेंद्र हत्याकांड का पुलिस पर्दाफाश कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने मृतक के मुंहबोले साले समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह एक सुनयोजित षड्यंत्र था, जिसे भूगेंद्र के साले ने रचा। वह भी सिर्फ इसलिए ताकि उसे जीजा से लिया 10 लाख रुपये का कर्ज चुकाना न पड़े। हत्या के लिए उसने 1 लाख रुपए में दो सुपारी किलर भी बुलाए थे। पुलिस ने न सिर्फ तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया, बल्कि जंगल में फेंके गए आलाकत्ल भी बरामद कर लिया है। गौरतलब है कि अमृत विचार में 15 जून को प्रकाशित अपने अंक में इस आशय की आशंका जता दी थी।

मंगलवार को घटना का खुलासा करते हुए एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि बीती 11 जून की दोपहर गढ़गंगा गढ़मुक्तेश्वर, साहपुर हापुड़ निवासी भूगेंद्र सिंह चौहान का शव टांडा जंगल में एक किलोमीटर अंदर बरामद किया गया था। वह ग्रीस कालोनी गंगापुर रोड रुद्रपुर ऊधमसिंह नगर में परिवार के साथ रहते थे पुलिस के अनुसार मृतक भूगेंद्र की पत्नी और हत्यारोपी बालम सिंह बिष्ट एक ही गांव के थे। इस नाते बालम, भूगेंद्र को जीजा कहता था। इसी रिश्ते का फायदा उठाते हुए पिछले तीन सालों में उसने भूगेंद्र से 10 लाख रुपए से अधिक कर्ज ले लिया। बालम भी भूगेंद्र के साथ प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था। लाखों का कर्ज चुकाने से बचने के लिए बालम ने हत्या की साजिश रची। षड्यंत्र में उसने अपने नशेड़ी दोस्त हरीश और उमेश को भी शामिल किया और कत्ल के बाद 50-50 हजार रुपये देने का वादा किया।

योजना के तहत बीती 10 जून को बालम ने भूगेंद्र को फोन कर कर्ज देने के बहाने बुलाया। वह पहले गूलरभोज डैम गए, जहां सुपारी किलर भी मौजूद थे। बालम ने यहां भूगेंद्र से उसके घर चलने की जिद्द की। चारों टांडा जंगल के रास्ते बिठौरिया के लिए निकल पड़े। बीच जंगल में पहुंचने पर बालम ने एक मोटा डंडा उठा लिया और पीछे से भूगेंद्र के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों मौके से फरार हो गए। अगले दिन भूगेंद्र के बेटे करन ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंच कर शव की शिनाख्त की और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपियों को जुतियालखत्ता टांडा जंगल गूलरभोज रोड स्थित नादिया धाम मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्तों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया डंडा भी जंगल से बरामद कर लिया गया।

### घरेलू संबंध के बावजूद रचा षड्यंत्र

**हल्द्वानी :** भूगेंद्र की पत्नी के गांव का होने के चलते बालम और भूगेंद्र के परिवारों के घरेलू संबंध थे। बावजूद इसके उसने षड्यंत्र भूगेंद्र की बेरहमी से हत्या कर दी। बालम ने जिस गूलरभोज के जिस डैम पर भूगेंद्र को बुलाया, वहां अक्सर पार्टी होती रहती थी। घटना के रोज भी भूगेंद्र को वहीं बुलाया गया था। वहां पहले शराब पार्टी हुई और फिर जंगल में कत्ल कर दिया। इस मामले में पुलिस को अभी एक मोटर साइकिल और स्कूटी की तलाश है। बताया जाता है कि मोटर साइकिल हत्यारोपी बालम की है, जबकि स्कूटी से भूगेंद्र, बालम के पास पहुंचा था।

### 10 लोगों की टीम ने 5 दिन में की गिरफ्तारी

**हल्द्वानी :** हत्या के खुलासे के लिए 10 लोगों की टीम बनाई गई थी। टीम ने 13 जून से विधिवत हत्यारोपियों की तलाश शुरू की और महज 5 दिन के भीतर मय सुबूत के उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में कोतवाल राजेश कुमार यादव, एसएसआई महेन्द्र प्रसाद, टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार, हेड कांस्टेबल इसरार नबी, दिगम्बर सनवाल, धीरेन्द्र सिंह अधिकारी, दिनेश नगरकोटी, अनिल टम्टा, अनिल गिरी व प्रदीप सिंह थे।

### पहचान छुपाने को मारने के बाद किया नंगा

**हल्द्वानी :** हत्यारापियों की सोच थी कि जंगल में किसी का आना-जाना नहीं होता इसलिए लाश पड़े-पड़े सड़ जाएगी। ऐसे में न तो शव की पहचान हो पाएगी और न ही वो पकड़े जाएंगे। षड्यंत्र को पुख्ता करने के लिए कातिलों ने कत्ल के बाद भूगेंद्र के शरीर पर मौजूद सभी कपड़े उतार लिए और शव को दूर जंगल में फेंक दिए। जिस डंडे से हत्या की उसे कपड़ों से कुछ और दूरी पर फेंका। घटना की सूचना पर जब पुलिस पहुंची तो शरीर पर सिर्फ अंडरवियर था।

# सातताल में पक्षियों का शिकार, पर्यटक पकड़ा

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** रिजर्व फॉरेस्ट सातताल के जंगल में एयर पिस्टल से पक्षियों का शिकार करने का मामला सामने आया है। वन विभाग की टीम ने इलाहाबाद निवासी एक पर्यटक को हिरासत में ले लिया है।

स्थानीय व्यापारियों और निवासियों के मुताबिक, मंगलवार दोपहर कुछ लोग जंगल में घुस आए। इनमें से एक युवक उड़ती हुई चिड़ियों का एयर पिस्टल से शिकार करने लगा। यह परिवार इलाहाबाद से आना बताया गया। शोर आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उक्त परिवार को घेर लिया।

इस दौरान परिवार के एक व्यक्ति ने बताया कि शौक के तौर पर वह शिकार कर रहे हैं, जिस पर स्थानीय लोग भड़क गए। उन्होंने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना की जानकारी वन विभाग को दी गई। क्षेत्र के गाइड, पशु-पक्षी प्रेमी व स्थानीय व्यापारी कारोबारी समेत कई लोगों ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग शुरू कर दी।





### इन्होंने यह कहा

बर्ड वॉचर विक्रम कंडारी ने कहा कि सातताल का जंगल वन्य जीव जंतु व पशु-पक्षियों से भरा हुआ है। जो शिकार कर रहा है उस पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए। वहीं, बटर फ्लाई शोध संस्थान के निदेशक पीटर स्मैटाचैक ने कहा कि, शिकार तो गैर कानूनी है। सातताल रिजर्व फॉरेस्ट है। वाइल्डलाइफ प्रोटक्शन एक्ट के अंतर्गत लगभग सभी भारतीय पक्षी प्रोटेक्ट हैं।

वन क्षेत्राधिकारी विजय मलकानी ने बताया कि विभाग की टीम ने गरुण ताल के समीप पर्यटक अमित सैमुअल पुत्र मौरिस गिड़िया सैमुअल निवासी नैनी इलाहाबाद यूपी को संरक्षित प्रजाति के पक्षी स्पॉटेड डव पक्षी का शिकार करने पर हिरासत में लिया है। उसके खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया है। आरोपी को बुधवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# दुष्कर्म का आरोपी खुद पहुंचा थाने, गिरफ्तार

- शादीशुदा आरोपी ने प्यार का झांसा देकर बुलाया था होटल
- बीवी को तलाक देकर नाबालिग से शादी करने का दिया था भरोसा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अपने ही गांव की नाबालिग लड़की को प्यार के जाल में फंसाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी पर बनभूलपुरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। इधर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी कि मुकदमें की जानकारी होने पर आरोपी खुद ही थाने में हाजिर हो गया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। बताया जाता है कि आरोपी आर्मी का जवान है और पहले से शादीशुदा है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी पिथौरागढ़ जिले का रहने वाला है और शादीशुदा है। आरोपी के गांव की 17 साल की एक लड़की मुखानी थाना क्षेत्र में अपनी बुआ के घर रहती है। युवक ने नाबालिग लड़की को प्यार के जाल में फंसा झांसा दिया कि वह अपनी पत्नी को तलाक देकर उससे शादी कर लेगा। इस बीच उसने लड़की को बनभूलपुरा स्थित एक होटल में बुलाया, जहां उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया गया। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था। थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि आरोपी पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है, जिस पर उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया।

# नोटिस निरस्तीकरण की मांग पर एसडीएम दफ्तर में गरजे लोग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



बरसाती नाले पर अतिक्रमण के नाम पर दिए नोटिसों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस नेता ललित जोशी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन की ओर से ध्वस्तीकरण नोटिस के विरोध में काठगोदाम समेत विभिन्न आवासीय क्षेत्रों के दर्जनों लोगों ने एसडीएम कोर्ट में प्रदर्शन किया। फिर उन्होंने पुनर्नियोजन की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को , आवास विकास, सुभाष नगर, लालडांट, काठगोदाम के दर्जनों लोग एसडीएम कोर्ट पहुंचे। यहां उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर कहा कि इन क्षेत्रों में प्रशासन ने देवखड़ी व रकसिया नाले पर अतिक्रमण के नाम पर नोटिस दिए गए हैं। इन नोटिस से लगभग 20 हजार लोग प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि पानी निकासी के लिए पूर्व में करोड़ों रुपये खर्च कर नालों को गहरा किया गया था लेकिन यह उपाय भी कारगर नहीं रहा। अब कमजोर व मध्यम वर्ग के लोगों के घरों को अतिक्रमण बताते हुए नोटिस थमाए गए हैं। इससे इन क्षेत्रों की 50 प्रतिशत से अधिक आबादी प्रभावित होगी। जबकि इस समस्या का हल नाले की दिशा परिवर्तन से भी हो सकता है। कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी ललित जोशी ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से जारी नोटिसों को निरस्त करते हुए बुलडोजर कल्चर को बंद करना चाहिए। साथ ही पानी निकासी की समस्या के लिए पुनर्नियोजन किया जाए। इस दौरान जया कर्नाटक, दीप चंद्र पाठक, पार्षद मुकुल बल्यूटिया, चंद्रशेखर जोशी, नीमा, शांति, मीना, जानकी आर्या, पुष्पा तिवारी आदि मौजूद रहे।



कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत को ज्ञापन सौंपते क्षेत्रवासी। ● अमृत विचार

### आयुक्त ने जांच के बाद ही कार्यवाही का दिया आश्वासन

**हल्द्वानी :** प्रशासन की ओर से देवखड़ी नाले के अतिक्रमण को लेकर जारी नोटिसों के विरोध में जनता ने कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत से गुहार लगाई। आयुक्त ने मामले की जांच का आश्वासन दिया। मंगलवार को आवास विकास, सुभाष नगर क्षेत्रवासियों के प्रतिनिधि मंडल ने आयुक्त दीपक रावत को नैनीताल कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने कहा कि उनका आशियाना टूट गया तो दिक्कत बढ़ जाएगी। इस पर आयुक्त रावत ने कहा कि नाला चौड़ीकरण के लिए किसी का घर नहीं तोड़ा जाएगा हालांकि अगर नाले के ऊपर किसी ने अतिक्रमण किया है इसकी जांच अवश्य होगी। जिन्होंने नाला ब्लॉक या अतिक्रमण किया उन पर कार्यवाही होगी। अभी जांच की जाएगी। हेमा भट्ट, मधुकर बनौला, धीरज जोशी, बृजेश बिष्ट, गोपाल भट्ट, हरीश पांडे रहे।

**सख्ती** बीपीपीआई द्वारा अनुबंध के नियमों के तहत जन औषधि केंद्र का नहीं किया जा रहा था संचालन

# बीपीपीआई से अनुबंध तोड़ेगा मेडिकल कॉलेज

संवाददाता, हल्द्वानी




**18** सितंबर को समाप्त हो रहा है अनुबंध


**अमृत विचार:** मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी, बीपीपीआई (ब्यूरो ऑफ फार्मा पीएसयूए ऑफ इंडिया, नई दिल्ली) के साथ किए गए अनुबंध को आगे जारी रखने के मूड में नहीं है। मेडिकल कॉलेज के अधीन डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में बीपीपीआई का जन औषधि केंद्र संचालित हो रहा था लेकिन इसका संचालन अनुबंध की शर्तों के आधार पर नहीं होने से अब अनुबंध खटाई में पड़ता जा रहा है।

एसटीएच के अंदर मरीजों को सस्ती व अच्छी दवाएं देने के उद्देश्य से मेडिकल कॉलेज ने बीपीपीआई के साथ 19 सितंबर 2020 को अनुबंध किया था। जिसके तहत एसटीएच के अंदर बीपीपीआई को जन औषधि केंद्र खोलने के लिए जगह उपलब्ध कराई गई। अनुबंध में तय हुआ कि जन औषधि केंद्र का संचालन 24 घंटे और सप्ताह में सातों दिन किया जाएगा। धूमधाम के साथ जन औषधि केंद्र को खोल दिया गया लेकिन इसका संचालन सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक के लिए ही किया गया। पहले तो प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने कई बार जन औषधि केंद्र संचालक को नियम के तहत इसका संचालन के करने के लिए कहा लेकिन बात नहीं मानी गई।

बाद में प्राचार्य ने इसकी शिकायत सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी से की। उन्होंने भी केंद्र संचालक को 24 घंटे जन औषधि केंद्र खोलने का आदेश दिया। उस समय जन औषधि केंद्र संचालक ने कहा कि स्टाफ को बढ़ाया जा रहा है, उसके बाद इसका संचालन 24 घंटे कर दिया जाएगा लेकिन कई माह बीतने के बाद भी ऐसा नहीं हुआ। जन औषधि केंद्र बंद होने के बाद मरीज को बाहर से महंगी दवाएं खरीदनी पड़ रहीं हैं। अब प्राचार्य डॉ. जोशी ने सीधे बीपीपीआई के सीईओ को पत्र भेजा है और कहा है कि आपने नियमों के तहत जन औषधि केंद्र का संचालन नहीं किया है। इसलिए 18 सितंबर को आपके साथ समाप्त होने वाले अनुबंध को आगे बढ़ाना संभव नहीं होगा।

### क्या है बीपीपीआई

**हल्द्वानी :** ब्यूरो ऑफ फार्मा पीएसयू ऑफ इंडिया (बीपीपीआई) भारत सरकार के फार्मास्युटिकल्स विभाग के तहत एक संगठन है। बीपीपीआई की स्थापना 1 दिसंबर 2008 को हुई थी और इसका उद्देश्य देश में जेनेरिक दवाओं के विपणन और वितरण को बढ़ावा देना है। बीपीपीआई यह सुनिश्चित करता है कि जेनेरिक दवाएं जन औषधि केंद्रों के माध्यम से उचित मूल्य पर उपलब्ध हों।



"अस्पताल में जन औषधि केंद्र के संचालन के लिए बीपीपीआई को जगह भी उपलब्ध कराई गई, जिससे मरीजों को कम दाम पर दवाएं मिल सकें। इसका संचालन 24 घंटे होना था लेकिन कोशिश करने के बाद भी बात नहीं मानी गई। -**डॉ. अरुण जोशी**, प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी

## बच्ची के अपहरण के प्रयास का आरोपी दबोचा

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक युवक ने 5 साल की बच्ची को अगवा करने की कोशिश की। घटना को उस वक्त अंजाम दिया गया, जब बच्ची पड़ोसी के घर खेलने गई थी। अपहरण की नाकाम कोशिश करने के आरोपी को बनभूलपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

नई मस्जिद आस्ताना मस्जिद के पास रहने वाले आबिद अहमद पुत्र अकील अहमद की 5 साल की बेटी अमायरा बीती 13 जून को घर से कुछ दूर दूसरी बच्ची के घर खेलने गई थी। अमायरा के घर के पास ही इंदिरानगर छोटी लाइन निवासी अरबाज उर्फ गोलू बैठा था। बच्ची को देखते ही वह उसके पीछे लग गया और उस घर तक पहुंच गया। यहां से उसने बच्ची को अगवा करने की कोशिश की, लेकिन लोगों की सतर्कता के चलते वह नाकाम रहा। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

# मेडिकल कॉलेज में साक्षात्कार देने के लिए पहुंचे 43 चिकित्सक

- दंत रोग विभाग के लिए मंगलवार को हुए साक्षात्कार
- सीनियर रेजीडेंट व जूनियर रेजीडेंट की नियुक्ति का मामला

संवाददाता, हल्द्वानी



मेडिकल कॉलेज में साक्षात्कार देती महिला डॉक्टर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कॉलेज में सीनियर रेजीडेंट व जूनियर रेजीडेंट के पदों की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार हुआ। साक्षात्कार के बाद अब डॉक्टरों का चयन परिणाम घोषित किया जाएगा।

दंत रोग विभाग में सीनियर रेजीडेंट, माइक्रोबायोलॉजी विभाग में ट्यूटर, डिमोंसट्रेटर, सीनियर रेजीडेंट व क्लीनिकल विभागों के लिए जूनियर रेजीडेंट पदों की नियुक्ति होनी है। मंगलवार को विभिन्न शहरों से आये प्रतिभागियों ने साक्षात्कार में प्रतिभाग किया। दंत रोग विभाग के लिए 23 डॉक्टरों ने सीनियर रेजीडेंट के लिए साक्षात्कार दिया।

वहीं 20 डॉक्टरों ने जूनियर रेजीडेंट के लिए साक्षात्कार दिया। चयन समिति में राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी व दंत रोग विभाग के डॉ. विराज श्रीवास्तव शामिल थे। डॉ. जोशी ने बताया कि आज विभिन्न राज्यों से आये प्रतिभागियों ने साक्षात्कार में प्रतिभाग किया। उन्होंने आशा जताई कि राजकीय मेडिकल कॉलेज में जूनियर रेजीडेंट की कमी दूर होगी व मरीजों को इसका लाभ मिलेगा।

## सार-संक्षेप



कोतवाल को ज्ञापन देते युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### बिगड़ती कानून व्यवस्था पर युवा कांग्रेस मुखर

**रामनगर :** बिगड़ती कानून व्यवस्था के मुद्दे को लेकर युवा कांग्रेस ने मंगलवार को कोतवाल अरुण सैनी को ज्ञापन दिया। संगठन के जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी ने कहा कि शहर की कानून व्यवस्था दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। यहां पर आपसी गुटों में लड़ाई हो रही हैं। हत्या की घटनाएं भी आम हो गई हैं। इससे लोगों में दहशत का माहौल हैं। कहा कि बदमाशों के मन में पुलिस का खौफ भी नहीं है। कार्यकर्ताओं ने कानून व्यवस्था में सुधार कराए जाने की मांग की है। चेतावनी दी कि यदि अपराधियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में सचिन कुमार आर्य, सभासद लोकेश पांडेय, पूर्व छात्र संघ कोषाध्यक्ष आशु रावत, सोनू करीम सभासद, ललित कड़ाकोटी अध्यक्ष छात्र संघ, पवन कुमार व मयंक जोशी आदि शामिल रहे।



कार्यक्रम में सम्मानित किए गए खिलाड़ी व मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

### कार्यक्रम में 10 खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**कालाढूंगी :** ओलंपिक दिवस पर खेल मैदान में क्षेत्र के 10 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इससे पहले रन फॉर ओलंपिक आयोजित की गई।

मंगलवार को खेल मैदान में जिला खेल अधिकारी निर्मला पंत ने खिलाड़ियों को फिट एवं गहन प्रशिक्षण प्राप्त कर राज्य व देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। खेल विभाग की ओर से नमिता, शगुन, निहारिका, अक्षत गुप्ता, ओवैस रजा, उक्षिता, अजय सैनी, राजेश बिष्ट, रजत कुमटीया व मनमोहन बसेडा को सम्मानित किया गया। खेल प्रशिक्षक राजेंद्र सिंह नेगी ने बताया ओलंपिक दिवस के अवसर पर दस खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप टी-शर्ट व टोपी दी गई। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय धावक सुरेश पांडे, वॉलीबॉल कोच श्याम भट्ट, तनुजा आर्य बास्केटबॉल कोच, अंकुश रौतेला साइकिलिंग कोच, मनीष वर्मा कबड्डी कोच, मनमोहन बसेरा खो-खो फेडरेशन के कोच, अजय सैनी, कमलेश रावत व निलेश कुमटिया मौजूद रहे।

### चाय वाले से पांच हजार रुपए लूटने का आरोप

**रामनगर :** रानीखेत रोड पर चाय बेचने वाले एक युवक ने कुछ लोगों पर हथियार के बल पर डरा धमकाकर उससे पांच हजार रुपये लूटने का आरोप लगाया है। मोनू पुत्र मोहम्मद अय्यूब निवासी बम्बाघेर का आरोप है कि सोमवार रात्रि एक वाहन में आए पांच लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि एक व्यक्ति ने उसके सिर पर बंदूक रखकर गल्ले से पांच हजार रुपये लूट लिए। इस दौरान आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में कार चालक की मौत, तीन गंभीर घायल

## चिल्किया चौराहे के पास हुआ हादसा, अज्ञात वाहन ने कार को मारी टक्कर, अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे कार सवार, घायल हायर सेंटर रेफर

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** चिल्किया चौराहे के पास सड़क हादसे में कार चालक की मौत हो गई, जबकि महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे नेशनल हाईवे 309 पर हुआ। यहां एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने कार में टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। कार में सवार सभी लोग दिल्ली से अल्मोड़ा जिले के चौखुटिया के लिए निकले थे। सभी चौखुटिया निवासी विक्रम सिंह के पिता के निधन के बाद उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। जानकारी के अनुसार विक्रम सिंह ने अपने परिवार के लिए दिल्ली से कार बुक की थी। कार में उनके साथ उनकी बहन सुनीता और रिश्तेदार जगत सिंह भी सवार थे।



नरेंद्र सिंह। (फाइल फोटो)

दुर्घटना में कार चालक नरेंद्र सिंह निवासी गैरसैंण की मृत्यु हो गई। गंभीर रूप से घायल विक्रम सिंह, सुनीता और जगत सिंह को रामनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

पुलिस ने मृतक चालक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने और चश्मदीदों से पूछताछ के आधार पर आरोपी चालक और वाहन की तलाश कर रही है।

# अनियंत्रित होकर टेंपो पलटा, 13 श्रद्धालु घायल

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** गिरिजा मंदिर दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं का टेंपो गिरिजा पुलिस चौकी के समीप पलट गया। हादसे में 13 श्रद्धालु घायल हो गए। इनका रामनगर के अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने टेंपो चालक को हिरासत में ले लिया है।

एसएसआई मनोज नयाल ने बताया कि मुरादाबाद के हरथला से श्रद्धालु गिरिजा मंदिर में दर्शन करने आए थे। मंगलवार सुबह छह बजे वह मुरादाबाद से ट्रेन से रामनगर पहुंचे। सभी टेंपो में सवार हो गए। पुलिस चौकी के पास रपटे पर अनियंत्रित होकर टेंपो पलट गया। दुर्घटना में 45 वर्षीय अजय सिंह, 20 वर्षीय हिमांशु, 35 वर्षीय विशाल, 40 वर्षीय मंजू, 38 वर्षीय निशा, 50 वर्षीय संतोष देवी, 26 वर्षीय अन्नू और छोटे बच्चे घायल हो गए। रामनगर से गिरिजा मंदिर को जाने वाली ई रिक्शा हो या टेंपो में मानकों से अधिक सवारी भरी जाती हैं। टेंपो पलटने की यह कोई पहली घटना नहीं है। यदि इस दिशा में त्वरित ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में बड़ा हादसा हों में देर नहीं लगेगी।



रामनगर के अस्पताल में भर्ती घायल महिला। ● अमृत विचार



महिला का उपचार करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

### खेत में गिरा मोटर पैराग्लाइडर, हादसा टला

**रामनगर :** ग्राम छोई में एक बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बच गया। एक मोटर पैराग्लाइडर अचानक तकनीकी खराबी के चलते अनियंत्रित होकर एक खेत में गिर गया। हादसा शाम करीब 5 बजे के आसपास हुआ। पैराग्लाइडर में सवार दोनों लोग सुरक्षित हैं। हालांकि उन्हें हल्की चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार, हादसे की वजह तकनीकी खराबी मानी जा रही है। मौके पर मौजूद विशेषज्ञों ने बताया कि उड़ान के दौरान मोटर पैराग्लाइडर के इंजन में खराबी आ गई थी। गौरतलब है कि रामनगर क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों के तहत पैराग्लाइडिंग और अन्य साहसिक खेलों का संचालन किया जाता है। हालांकि इस तरह की गतिविधियों में सुरक्षा मानकों का ध्यान न रखा जाना बड़ा सवाल खड़ा करता है।

# आग में झोपड़ी जलकर खाक, लाखों का नुकसान

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** रामनगर के ग्राम पूछड़ी इलाके में एक झोपड़ी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और झोपड़ी में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

मंगलवार की सुबह के समय झोपड़ी से अचानक धुआं और आग की लपटें उठने लगी। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू किया। इस अग्निकांड में गांव के रहने वाले बृजपाल की झोपड़ी पूरी तरह जलकर खाक हो गई। इसमें रखा घरेलू सामान, अनाज, कपड़े और अन्य जरूरी वस्तुएं भी आग की चपेट में आ गईं।



गाम पूछड़ी में आग से जलती झोपड़ी।

- दमकल विभाग की टीम ने आग पर किया काबू

रामनगर फायर स्टेशन के स्टेशन ऑफिसर सुशील कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है। इस घटना में पीड़ित बृजपाल को करीब ढाई से तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है। इसके बाद ही नियमानुसार मुआवजे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए निकाला जुलूस

- स्वास्थ्य मंत्री को भेजा गया नौ सूत्रीय मांग पत्र

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी और खिदमत ए मुआसरा के अध्यक्ष जिशान कुरैशी के नेतृत्व में संयुक्त रूप से विभिन्न संगठनों के लोगों ने स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए मशाल जुलूस निकाला। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की गई।

यह मशाल जुलूस शहीद पार्क लखनपुर से शहीद भगत सिंह चौक भवानीगंज तक निकाला गया। करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी और खिदमत ए मुआसरा के अध्यक्ष जिशान कुरैशी ने कहा कि रामनगर के सरकारी अस्पताल का हाल बेहद खराब है। लगातार मरीजों को रेफर किया जा रहा है। इस दौरान अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के साथ ही अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती, पैथोलॉजी की सभी जांच अस्पताल में कराए जाने, एक्सरा एवं अल्ट्रासाउंड की सुविधा देने समेत नौ सूत्रीय मांग पत्र स्वास्थ्य मंत्री को भेजा गया। मशाल यात्रा के माध्यम से सरकार को चेतावनी दी गई है कि यदि उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो उग्र आंदोलन करने के साथ ही आमरण अनशन किया जाएगा। इस दौरान हरीश प्रकाश, नमन अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुभाष, समीर खान, अखलाफ सैफी, फैजान, मोनू, इमरान सिद्दीकी, असलम, लईफ और हसन आदि शामिल रहे।



रामनगर में मशाल जुलूस निकालते संगठन के सदस्य। ● अमृत विचार

# जंगल में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** धारी में एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। हालांकि अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हुई है। मझेला वन पंचायत जंगल में एक व्यक्ति के बेसुध हालत में पड़े होने सूचना मुक्तेश्वर पुलिस को ग्रामीणों ने दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस व्यक्ति को सीएचसी पदमपुरी लेकर गई। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया।

उसके बाद शव हल्द्वानी पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। उधर इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रमोद साह ने बताया कि मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि व्यक्ति के बारे में आसपास के क्षेत्रों से जानकारी जुटाई जा रही है।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# प्रचार के अभाव में महिला सारथी योजना हुई ठप

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार की ओर से शुरू की गई महिला सारथी योजना नैनीताल जिले में ठप पड़ी है। इस प्रमुख वजह योजना के लिए प्रचार-प्रसार का अभाव भी है। योजना के अंतर्गत 50 प्रतिशत सब्सिडी पर बाइक, स्कूटी और ऑटो प्रदान किए जाने थे। जमीनी हकीकत यह है कि अब तक जिले की किसी भी महिला को इसका लाभ नहीं मिल पाया है।

पहले चरण में देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर और नैनीताल जिलों को शामिल किया गया था। सरकार का लक्ष्य 200 महिलाओं को लाभांवित करना था। करीब 30 महिलाएं नैनीताल जिले से चुनी जानी थीं, लेकिन अब तक किसी भी महिला को इसका लाभ नहीं मिला है। महिलाओं को वाहन की कुल लागत का 50 प्रतिशत अनुदान, शेष 50 प्रतिशत पर ऋण, निःशुल्क ड्राइविंग प्रशिक्षण और ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध कराना था। हालांकि न तो कोई वाहन वितरित किया गया है, और न ही प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुए हैं। इसके अलावा योजना का प्रचार-प्रसार भी न के बराबर हुआ है। महिला एवं बाल विकास अधिकारी अनुलेखा बिष्ट ने बताया कि नैनीताल में अब तक इस योजना के बारे में अधिकांश महिलाओं को जानकारी नहीं है। यही कारण है कि नैनीताल में आवेदन नहीं आए। विभागीय स्तर पर इसके प्रचार-प्रसार के कार्य किए जा रहे हैं। शीघ्र ही महिलाओं को योजना का लाभ दिया जाएगा।

# कालाढूंगी में उप कृषि मंडी खोले जाने का उठाया मुद्दा

- उत्तराखंड मंडी परिषद के अध्यक्ष को दिया ज्ञापन

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** नगर में उप कृषि मंडी खोले जाने की मांग को लेकर मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ता मयंक गुप्ता के नेतृत्व में क्षेत्रीय युवाओं ने उत्तराखंड मंडी परिषद अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मयंक गुप्ता ने बताया कि कालाढूंगी उप मंडी के लिए सीएम ने भी घोषणा की है। लंबे समय से कृषि मंडी की मांग को लेकर किसान संघर्षरत है। मंडी के अभाव में स्थानीय किसान बाजार में व्यापारियों को कम दाम में अपनी उपज बेचने को मजबूर है। जिससे किसानों का आर्थिक शोषण होता है। बताया कि कोटाबाग ब्लॉक के पर्वतीय व मैदानी क्षेत्र सब्जी, फसल व दालों की बंपर पैदावार होती है, लेकिन मंडी के अभाव में उन्हें फसलों व सब्जियों का उचित दाम नहीं मिल पाता है। मंडी परिषद अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू ने मामले का संज्ञान में लेते हुए उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा को दूरभाष पर उपमंडी के लिए भूमि चयनित करने कहा। उन्होंने बताया कि जल्द ही कालाढूंगी में भूमि चयनित कर उप मंडी स्थापित की जाएगी। इस दौरान गोविंद पांडे, रितिक गोस्वामी व पंकज पडेलिया आदि मौजूद रहे।



मंडी परिषद के अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू को ज्ञापन देते मयंक गुप्ता व अन्य।

दी जानकारी | नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर रामनगर में आयोजित हुआ कार्यक्रम


# केंद्र सरकार की उपलब्धियों का बखान किया

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक दीवान सिंह बिष्ट एवं जिला प्रभारी राजेश कुमार ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्य विकसित भारत का आईना बन चुका है, जोकि निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो रहा है।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। मोदी सरकार के कार्यों को आमजन के सामने विस्तार से रखा गया। वक्ताओं ने कहा कि इन 11 वर्षों में भारत ने विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक स्तर पर सम्मान के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। साथ ही यह भी बताया गया कि किस प्रकार विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा, गरीब कल्याण और डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों के जरिए देश ने प्रगति की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक समूहों और व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया।

यह सम्मान उनके समाज हित में किए गए कार्यों की सराहना के रूप में दिया गया। कार्यक्रम में भगीरथ लाल चौधरी, मनीष अग्रवाल, नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती, राम भरोसे, दीप्ति रावत, अजय पाल, महामंत्री नवीन करगेती, सलभ मित्तल, अमित कुमार, राजेंद्र रावत, नीमा मठपाल, अंजना सुंदरियाल, ऋषभ अग्रवाल, ईशान अग्रवाल, अशोक गुप्ता, मनोज पांडे, भरत तिवाड़ी, प्रकाश जोशी, भावना भट्ट, सत्य प्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।





कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद विधायक दीवान सिंह बिष्ट व अन्य। ● अमृत विचार

### उत्कर्ष बने सशस्त्र पुलिस बल में असिस्टेंट कमांडेंट

**हल्द्वानी :** पीरूमदारा निवासी और प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रांतीय समिति के पदाधिकारी तथा नैनीताल जिले के अध्यक्ष मनोज तिवारी के पुत्र उत्कर्ष तिवारी ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल परीक्षा में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर चयनित होकर क्षेत्र और विभाग का नाम गौरवान्वित किया है। यूपीएससी द्वारा हाल ही में घोषित परिणामों में उत्कर्ष ने जनरल श्रेणी में देशभर में 207वीं रैंक प्राप्त की है। उत्कर्ष ने इंटरमीडिएट तक की शिक्षा काशीपुर से प्राप्त की और इसके पश्चात गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। उन्होंने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में अपने पहले ही प्रयास में सफलता अर्जित की है, जो उनके परिश्रम और लगन का प्रमाण है। बेटे की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर तिवारी परिवार में हर्ष का माहौल है।



## सार-संक्षेप


पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का फूल मालाओं से स्वागत करते कार्यकर्ता।

### भगत दा का जन्मदिन समरसता दिवस के रूप में मनाया

**हल्द्वानी :** पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का जन्मदिन मंगलवार को दमुवाढूंगा स्थित आंबेडकर पार्क में समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर अनुसूचित वर्ग के मेधावी छात्र-छात्राओं और विभिन्न सेवाओं से सेवानिवृत्त कर्मियों को सम्मानित किया गया। इसके बाद पूर्व राज्यपाल कोश्यारी ने दमुवाढूंगा निवासियों के साथ सहभोज में हिस्सा लिया और सामाजिक एकता व समरसता का संदेश दिया। इस अवसर जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मेयर गजराज बिष्ट, विधायक सरिता आर्या, प्रकाश रावत, चन्दन बिष्ट, दिनेश आर्या, शंकर कोरंगा, नीरज बिष्ट, आनंद दरम्वाल, मुकेश बोरा, प्रमोद तौलिया, विनोद मेहरा व महेश जोशी आदि लोग मौजूद रहे।


बकड़िया -नैथन मार्ग का लोकार्पण करते विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

### विधायक ने किया बकड़िया -नैथन मार्ग का लोकार्पण

**हल्द्वानी :** भाजपा विधायक राम सिंह कैड़ा ने मंगलवार को ओखलकांडा ब्लॉक के ककोड़ बकड़िया तक मोटर मार्ग का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि ककोड़ बकड़िया तक मार्ग का निर्माण पूर्व में करा दिया था लेकिन बकड़िया से नैथना की ओर लिंक मोटर मार्ग नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानियां होती थीं। मुख्यमार्ग तक ग्रामीणों को सामान घोड़ों या सिर पर रखकर लाना पड़ता था। ग्रामीणों ने विधायक कैड़ा से नैथना गांव के लिए लिंक मोटर मार्ग बनाने की मांग की थी। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए, मेरा गांव मेरी सड़क योजना में 70 लाख स्वीकृति कराकर मोटर मार्ग का निर्माण कराया गया। मंगलवार को उन्होंने मार्ग का लोकार्पण किया। ग्रामीणों ने विधायक कैड़ा का फूल माला पहनाकर आभार जताया।


मागों को लेकर ज्ञापन सौंपते मनरेगा कर्मचारी। ● अमृत विचार

### मनरेगा कर्मचारी 23 को करेंगे सीएम आवास कूच

**हल्द्वानी :** मनरेगा कर्मचारी संगठन अपनी मांगों को लेकर 23 जून को सीएम आवास कूच करने का निर्णय लिया है। इसे लेकर जिला संगठन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार को पत्र भी भेजा है। संगठन के पदाधिकारियों ने सरकार पर उनकी मांगों की अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि अन्य राज्यों जैसे राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में मनरेगा कार्मिकों के पद सृजित कर नियमित किया गया है। पदाधिकारियों ने उत्तराखंड में भी उसी नीति को अपनाते हुए मनरेगा कार्मिकों का समायोजन कर नियमितीकरण करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बीते 18 सालों से कार्यरत मनरेगा कार्मिकों के लिए प्रदेश सरकार कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है, तो मजबूर होकर 23 जून को कर्मचारी सीएम आवास कूच करेंगे।

# राज्य विद्यालय मानक प्राधिकरण तय करेगा शिक्षा व्यवस्था के मानक

## शिक्षा विभाग ने प्रस्ताव भेजा, सभी राजकीय और निजी स्कूलों पर लागू होंगे सख्त मानक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शिक्षा की गुणवत्ता और न्यूनतम मानकों के सख्त पालन को लेकर शिक्षा विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था को व्यवस्थित और समान बनाने के उद्देश्य से राज्य विद्यालय मानक प्राधिकरण के गठन का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।




प्रस्ताव में बताया गया है कि यह प्राधिकरण राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुरूप कार्य करेगा। इसका उद्देश्य सभी स्कूलों में शिक्षा के व्यावसायिक और गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करना है। यह स्वायत्त निकाय स्कूलों में सुरक्षा, आधारभूत संरचना, शिक्षक संख्या, विषयवार शिक्षण व्यवस्था और न्यूनतम सुविधाओं के मानक तय करेगा। ये मानक निजी और सरकारी दोनों प्रकार के स्कूलों पर लागू होंगे।



प्राधिकरण का नेतृत्व एक शिक्षाविद, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी या सेवानिवृत्त न्यायाधीश करेंगे, जिनका शिक्षा क्षेत्र में विशेष योगदान रहा हो। इसके अलावा इसमें महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा, निदेशक एससीईआरटी, सीबीएसई क्षेत्रीय निदेशक, आईसीएसई व निजी विद्यालयों के प्रतिनिधि, एनजीओ के विशेषज्ञ भी शामिल होंगे।

प्राधिकरण न केवल सिर्फ स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले विषय और फीस ढांचे को पारदर्शी बनाएगा, बल्कि निजी विद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों के वेतन को भी निर्धारित करेगा। प्राधिकरण की ओर से तय किए गए इन सभी मानकों का राजकीय और निजी स्कूलों को पालन करना होगा। अपर शिक्षा निदेशक पदमेंद्र सकलानी की ओर से जारी अधिकारिक जानकारी के मुताबिक विभाग की ओर से सीबीएसई, असम और पंजाब में गठित प्राधिकरण के अध्ययन के बाद शासन को इसके लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

### 21897 स्कूलों में तय होंगे न्यूनतम मानक

प्रदेश में निजी स्कूलों पर फीस में मनमानी बढ़ोत्तरी और जरूरी सुविधाओं की कमी के आरोप लगते रहे हैं। ऐसे में प्राधिकरण करीब 16501 सरकारी और 5396 निजी विद्यालयों में न्यूनतम मानक तय करेगा। मानक तय होने के बाद निजी स्कूलों की मनमानी पर रोकथाम लगाने में मदद मिलेगी।

# अनदेखी के खिलाफ पेंशनर्स ने मोर्चा खोला


बद्रीपुरा स्थित कार्यालय में बैठक करते उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के पदाधिकारी।

संवाददाता, हल्द्वानी

- बद्रीपुरा स्थित संघ भवन में आयोजित बैठक में सेवानिवृत्त कार्मिक समन्वय समिति का गठन

**अमृत विचार :** पेंशनर्स विरोधी नीतियों और लगातार हो रही अनदेखी के खिलाफ प्रदेश भर के पेंशनर्स ने मोर्चा खोल दिया है। ऑल इंडिया पेंशनर्स फेडरेशन के आह्वान पर 23 जून को हल्द्वानी से सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा।

इस अभियान को व्यापक बनाने के लिए मंगलवार को उत्तराखंड सेवानिवृत्त कार्मिक समन्वय समिति का गठन किया गया। ताकि राज्यभर के पेंशनर्स की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। बद्रीपुरा स्थित संघ भवन में आयोजित बैठक में सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स फोरम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पीसी जोशी की अध्यक्षता में यह निर्णय लिया गया। इस दौरान सभी संगठनों ने एकमत होकर सरकार से पेंशनर्स की मांगों को गंभीरता से लेने की अपील की है। इसके साथ ही चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याएं अनसुनी की गईं, तो आंदोलन को राज्यव्यापी रूप दिया जाएगा। बैठक में वीर सिंह बिष्ट, डिकरदेव जोशी, यतीश पंत, ललित लोहनी, पान सिंह मेहरा, लीलाधर पांडे, विजय तिवारी, रमेश चंद्र पांडे, जेसी पंतोला, नवीन कांडपाल और जेएस खोलिया सहित कई वरिष्ठ पेंशनर्स उपस्थित रहे।

## लीनेस सर्विस ने किया वीरांगना क्लब का गठन

**हल्द्वानी :** ऑल इंडिया लीनेस सर्विस ऑर्गेनाइजेशन जिला सुनंदा यूके-1 के तहत वीरांगना नए क्लब की स्थापना की गई। जिलाध्यक्ष नीरजा बोरा ने सभी पदाधिकारी और सदस्यों को शपथ दिलाई।

उन्होंने कहा कि इस क्लब का उद्देश्य सिर्फ सामाजिक कार्यों को उत्कृष्ट तरीके से करना है। वीरांगना क्लब की अध्यक्ष चंपा त्रिपाठी ने टीम के साथ सामाजिक कार्यों को करने का आश्वासन दिया। उपाध्यक्ष रूपम खन्ना, सचिव लीना शर्मा, कोषाध्यक्ष हेमलता वर्मा, जनसंपर्क अधिकारी मंजू वार्ष्णेय को बनाया गया। जबकि शशि सिंह, प्रीति तिवारी, रश्मि लोहानी, गरिमा काबरा, मीना जोशी, सुनीता उप्रेती, रश्मि गुप्ता, बबीता, मीना राणा को सदस्य बनाया गया। अंत में सभी को शपथ दिलाई गई। जिला कोषाध्यक्ष सीमा अग्रवाल ने सभी को बधाई दी। मेघा त्रिपाठी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## नेशनल कियो कराटे में बरखा ने जीता गोल्ड

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कियो कराटे नेशनल प्रतियोगिता में प्रदेश की टीम के लिए एकमात्र गोल्ड मेडल जीतने वाली बरखा लोहनी सहित जिले के अन्य प्रतिभागी खिलाड़ियों का मंगलवार को एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित कियो कराटे नेशनल प्रतियोगिता में जिले की 12 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें उत्तराखंड की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए हल्द्वानी की बरखा लोहनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के लिए एकमात्र गोल्ड मेडल जीता। उत्तराखंड के प्रमुख कोच विरेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश के कुल 32 राज्यों की टीम के 2 हजार खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जबकि प्रदेश की टीम से 113 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें राठौर स्पोर्ट्स एकेडमी की बालिका बरखा लोहनी ने अंडर-40 किग्रा श्रेणी में गोल्ड मेडल जीता। विरेंद्र ने बताया कि बरखा ने गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। इससे पहले राज्य स्तर में लगातार मेडल जीते हैं। राष्ट्रीय स्तर में पहली बार मेडल जीता है। इस दौरान नैनीताल कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंह किरौला, महासचिव राजेंद्र सिंह कत्यूरा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, चेतन भट्ट, पायल मेहता, आशा बिष्ट, निकिता आदि मौजूद रहे।


गोल्ड मेडल विजेता बरखा लोहनी का स्वागत करते हुए एसोसिएशन के पदाधिकारी।

# लिंटर गिरा, दो मजदूर घायल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुखानी थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स में लापरवाही की वजह से एक बड़ा हादसा हो गया। गनीमत रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। यहां ढीली बल्ली पर टिकी शटरिंग लिंटर डालते वक्त भरभरा कर जमीन पर आ गिरी और हादसे में दो मजदूर घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

यह घटना दोपहर करीब 3 बजे फतेहपुर में घटी। मुखानी थाने के एसआई मनोज सिंह ने बताया कि फतेहपुर में दो मंजिला कॉम्प्लेक्स का निर्माण चल रहा है। इस कॉम्प्लेक्स में मंगलवार को छज्जे का लिंटर डाला जा रहा था कि तभी लिंटर भरभरा कर जमीन पर गिर गया और शटरिंग पर लिंटर डाल रहे मीरगंज, बरेली उत्तर प्रदेश निवासी इकराम और जाहिद लिंटर के साथ नीचे आ गिरे। मौके पर मौजूद लोगों व अन्य मजदूरों ने मलबे में दबे मजदूरों को किसी तरह से बाहर निकाला। दोनों बुरी तरह लहूलुहान हो चुके थे। 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों को डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। मजदूरों के सिर, पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई। इधर, घटना की सूचना पाकर एसपी सिटी प्रकाश चंद्र भी मौके पर पहुंच गए। एसपी सिटी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल, निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स को सील करा दिया गया है।


कठघरिया में बन रही इमारत का लिंटर टूटने के बाद मौके पर मौजूद मजदूर।

# वार्ता के बाद माने सफाई कर्मचारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** लगातार 13 दिनों से चल रहा सफाई कर्मचारियों का धरना आखिरकार मंगलवार को स्थगित हो गया। नगर आयुक्त ऋचा सिंह के साथ मंगलवार को काफी देर तक चली वार्ता के बाद सफाई कर्मचारियों ने धरना स्थगित करने का निर्णय लिया।

देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री अमित कुमार के नेतृत्व में चल रहे अनिश्चित कालीन धरने के तहत मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों की नगर आयुक्त ऋचा सिंह, लेखाकार गणेश भट्ट, वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी मनोज कांडपाल, अधिष्ठान लिपिक कुंदन जोशी व कार्यालय अधीक्षक गिरीश भट्ट के साथ वार्ता हुई। सकारात्मक वार्ता के बाद नगर आयुक्त ने कर्मचारियों की मांगों को जायज ठहराया और मुख्य मांग अस्थाई कर्मचारियों के एक वर्ष के एरियर की पहली किस्त दीपावली से पूर्व और शेष छठे वेतन आयोग के ग्रांट के बाद भुगतान किए जाने पर सहमति बनी। नगर आयुक्त के आश्वासन के बाद उन्होंने आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया। अमित कुमार ने कहा यदि निगम प्रशासन वादाखिलाफी खिलाफी करता है तो फिर आंदोलन किया जाएगा। वार्ता में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय पाल, शाखा अध्यक्ष रवि चिंडालिया, शाखा सचिव श्याम बाबू, विश्वास, राजेश, विरेन्द्र, जयपाल, मुकेश, राजेश खन्ना, कैलाश बाबू, अलंकार आदि रहे।


नगर आयुक्त ऋचा सिंह से वार्ता करते सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार

### सफाई कर्मचारी संघ की प्रमुख मांगें

समस्त अस्थाई कर्मचारियों के रुके एक वर्ष के एरियर का भुगतान किया जाए, प्रभारी पर्यावरण पर्यवेक्षको की नियुक्ति वरिष्ठता व योग्यता के आधार पर हो, मोहल्ला स्वच्छता समिति भर्ती मे स्थायी व जरूरतमंदो को रखा जाए, समस्त अस्थाई कर्मचारियों को ईपीएफ का लाभ 2011 से दिया जाए।

## ग्रामीणों को सहकारिता की जानकारियां दीं

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है। इस वर्ष का मुख्य उद्देश्य सहकारी समितियों की भूमिका को वैश्विक स्तर पर उजागर करना व उनके विकास को बढ़ावा देना और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में उनके योगदान को रेखांकित करना है।

इसी क्रम में नाबार्ड की ओर से ज्योलीकोट में जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इसमें बहुद्देश्यीय साधन सहकारी समिति के सदस्यों, किसान उत्पादक संगठन के सदस्यों, किसानों एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के साथ बैठक की और विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड मुकेश बेलवाल, एलडीएम अजय वाजपेयी, हयात मेहता, संगीता आर्य, हरगोविंद रावत, शेखर भट्ट व पवन कुमार मौजूद रहे।

# अब नहीं होगी करंट लगने व ट्रिपिंग की समस्या

- एबीसी लाइन बिछने से चोरी और लो-वोल्टेज की समस्या होगी खत्म

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** ग्रामीण क्षेत्रों में अब उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज, बार-बार ट्रिपिंग और बिजली चोरी जैसी समस्याओं से राहत मिलने जा रही है। उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) ग्रामीण डिवीजन की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में एरियल बंच केबल (एबीसी लाइन) बिछाने का कार्य तेजी से जारी है। इस परियोजना के तहत कुल 43 किलोमीटर लंबाई तक एबीसी लाइन बिछाई जानी है, जिसमें से अब तक लगभग 15 किलोमीटर काम पूरा किया जा चुका है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार एबीसी केबल न सिर्फ बिजली की आपूर्ति को अधिक सुरक्षित बनाएगी, बल्कि पुराने ओवरहेड तारों की तुलना में यह तकनीक अधिक टिकाऊ और सुरक्षित है। एबीसी केबल एक आधुनिक तकनीक है जिसमें इंसुलेटेड तारों का उपयोग होता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि इससे बिजली चोरी नामुमकिन हो जाती है, साथ ही करंट फैलने की संभावना भी बेहद कम हो जाती है। यह तकनीक विशेष रूप से उन क्षेत्रों में कारगर साबित हो रही है, जहां पहले खुले तारों की वजह से दुर्घटनाएं और लाइन फॉल्ट की घटनाएं आम थीं।


एबीसी लाइन डालते हुए यूपीसीएल के कर्मचारी। ● अमृत विचार

### इन क्षेत्रों में बिछाई जा रही एबीसी लाइन

**हल्द्वानी :** इस योजना के पहले चरण में नीलियम कॉलोनी, छड़ायल, कमलुवागांजा, पीलीकोठी और कुसुमखेड़ा में एबीसी लाइन बिछाई जा रही है। इसके बाद अगले चरण में लगभग 20 किलोमीटर क्षेत्रफल में दमुवाढूंगा, धौलाखेड़ा और लालकुंआ को कवर किया जाएगा।

### मौसम का असर नहीं सेवा होगी सुचारु

एबीसी लाइनें बारिश, आंधी और तूफान जैसे मौसमीय प्रभावों को पारंपरिक तारों की तुलना में बेहतर ढंग से झेल सकती हैं। इससे बारिश या तूफान के दौरान आपूर्ति बाधित होने की घटनाओं में कमी आएगी। यूपीसीएल के ग्रामीण अधिशासी अभियंता बेगराज सिंह ने बताया कि इस परियोजना के पूरा होने के बाद ग्रामीण उपभोक्ताओं को स्थिर वोल्टेज, कम फॉल्ट और बेहतर बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा। साथ ही, लाइन लॉस में भी कमी आएगी, जिससे बिजली व्यवस्था आर्थिक रूप से भी मजबूत होगी।

# कुमाऊं विवि का 30 जून तक रिजल्ट जारी करने पर जोर

संवाददाता, हल्द्वानी

- 50 प्रतिशत से अधिक कॉपियों का हुआ मूल्यांकन

**अमृत विचार:** कुमाऊं विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में सत्र की अंतिम परीक्षाएं अपने अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। कल (गुरुवार) को अंतिम परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन ने 30 जून तक परीक्षा परिणाम घोषित करने की तैयारी तेज कर दी है, ताकि आगामी सत्र समय से शुरू कराया जा सके।

इस समय एमबीपीजी कॉलेज, महिला डिग्री कॉलेज, पीजी कॉलेज रामनगर सहित अन्य कॉलेजों में स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य जारी है।

कुलसचिव डॉ. एमएस मंद्रवाल ने बताया कि अब तक 50 प्रतिशत से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। विवि की ओर से सम सेमेस्टर की परीक्षाओं के परिणाम तय समयसीमा के भीतर घोषित करने पर पूरा जोर दिया जा रहा है। शैक्षणिक कैलेंडर में निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार, मूल्यांकन और परिणाम की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। विवि प्रशासन का लक्ष्य है कि सत्र में किसी भी प्रकार की देरी न हो और नया शैक्षणिक सत्र तय समय पर शुरू किया जा सके।

**खर्च के साथ बढ़ी चुनौती** | बारिश के बाद गौला नदी में सिल्ट आने से फिटकरी की खपत चार गुना बढ़ी, शुद्धिकरण में प्रतिदिन 1.36 लाख का आ रहा अतिरिक्त खर्च

# जल संस्थान : स्वच्छ पानी के लिए हर माह 54 लाख रुपये साफ

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर में पानी की सफाई करना इन दिनों जल संस्थान के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। गौला नदी के जल स्तर में भारी गिरावट और उसमें बढ़ती अशुद्धियों के कारण फिल्टर प्लांटों में पानी को साफ करने के लिए उपयोग की जाने वाली फिटकरी की खपत में चार गुना इजाफा हो गया है। इसका सीधा असर जल संस्थान की वित्तीय स्थिति पर पड़ रहा है।

सामान्य दिनों में जब पानी की गुणवत्ता ठीक रहती थी, तब प्रतिदिन औसतन 3024 किलो फिटकरी का उपयोग होता था,



जिस पर 45,360 खर्च आता था। इसमें 15 रुपये प्रति किलो की दर से फिटकरी पर खर्चा आता था। इन दिनों अप्रैल माह से ही बारिश शुरू हो गई है। मानसून के आने से पहले ही गौला नदी में कई बार उफान आया है। इस वजह से पानी के साथ सिल्ट भी आ रहा है। पानी से सिल्ट हटाने के लिए जल संस्थान का खर्चा बढ़ गया है। वर्तमान में प्रतिदिन 12,000 किलो फिटकरी पानी साफ करने के लिए इस्तेमाल करनी पड़ रही है। इस वजह से रोजाना 1,81,440 रुपये का खर्च हो रहा है। अब प्रतिदिन 1,36,080 रुपये की अतिरिक्त लागत संस्थान को वहन करनी पड़ रही है। मासिक गणना के अनुसार, अब पानी की सफाई पर कुल खर्च लगभग 54 लाख पहुंच गया है, जो सामान्य दिनों की तुलना में करीब चार गुना ज्यादा है। जल संस्थान के जेई सतीश बिष्ट ने बताया कि पहाड़ो में बारिश होने से गौला बैराज में सिल्ट आना शुरू हो चुका है, जिससे पानी की सफाई के लिए फिटकरी की खफत बढ़ गई है।

### फिल्टर प्लांटों में फिटकरी पर मासिक खर्च का विवरण

| फिल्टर प्लांट | क्षमता (एमएलडी) | प्रति घंटे ब्रिक | फिटकरी/घंटा | मासिक खपत (किलो) | मासिक खर्च (15/किलो) |
|---|---|---|---|---|---|
| प्लांट 1 | 6.5 | 4 | 84 किलो | 84×24×30= 60,480 | 9,07,200 |
| प्लांट 2 | 6.75 | 4 | 84 किलो | 60,480 | 9,07,200 |
| प्लांट 3 | 15 | 8 | 168 किलो | 168×24×30=1,20,960 | 18,14,400 |
| प्लांट 4 | 6.25 | 4 | 84 किलो | 60,480 | 9,07,200 |
| शीतलाहाट प्लांट | 3.5 | 4 | 84 किलो | 60,480 | 9,07,200 |
| कुल खर्च (मासिक) | — | — | — | 3,62,880 किलो | 54,43,200 |

### खर्चा चार गुना लेकिन पानी की आपूर्ति कम

**हल्द्वानी :** गौला नदी से हल्द्वानी शहर की 5 लाख की आबादी में से लगभग 2 लाख से ज्यादा लोगों को पानी की आपूर्ति की जाती है। इन दिनों फिल्टर प्लांट से शहर को 30 क्यूसेक पानी मिल रहा है। पानी को साफ करने में खर्च तो बढ़ा है लेकिन साफ पानी कम ही उपलब्ध हो रहा है।

# रुद्रपुर सिटी क्लब का होगा चुनाव, तिथियां घोषित

## पहले चरण में मेंबर निर्वाचित होंगे और उसके बाद सिटी क्लब पदाधिकारियों का चुनाव होगा, गाइडलाइन जारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**20** जून से नामांकन 22 जून को होगा मतदान

**546** सदस्य करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग, चुनाव रोमांचक रहने के आसार

**अमृत विचार:** शहर के रुद्रपुर सिटी क्लब के चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। रुद्रपुर सिटी क्लब का पदाधिकारी या फिर मेंबर बनने के लिए हर कोई जोर आजमाइस भी करता है। जिसको ध्यान में रखते हुए चुनाव अधिकारी ने नामांकन, मतदान की तिथियां घोषित कर दी हैं और नियमों की गाइडलाइन भी सार्वजनिक कर दी है। इसके बाद पहले चरण में मेंबर निर्वाचित होंगे और उसके बाद सिटी क्लब पदाधिकारियों का चुनाव होगा।

बताते चलें कि शहर का एकमात्र रुद्रपुर सिटी क्लब का निर्वाचन इलाके के लिए काफी रोमांचक और हलचल वाला होता है। कारण हर साल क्लब के चुनाव के लिए शहर के व्यापारी, संभ्रांत नागरिक और क्लब की सदस्यता प्राप्त मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। यदि क्लब सदस्यों की बात करें तो क्लब के 546 मतदाता हैं।

चुनाव अधिकारी अधिवक्ता बरीत सिंह ने गाइडलाइन जारी करते हुए बताया कि 20 जून को मुख्य सदस्यों के नामांकन सुबह 9 से 12 बजे, 12 से 1 बजे आपत्तियां व जांच और तीन से पांच बजे तक नाम वापसी होगी। इसके अलावा 22 जून को मतदान का समय सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे और शाम 5 बजे परिणाम घोषित होंगे। निर्वाचित सदस्यों की घोषणा के बाद निर्वाचित सदस्य ही सिटी क्लब कार्यकारिणी पदाधिकारी को निर्वाचित करेंगे।



रुद्रपुर सिटी क्लब। ● अमृत विचार

### 23 जून को होगा मुख्य पदाधिकारी का चयन

**रुद्रपुर** : 22 जून को रुद्रपुर सिटी क्लब के मुख्य सदस्यों के निर्वाचन के बाद 23 जून की सुबह 9 बजे सिटी क्लब कार्यकारिणी के तीन मुख्य पदों का नामांकन दोपहर 12 बजे तक होगा। 12 बजे से एक बजे तक आपत्तियां व जांच, एक बजे से दो बजे तक नाम वापसी, 4 बजे से 5 बजे तक मतदान और 5 बजे के बाद मतगणना व परिणाम घोषित किए जाएंगे। अब देखना यह है कि कौन सिटी क्लब कार्यकारिणी का सदस्य और किसके सिर पर मुख्य पदाधिकारी ताज बैठेगा। यह 23 जून को ही पता चलेगा।

### 11 में से 8 पदों पर होगा निर्वाचन

**रुद्रपुर** : रुद्रपुर सिटी क्लब कार्यकारिणी का निर्वाचन 8 पदों पर होगा। कारण 11 सदस्यीय कमेटी में से तीन पदेन सदस्य होते हैं। जिसमें कार्यकारिणी का अध्यक्ष जिलाधिकारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसएसपी और किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ पदेन पदाधिकारी के अलावा सदस्य होते हैं। इसके अलावा निर्वाचन प्रक्रिया उपाध्यक्ष, उप सचिव, कोषाध्यक्ष के अलावा पांच कार्यकारिणी सदस्य पर होगा यानी निर्वाचित सदस्य व पदेन सदस्य ही कार्यकारिणी के पदों पर अपना मतदान करेंगे। वहीं कार्यकारिणी दो साल तक सिटी क्लब पर अपना राज कर सकती है।



रुद्रपुर सिटी क्लब का निर्वाचन दो साल में होता है और चुनाव महत्वपूर्ण भी है। कारण क्लब का चुनाव वही लड़ सकता है जो तीन साल तक क्लब का सदस्य रहा होगा। इसके अलावा एक व्यक्ति एक ही पद पर चुनाव लड़ सकता है। प्रत्याशी को क्लब का नो ड्यूज देना अनिवार्य है। प्रत्याशी का एक प्रस्तावक या फिर अनुमोदक होगा। यही कारण है कि 12 बिंदुओं की गाइडलाइन को जारी कर दिया है। उसी के आधार पर रुद्रपुर सिटी क्लब कार्यकारिणी का चुनाव भी होगा। चुनाव पारदर्शी हो इसकी सारी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है।
**-बरित सिंह**, अधिवक्ता व चुनाव अधिकारी

# 10 वीं के 80 प्रतिशत अंक वाले मेधावी होंगे सम्मानित

- केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस और मीडिया पार्टनर अमृत विचार का विद्यार्थी सम्मान समारोह 19 को
- बीईओ ने प्रधानाचार्यों को बच्चों को समारोह में पहुंचाने को सुनिश्चित करने को कहा
- 12वीं के प्रथम और द्वितीय श्रेणी के बच्चे होंगे सम्मानित

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस और मीडिया पार्टनर अमृत विचार हल्द्वानी के तत्वावधान में आयोजित प्रतिभा विद्यार्थी सम्मान समारोह 19 जून को आयोजित किया जा रहा है। इसमें 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को सम्मान समारोह में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा है।

केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस और मीडिया पार्टनर अमृत विचार द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में 10वीं के 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित कर पास होने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं 12वीं के प्रथम और द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। केआईटीएम द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी को संस्था के उद्देश्यों से अवगत करते हुए उन्हें समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि




आमंत्रित किया गया है। बीईओ कुशवाहा ने विकास खंड के समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि संस्था के मानक के अंतर्गत आने वाले 10वीं और 12वीं के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को केआईटीएम और अमृत विचार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भेजना सुनिश्चित करें।

## एक नजर

### डेलीगेट्स का किया गया निर्वाचन

**काशीपुर** : उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन शाखा काशीपुर की आम सभा मंगलवार को बीआरसी में हुई। बैठक में पर्यवेक्षक अभिषेक चौहान की उपस्थिति और उनके निर्देशन में जिला निर्वाचन 2025 (उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन जनपद-ऊधम सिंह नगर) के लिये डेलीगेट्स के निर्वाचन का प्रस्ताव ब्लॉक मंत्री नागेश चौहान द्वारा रखा गया। बैठक में सर्वसम्मति से स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन जनपद ऊधम सिंह के निर्वाचन के लिये डेलीगेट्स का निर्वाचन किया गया। जिसमें ब्लॉक काशीपुर से 31 डेलीगेट्स का निर्वाचन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी ने की। इस मौके पर राजीव शर्मा, वेदपाल सिंह, मो. आरिफ सिद्दीकी, दिनेश शर्मा, अनिल शर्मा, अश्विनी शर्मा, जोगेन्द्र सिंह, रामकरण, सतीश चन्द्र, सतीश गौतम, मो. नसीम, विजेन्द्र सिंह, प्रदीप सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### ग्राम दियोहरी में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट

**बाजपुर** : आपसी बात को लेकर ग्राम दियोहरी में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई, जिसमें एक महिला के चोटें आई हैं। घायल को पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस चौकी बरहैनी के अंतर्गत ग्राम दियोहरी में सोमवार की देर सायं पड़ोसियों में आपसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिनमें गाली-गलौज के साथ ही बात बढ़ी तो मारपीट होने लगी। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया जिसमें सोनिया 50 पत्नी गोदपाल घायल हो गई। शोर सुनकर अन्य ग्रामीणों को के एकत्र होने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। वहीं घायल महिला को पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं घायल पक्ष की ओर से पुलिस चौकी बरहैनी में तहरीर दे दी है। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था।

# शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** एसबीआई बैंक के 70वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में हल्द्वानी रोड स्थित एक हाल में जवाहर लाल नेहरू जिला चिकित्सालय की ओर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन एसबीआई बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार ने किया। इस दौरान करीब 50 लोगों ने रक्तदान किया।



रक्तदान करते एसबीआई के कर्मचारी। ● अमृत विचार

मंगलवार को रक्तदान शिविर के दौरान एसबीआई बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार ने बताया कि स्टेट बैंक के 70वें स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान के लिए सभी को आगे आना चाहिए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर लोगों की मदद हो सके। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने वाले को एक प्रमाण पत्र भी दिया गया है।

इस मौके पर स्टेट बैंक मुख्य प्रबंधक निरुपमा शर्मा, नरेंद्र उकाई, प्रतिभा गुप्ता, प्रबंधक मानव संसाधन भुवन चंद्र चतुर्वेदी, आयोजक सोनी मेहरा, प्रबंधक मनीष भट्ट, उप प्रबंधक जगदीश धोनी, सहायक प्रबंधक लोकेश महतोलिया, जगजीवन सिंह, उप प्रबंधक सुमित रावत, वित्तीय समावेशन विभाग नरेंद्र सिंह, उप प्रबंधक वर्षा आर्य, छाया, सहायक प्रबंधक नरपत सिंह, दीक्षा दीपक सिंह, मनीषा कोली आदि मौजूद रहे।

# लंबित विवेचनाओं को जल्द निपटाने के निर्देश

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी संपन्न हुई। गोष्ठी में पिछले महीने दिए गए पुलिसिंग संबंधी निर्देशों की समीक्षा की गई। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

मंगलवार को नगर निगम सभागार में आयोजित गोष्ठी के दौरान एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से खुलकर उनकी व्यक्तिगत, पारिवारिक और अन्य प्रकार की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी की बातें सुनीं और बताई गई समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे पुलिस कर्मियों का मनोबल बना रहेगा और बिना किसी बाधा के अपनी ड्यूटी पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगा। इस दौरान एसएसपी ने पिछले महीने अपनी ड्यूटी के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 15 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गोष्ठी में एसएसपी ने कहा कि लंबित विवेचनाओं, मालों, अभियोगों और शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच को गुण-दोष के आधार पर जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई भी मामला अनावश्यक रूप से लंबित न रहे और पीड़ितों को समय पर न्याय सुनिश्चित हो। उन्होंने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने, नशे और साइबर अपराध से लोगों को बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने, बाहरी व्यक्तियों/किरायेदारों का अधिक से अधिक सत्यापन करने, भीड़भाड़ वाले और संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की गश्त, पिकेट और चीता ड्यूटियां लगाने, चेकिंग अभियान चलाकर शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने जैसे अन्य निर्देश दिए। वहां एसपी सीटी रुद्रपुर उत्तम सिंह नेगी, एएसपी काशीपुर अभय सिंह, एसपी क्राइम निहारिका तोमर, सीओ दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।


काशीपुर के नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

कार्यालय नगर पंचायत सुल्तानपुर, ऊधम सिंह नगर
E-mail ID- npsultanpur108@gmail.com/ Phone/Fax : 05947-225108
पत्रांक 237/न०पं०/ सो०यू०/2025-26 सार्वजनिक सूचना दिनांक : 13-06-2025
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत सुल्तानपुर को गृहकर नामान्तरण / दर्ज करने हेतु एक आवेदन प्राप्त हुआ है। जिनका विवरण निम्नवत् हैं।

| क्र० सं० | पुराने भवन स्वामी का नाम (विक्रेता) | नये भवन स्वामी का नाम (क्रेता) | भवन नामान्तरण का आधार | आवेदन के साथ संलग्न अभिलेख |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री कन्हईलाल पुत्र श्री मेवाराम, निवासी हसनपुर उत्तरी, पोस्ट रहमतगंज, तह० स्वार, जिला - रामपुर, उत्तरप्रदेश | श्रीमती नागवती पत्नी श्री स्व० कन्हईलाल निवासी, हसनपुर उत्तरी, पोस्ट रहमतगंज, तह० स्वार, जिला रामपुर, उत्तरप्रदेश | उत्तरजीवी प्रमाण पत्र | 1. आवेदन पत्र 2. प्रार्थी का शपथ पत्र 3. मृत्यु प्रमाण पत्र 4. उत्तरजीवी प्रमाण पत्र 5. अनापत्ति प्रत्र 6. आधार कार्ड 7. भवन का हस्तलिखित मानचित्र |

अतः समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता हैं। उपरोक्त भवन के गृहकर नामान्तरण/दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के जारी होने के तिथि से तीस दिन के अन्दर लिखित आपत्ति हो तो इस सूचना के जारी होने के तिथि से तीस दिन के अन्दर लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद समाप्ति पर प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष
नगर पंचायत सुल्तानपुर
ऊधम सिंह नगर

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि.
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण)
79 हीरा नगर, निकट उत्थान मंच, हल्द्वानी (नैनीताल)
E-mail: erddh@yahoo.co.in फोन : (05946) 292040 फैक्स : (05946) 298318
पत्रांकः 2114 / वि०वि०ख०ग्रा०(ह०) / ई निविदा सूचना दिनांक : 17/06/2025

| क्र० सं० | ई निविदा संख्या | सामग्री का नाम | निविदा प्रपत्र मूल्य जी०एस०टी० सहित (रू०) (बैंक ड्राफ्ट) | धरोहर धनराशि (रू० में) (एफडीआर/सीडीआर | निविदा क्रय करने हेतु अन्तिम तिथि एवं समय | ई निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | ई-निविदा भाग-1 खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ई०डी०डी०आर० (एच०)/ ई-निविदा 10/2025-26 | अनुरक्षण मद में विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण) हल्द्वानी के अन्तर्गत कमलुवागांजा उपखण्ड हेतु स्मार्ट लग एवं कनैक्टर की आपूर्ति का कार्य। | 295.00 | 19000.00 | 08-07-2025 (15 बजे तक) | 09-07-2025 (12:30 बजे तक) | 09-07-2025 (02:00 बजे) |
| 2. | ई०डी०डी०आर० (एच०)/ ई-निविदा 11/2025-26 | अनुरक्षण मद में विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अनतर्गत कमलुवागांजा उपखण्ड के कठघरिया उपसंस्थान हेतु 11 केवी ज्वांटिंग किट की आपूर्ति का कार्य। | 295.00 | 15500.00 | 08-07-2025 (15 बजे तक) | 09-07-2025 (12:30 बजे तक) | 09-07-2025 (02:00 बजे) |
| 3. | ई०डी०डी०आर० (एच०)/ ई-निविदा 12/2025-26 | अनुरक्षण मद में विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अन्तर्गत कमलुवागांजा उपखण्ड के बिठोरिया एवं ब्लाक फीडर हेतु एल०टी० बुसिंग रोड, टिन्ड कॉपर फ्यूज वायर, एच.टी. टैप, मैगर की आपूर्ति का कार्य। | 295.00 | 18500.00 | 08-07-2025 (15 बजे तक) | 09-07-2025 (12:30 बजे तक) | 09-07-2025 (02:00 बजे) |

कार्य की मदे एवं शर्ते विभागीय वैब साईट www.uktenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
"राष्ट्रहित में विद्युत बचाएं"
"विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ"
Customer Care Toll Free No. 1912
अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि.
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण)
79 हीरा नगर, निकट उत्थान मंच, हल्द्वानी (नैनीताल)
E-mail: erddh@yahoo.co.in फोन : (05946) 292040 फैक्स : (05946) 298318
पत्रांकः 2113 / वि०वि०ख०ग्रा०(ह०) / दिनांक : 17/06/2025
अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा जी०एस०टी०, ई०पी०एफ०, आयकर में पंजीकृत एवं विद्युत सुरक्षा निदेशालय में 'ए' श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी, प्रतिष्ठित ठेकेदारों / फर्मों से निम्न कार्यों हेतु मुहरबन्द निविदायें निर्धारित निविदा प्रारूप पर निविदा खुलने की तिथि को समय 3.00 अपरान्ह तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरकर्ता या उनके मनोनीत अधिकारी द्वारा खोली जायेंगी। निविदा के प्रथम भाग में धरोहर राशि जो एफ०डी०आर०/ सी०डी०आर०/एन०एस०सी० के रूप में होगी एवं अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण) के पदनाम प्रतिभूत होगी एवं आयकर एवं जी०एस०टी० पंजीकरण प्रमाणपत्र, विद्युत सुरक्षा निदेशालय का पंजीयन एवं सम्बन्धित प्रमाण पत्र। निविदा के भाग 2 निविदा की वैधता (रू० 10 के स्टाम्प पेपर पर) एवं दरें होगी। सशर्त एवं बिना धरोहर राशि के निविदा स्वीकार नहीं होगीं। निविदा सम्बन्धी विवरण क्रमानुसार पढ़ा जाय-क्रम सं०, कार्य का विवरण, धरोहर राशि, आपूर्ति का समय, निविदा सं० एवं निविदा प्रपत्र का शुल्क जी०एस०टी० सहित।
1. अनुरक्षण मद में विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अन्तर्गत टी०पी० नगर उपखण्ड के अन्तर्गत 33/11 केवी उपसंस्थान हेतु एलुमिनियम, स्पेसर, एल०टी०पी०वी०सी० टैप एच०टी० टैप इत्यादि की आपूर्ति का कार्य, रु० 9500.00. पैतालीस दिन (45 दिन), 13/2025-26. रु० 295.00 (कर सहित)।
2. प्रणाली सुधार मद में विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अन्तर्गत लालकुआ उपखण्ड के अन्तर्गत लालकुआं अनुभाग के अन्तर्गत क्षतिग्रस्त लाईन का मरम्मत एवं लम्बी दूरी के मध्य पोल स्थापित करना तथा मैचिंग मैटरियल की आपूर्ति का कार्य, रु० 18000.00, छः माह, 14/2025-26, रु० 590.00 (कर सहित)।
3. प्रणाली सुधार मद में विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अन्तर्गत लालकुआ उपखण्ड के अन्तर्गत धौलाखेडा अनुभाग के अन्तर्गत क्षतिग्रस्त लाईन का मरम्मत एवं लम्बी दूरी के मध्य पोल स्थापित करना तथा मैचिंग मैटरियल की आपूर्ति का कार्य, रु० 15500.00, छः माह, 15/2025-26, रु० 590.00 (कर सहित)।
4. अनुरक्षण मद में विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अन्तर्गत टी०पी० नगर उपखण्ड के अन्तर्गत 33/11 केवी उपसंस्थान, फूलचौड हेतु विभिन्न प्रकार की ज्वांटिक किट की आपूर्ति का कार्य, रु० 10000.00, पैतालीस दिन (45 दिन), 16/2025-26, रु० 295.00 (कर सहित)।
5. अनुरक्षण मद ने विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अन्तर्गत बायोमेट्रिक मशीन की आपूर्ति का कार्य, रु० 4000.00, पैतालीस दिन (45 दिन), 17/2025-26, रु० 118.00 (कर सहित)।
निविदा प्रपत्र, इस कार्यालय से कार्य दिवस में दिनांक 08.07.2025 तक निविदा प्रपत्र की कीमत अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के नाम बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक से भुगतान करने पर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के खुलने की तिथि 09.07.2025 नियत की जाती है। अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्राप्त निविदाओं में से किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार रखता है। निविदा खुलने की तिथि को अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में प्राप्त एवं खोली जायेगी।
Customer Care Toll Free No. 1912
"Pay Electricity Bill Online 24x7 from www. upcl.org"
विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ
"राष्ट्रहित में विद्युत बचाएं"
अधिशासी अधिशासी

### पैसों को लेकर दुकानदार व ग्राहक में विवाद

**बाजपुर** : सामान के पैसों को लेकर दुकानदार व ग्राहक में विवाद हो गया। आरोप है कि युवक ने दुकान में घुसकर व्यापारी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर दे दी है। ग्राम केशोवाला मोड़ निवासी कुलदीप शर्मा (38) पुत्र केवल कृष्ण शर्मा की मोड़ पर ही परचून की दुकान है। सोमवार की देर रात एक युवक दुकान पर आया और सामान लेने के बाद बिना पैसे दिए जाने लगा। आरोप है कि दुकानदार ने पैसों के लिए कहा तो आरोपी गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने दुकान में घुसकर व्यापारी से मारपीट शुरू कर दी। घटना में कुलदीप के गंभीर चोटें आई हैं। इसी बीच हो-हल्ला सुनकर आसपास के लोग भी पहुंच गए जिसके चलते हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। वहीं सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने आवश्यक जानकारी हासिल की। साथ ही घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। कुलदीप की ओर से आरोपी के विरुद्ध तहरीर दे दी है। खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

### नाली में गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल

**बाजपुर** : गंदे पानी की नाली में गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे ग्रामीणों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। युवक के शराब के नशे में होने की बात कही जा रही है। ग्राम नंदपुर नरकाटोपा दिलशाद (30) सोमवार की देर रात करीब साढ़े आठ बजे काम से घर जा रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच गांव में नाली को पार करते वक्त कीचड़ में उसका पैर फिसल गया और दिलशाद असंतुलित होकर नाली के बीच में गिर गया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया तथा उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना पर दौड़कर पहुंचे परिजनों ने घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

## एक नजर

### बाइक की टक्कर से अर्दली गंभीर रूप से घायल

**काशीपुर :** बाइक की टक्कर से बाइक सवार अर्दली गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके पैर में फ्रैक्चर हुआ है। मामले में घायल की बहन ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। चांदपुर हेमपुर डिपो निवासी मीना बिष्ट ने बताया कि उसका भाई जितेन्द्र सिंह न्यायालय सिविल जज जसपुर में अर्दली के पद पर कार्यरत है। बीती 11 जून को वह ड्यूटी के बाद अपनी बाइक से घर चांदपुर आ रहा था। करीब 6 :20 बजे जब वह घर के पास पहुंचा तो दूसरी तरफ से आ रहे बाइक चालक योगेश निवासी पाण्डेय कॉलोनी चांदपुर ने गलत साइड में आकर उसके भाई की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें उसे गंभीर चोटें आईं। बताया कि अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने बताया कि उसकी दाहिनी टांग में कई जगह फ्रैक्चर होने पर उसके घुटने व ऐड़ी के जोड़ हट गये। उसकी टांग का ऑपरेशन हुआ है।

### खेत से पानी की मोटर चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर :** कुंडेश्वरी क्षेत्र के दो किसानों के खेत में लगी पानी की मोटर चोर निकालकर ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र के जुड़का नंबर एक निवासी मलकीत सिंह ने पुलिस को तहरीर सौंपी। बताया कि बीती 12 जून की रात अज्ञात व्यक्ति उनके खेत में लगी पानी की मोटर खोलकर फरार हो गया। इसके बाद उसने आसपास के लोगों से जानकारी ली, तो पता चला कि राजकुमार निवासी ब्रह्मनगर के खेत से भी कुछ दिन पहले एक मोटर चोरी की हुई थी। जिसकी उसने पुलिस को सूचना नहीं दी थी।

### मारपीट मामले में पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**बाजपुर :** पांच दिन पहले हुई मारपीट मामले में केलाखेड़ा थाना पुलिस ने एक पक्ष की ओर से तहरीर में नामजद पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम तोता बेरिया निवासी चरन सिंह ने पुलिस को बताया कि 13 जून को दोपहर बाद करीब 1 :45 बजे रमेश, सूरज, अनीकेत, मनीष, अमर सिंह उर्फ नन्नू ने अपने 15-20 अज्ञात साथियों के साथ मिलकर बेटे रेशम सिंह एवं भतीजे ग्राम थापकनगला निवासी अमनदीप सिंह व ग्राम मडैया हट्टू निवासी बलजीत सिंह को घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया जिसमें रेशम सिंह व अमनदीप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर लोग एकत्र हो गए जिसके चलते हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल से रेफर करने के बाद निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जिनका अभी भी उपचार चल रहा है और हालत गंभीर बनी हुई है।

### प्रीत विहार में सीलिंग की भूमि पर हो रहा था अवैध निर्माण, आज से शुरू होगी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

# अवैध निर्माणाधीन मकानों को किया गया चिन्हित

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सीलिंग की भूमि पर अवैध निर्माण की सूचना पर जिला विकास प्राधिकरण और राजस्व की संयुक्त टीम ने मौका मुआयना किया। साथ ही सीलिंग नक्शे के अनुसार अवैध निर्माणाधीन मकानों को चिह्नित किया। प्रशासनिक अमला देखकर स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। वहीं जिला विकास प्राधिकरण सचिव ने अवैध निर्माण स्वामियों को जल्द खाली करने का आदेश दिया और बुधवार से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई का आदेश भी जारी किया।

मंगलवार को जिला विकास प्राधिकरण सचिव पंकज उपाध्याय, एसडीएम मनीष बिष्ट, एमएनए नरेश दुर्गापाल, तहसीलदार दिनेश कुटोला की संयुक्त टीम प्रीत विहार कॉलोनी पहुंची। जहां उन्होंने अवैध कॉलोनियों के अलावा अदालत के आदेश के बाद भी उन निर्माण कार्यों को चिह्नित किया जो कि अवैध ढंग से बन रहे हैं। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों को हिदायत दी कि अदालत के आदेशों का उल्लंघन करने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होगी। प्राधिकरण सचिव पंकज उपाध्याय ने बताया कि प्रीत विहार का एक बड़ा भूभाग सीलिंग का है। इससे पहले भी 150 से अधिक भवनों को ध्वस्त किया था। वर्तमान में अदालत का स्थगन आदेश भी जारी है। बावजूद मौका मुआयना में पाया कि सीलिंग के बड़े भूभाग पर कब्जा कर लोग अपने मकान बनवा रहे हैं। जिसका कोई भी मानचित्र पारित नहीं है। इसके अलावा कुछ ऐसी कॉलोनी भी बन रही हैं जो कि अवैध कॉलोनी की श्रेणी में आती है। चिह्नित मकान स्वामियों व कॉलोनी में रहने वाले लोगों को हिदायत दी कि जल्द निर्माण कार्य ध्वस्त कर दें अन्यथा प्राधिकरण बुधवार से भारी पुलिस फोर्स के साथ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करेगा।


प्रीत विहार कॉलोनी में मौका मुआयना करते प्राधिकरण सचिव, एमएनए और तहसीलदार। ● अमृत विचार

# अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** अज्ञात कारणों के चलते शेखर मिस्त्री (20) पुत्र सुब्रतो मिस्त्री निवासी वार्ड -दो ने सोमवार की रात्रि घर के टिनशेड के कमरे में लगी बल्ली में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक को लटका हुआ देख परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन उसे आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से माता रीना मिस्त्री व पिता सुब्रतो मिस्त्री का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा।


शेखर। (फाइल फोटो)

मृतक शेखर मिस्त्री रुद्रपुर में किसी दुकान में एकाउंटेंट का कार्य करता था। आसपास के लोगों ने बताया शेखर मिस्त्री व्यवहारिक व भक्तिभाव स्वभाव का था। उसका बड़ा भाई प्रभाकर मिस्त्री दिल्ली में एक फैक्ट्री में मैकेनिकल इंजीनियर है। पिता सुब्रतो मिस्त्री किसी फैक्ट्री में गार्ड की नौकरी करता है। माता रीना मस्त्री गृहणी है। सूचना मिलने पर थाने से एसआई गिरीश पंत फोर्स के साथ रात्रि में अस्पताल पहुंचे। थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत ने बताया कि पुलिस युवक द्वारा किए आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के हर बिंदु को देख रही है।

# भाजपा पार्षद के घर पर भीड़ ने किया हमला, हत्या की धमकी

### वार्ड-15 पहाड़गंज में विगत रात्रि का है मामला, कोतवाली पुलिस ने शुरू की तफ्तीश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** निकाय चुनाव को हुए कई माह बीत गए हैं, लेकिन चुनावी रंजिश फिर सामने आने लगी है। पहाड़गंज के भाजपा पार्षद के घर भीड़ ने धावा बोल दिया और दरवाजा तोड़कर पार्षद को बाहर निकलने और हत्या करने की धमकी देनी शुरू कर दी। उग्र भीड़ को देख परिवार भयभीत है और दिल्ली से लौटने के बाद पार्षद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सोमवार की रात्रि 9:42 बजे अचानक 150 स्थानीय लोगों की भीड़ हाथ में लाठी-डंडे लिए पहाड़गंज वार्ड-15 के भाजपा पार्षद नुरुद्दीन अहमद के घर आ धमकी और बंद दरवाजे को तोड़ने की कोशिश करने लगी। पार्षद की अनुपस्थिति में जब परिवार ने छत पर जाकर देखा तो भीड़ पार्षद को बाहर निकलने और बाहर निकलते ही हत्या करने की धमकी दे रही थी। बताया जा रहा है कि भीड़ ने पथराव भी किया और पार्षद के परिवार को इलाका छोड़ने और पार्षद को देखते ही जान से मारने की धमकी दे डाली। जिसकी सूचना मिलते ही पार्षद ने दिल्ली से ही कोतवाली पुलिस को फोन किया। पुलिस जब घटनास्थल पहुंची तो भीड़ वहां से जा चुकी थी। भीड़ के उग्र तेवर और पार्षद की हत्या की धमकी देने के बाद परिवार भयभीत है।

बताया जा रहा है कि सोमवार को पहाड़गंज इलाके में प्राधिकरण और नगर निगम की मदरसा सील की कार्रवाई के बाद भ्रामक अफवाह के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश पैदा हुआ और जिसका फायदा पार्षद पद का चुनाव लड़ चुके निर्दलीय दावेदार ने उठाया होगा। मंगलवार को दिल्ली से लौटने के बाद भाजपा पार्षद नुरुद्दीन अहमद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने और परिवार को सुरक्षा प्रदान करने का मुद्दा उठाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।


सीसीटीवी में दिखती देर रात्रि पार्षद के घर के बाहर लगी भीड़। ● अमृत विचार

#### चुनावी रंजिश या फैलाई अफवाह

**रुद्रपुर :** मुस्लिम बाहुल्य इलाका पहाड़गंज वार्ड-15 जहां कभी भी भाजपा का कोई भी प्रत्याशी निकाय चुनाव में विजयी घोषित नहीं हुआ, लेकिन नुरुद्दीन ने भाजपा टिकट से पार्षद का चुनाव जीता। पुलिस को आशंका है कि प्रतिद्वंद्वी पराजित दावेदार चुनावी रंजिश निकाल रहे हैं और अफवाह फैलाकर पार्षद के खिलाफ माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। यही आलम रहा तो पहाड़गंज इलाके में आपसी संघर्ष हो सकता है। जिसकी रिपोर्ट भी एलआईयू ने प्रशासन को सौंप दी है।



पहाड़गंज इलाके से पहली बार भाजपा से चुनाव जीता हूं और बार-बार हारे हुए प्रत्याशी अफवाह फैलाकर माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। सोमवार की रात्रि को वह दिल्ली गया था। शायद जिसकी जानकारी विरोधियों को नहीं थी और मदरसा को सील करने में उनका हाथ होने की अफवाह फैलाकर लोगों को भड़काया गया और घर पर हमला बोला गया। यदि वह घर पर होते तो शायद अप्रिय घटना घटित हो सकती थी। परिवार की जानमाल के अलावा सुरक्षा प्रदान करने को लेकर पुलिस को शिकायती पत्र सौंप दिया है।
**-नुरुद्दीन अहमद**, पार्षद, भाजपा पार्षद भाजपा पहाड़गंज

सोमवार की देर रात्रि भाजपा पार्षद के घर पर भीड़ का हमलावर होने की सूचना पुलिस को मिली और तत्काल रंपुरा चौकी प्रभारी पुलिस बल के मौके पर पहुंचे, लेकिन भीड़ तितर-बितर हो चुकी थी, लेकिन सीसीटीवी कैमरों में भीड़ कैद हो चुकी है। जिसके आधार पर आरोपियों को चिह्नित किया जा रहा है। जल्द ही पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करेगी और इलाके का माहौल खराब वालों पर कठोर कार्रवाई होगी।
**-मनोज रतूड़ी**, कोतवाल, रुद्रपुर

# लाइनमैन की मौत मामले में सब स्टेशन ऑपरेटर और सुपरवाइजर बर्खास्त

- करंट की चपेट में आने के बाद पोल से गिरकर लाइनमैन शिव कुमार की हो गई थी मौत

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** निकटवर्ती ग्राम मलसा गिरधरपुर में विद्युत पोल पर लाइन ठीक करने के दौरान करंट की चपेट में आकर मौत का शिकार बने 48 वर्षीय लाइनमैन शिव कुमार के मामले में विद्युत विभाग ने घटना में दोषी विद्युत सब स्टेशन के ऑपरेटर अरहान और सुपरवाइजर नसीम अहमद को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है।

रुद्रपुर मार्ग स्थित विद्युत कार्यालय में मीडिया को जानकारी देते हुए विद्युत उपखंड अधिकारी डीसी गुरुरानी ने बताया कि रविवार की रात्रि करीब 9 बजे ग्राम लालपुर के मलसा गिरधरपुर स्थित सत्या मैटल इंडस्ट्रीज में फ्यूज उड़ने की जानकारी के बाद ग्राम शिमला पिस्तौर निवासी लाइनमैन शिव कुमार मौके पर पहुंचा था। उन्होंने बताया कि शिव कुमार द्वारा ग्राम कुरैया स्थित विद्युत सब स्टेशन में कॉल कर शटडाउन लिया गया और सीढ़ी लगाकर विद्युत पोल पर लाइन ठीक करने के दौरान अचानक करंट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस मामले में मृतक शिवकुमार द्वारा भी सुरक्षा उपकरण हेलमेट, दस्ताने तथा अर्थ चैन का उपयोग न कर भारी चूक की गई। उपखंड अधिकारी गुरुरानी ने बताया कि जांच के दौरान सामने आया कि कुरैया स्थित सब स्टेशन ऑपरेटर अरहान एवं सुपरवाइजर नसीम अहमद द्वारा शटडाउन के मामले में घोर लापरवाही बरतते हुए कोई तालमेल नहीं किया गया, ऑपरेटर द्वारा अपने अवर अभियंता को शटडाउन की जानकारी देकर शटडाउन दिए जाने अथवा न दिए जाने के बारे में पूछना चाहिए था तथा बिना पूछे शटडाउन दे दिया गया। उन्होंने बताया कि सब स्टेशन के दस्तावेजों के अनुसार लाइनमैन शिव कुमार द्वारा अपनी जिम्मेदारी निभाई गई थी, जिसका रिकॉर्ड रजिस्टर में दर्ज है जबकि अवर अभियंता ने लापरवाही कर शटडाउन दे दिया और दुखद घटना में लाइनमैन शिव कुमार की मौत हो गई। उपखंड अधिकारी गुरुरानी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में दोषी पाए गए ऑपरेटर अरहान और सुपरवाइजर नसीम अहमद की सेवाएं समाप्त कर उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया है। बताया कि विद्युत सुरक्षा विभाग को घटना की जांच के लिए लिखा गया है तथा विभागीय स्तर पर भी जांच की जा रही है और जांच के बाद दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मृतक को सहायता राशि उपलब्ध कराने के सवाल पर उपखंड अधिकारी गुरुरानी ने बताया कि मृतक के अंतिम संस्कार के लिए विभाग द्वारा 20 हजार रुपये नगद तथा शासनादेश के अनुसार विभाग द्वारा जारी किया गया 80 हजार रुपये का चेक उन्होंने ग्राम शिमला पिस्तौर निवासी मृतक शिव कुमार के निवास पर पहुंचकर परिजनों को सौंप दिया है और मानवीय दृष्टिकोण से आगे भी सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी लाइनमैन से विद्युत लाइन को ठीक करने के दौरान सुरक्षा उपकरण का उपयोग अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए हैं। प्रेसवार्ता में उपखंड अधिकारी गुरुरानी के साथ जेई ओम कुमार भी मौजूद रहे।


किच्छा में जानकारी देते उपखंड अधिकारी डीसी गुरुरानी। ● अमृत विचार

# कांग्रेस ने भाजपा के प्रदेश प्रभारी का पुतला फूंका

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** चारधाम यात्रा के दौरान लगातार हो रही हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं और भाजपा के प्रदेश प्रभारी के गैर जिम्मेदाराना बयान के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। साथ ही भाजपा प्रदेश प्रभारी का पुतला फूंका।

मंगलवार को महाराणा प्रताप चौक पर एकत्रित हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम का पुतला फूंका। साथ ही सरकार की नीतियों के खिलाफ नाराजगी जताई। इस दौरान पीसीसी सदस्य और वरिष्ठ नेत्री अलका पाल ने कहा कि चारधाम यात्रा में हो रही दुर्घटनाएं प्रदेश सरकार की गंभीर लापरवाही का नतीजा है। तीर्थ यात्रियों की जान से जुड़ा यह मामला सरकार की संवेदनहीनता को उजागर करता है। उन्होंने भाजपा प्रदेश प्रभारी के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण और शहीद यात्रियों के प्रति अपमानजनक बताया। कांग्रेसियों ने हेलीकॉप्टर हादसों की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच व पीड़ित परिजनों को पर्याप्त मुआवजा दिये जाने की मांग की।

इस मौके पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन, विमल गुड़िया, अरुण चौहान, मंसूर मंसूरी, संदीप सहगल, अब्दुल कादिर, नजमी अंसारी, मंसूर मेफेयर आदि मौजूद रहे।


काशीपुर में महाराणा प्रताप चौक पर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### चार घरों में बिजली चोरी पकड़ी

**बाजपुर:** विद्युत विभाग व विजिलेंस की टीम ने चार घरों में बिजली चोरी पकड़ी। इन सभी के विरुद्ध कोतवाली में प्राथमिकी पंजीकृत करवाई है। संयुक्त टीम ने अनेक स्थानों पर छापेमारी कर विद्युत संयोजनों की जांच की जिसमें ग्राम गजरौला निवासी राजेंद्र कुमार के घर पर 0.456 किलोवाट, सतपाल सिंह के यहां 0.930 किलोवाट, केवल किशन के आवास पर 1.410 किलोवाट एवं जयपाल सिंह के घर पर 3.66 किलोवाट बिजली चोरी पकड़ी गई है। टीम ने संयोजन विच्छेद कर दिया है।

**आयोजन** | वार्डवासियों और कार्यकर्ताओं के साथ किया संवाद, बोले-अन्य वार्डों में किया जाएगा लोगों से संवाद

# महापौर ने जगतपुरा क्षेत्र में भ्रमण कर सुनीं समस्याएं

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** महापौर विकास शर्मा ने वार्ड 39 के जगतपुरा क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर समस्याओं का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने चौपाल लगाकर वार्डवासियों और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद भी किया। इस दौरान सामने आई समस्याओं के निस्तारण के लिए महापौर ने नगर निगम के अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए।

मंगलवार को वार्ड में भ्रमण के दौरान महापौर ने वार्ड के निकट बह रही नदी की सफाई का भी जायजा लिया। इस दौरान वार्डवासियों ने सड़क, नाली, बिजली के पोल और स्ट्रीट लाइट की समस्याएं उठाईं। जिस पर महापौर ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने, नालियों की नियमित सफाई करने, शराब या झुके हुए बिजली के पोलों की मरम्मत करने, स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने और नदी की समुचित सफाई कर वातावरण को स्वच्छ बनाने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए नगर निगम दिन रात काम कर रहा है। नगर निगम स्वच्छता पर विशेष ध्यान दे रहा है। इसलिए नगर के सभी नाले-नालियों की तलीझाड़ सफाई कराई जा रही है। शहर के बीच से होकर निकलने वाली कल्याणी नदी की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। जिससे आने वाले बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कल्याणी नदी को पुनर्जीवित करने के लिए भी बड़ा प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। महापौर ने कहा कि लोगों की समस्याओं को जानने के लिए वार्डों में इसी तरह संवाद और समाधान की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, भाजपा नेता राधेश शर्मा, हिमांशु शुक्ला, राजेश जग्गा, निमित शर्मा, विक्की सैनी, शंकर जायसवाल, रीत लाल, नरेश उप्रेती, मनीषा सहित तमाम भाजपाई और वार्ड के लोग मौजूद रहे।


जगतपुरा में भ्रमण के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते महापौर विकास शर्मा। ● अमृत विचार

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

असम्यगुपयुक्तं हि ज्ञानं सुकुशलैरपि।
उपलभ्यं चाविदितं विदितं चाननुष्ठितम्॥

वह ज्ञान बेकार है जिससे कर्तव्य का बोध न हो और वह कर्तव्य भी बेकार है जिसकी कोई सार्थकता न हों।

## संपादकीय

# भू-राजनीतिक तनावों के बीच

कनाडा में जी-7 की बैठक ऐसे वक्त में हो रही है, जब पूरी दुनिया में युद्ध की हलचल मची है। चाहे वो रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध हो या ईरान और इजरायल की लड़ाई। जी-7 दुनिया की सात उन्नत अर्थव्यवस्थाओं- फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, इटली और कनाडा तथा यूरोपीय संघ का एक अनौपचारिक समूह है। इसके सदस्य वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए हर साल जी-7 शिखर सम्मेलन में मिलते हैं। भारत जी-7 का सदस्य नहीं है। भारत लगातार छठी बार एक अतिथि देश के रूप में जी-7 में भाग ले रहा है, जो मौजूदा समय में विश्व मंच पर भारत के महत्व को रेखांकित करता है। कनाडा पहुंचने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी प्राथमिकताएं भी तय कर दी। उन्होंने कहा वे ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर भी जोर देंगे। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। पीएम मोदी ने इससे पहले साइप्रस में कहा था कि ये युग युद्ध का नहीं है। विशेषज्ञों के मुताबिक ग्लोबल साउथ में भारत व अन्य देशों की बढ़ती भूमिका व कई धुरियों में बंटी वैश्विक परिस्थितियों ने जी-7 की अहमियत को कम कर दिया है। जी-7 का प्रभाव घट रहा है। भारत को ग्लोबल साउथ की प्रमुख आवाज माना जाता है। विकसित देशों को लग गया है कि भारत के बिना चलने वाला नहीं है।

भारत दुनिया का पांचवा सबसे बड़ा देश है और अब तो चौथी बड़ी इकोनॉमी हो चुकी है। ऐसे में भारत को साथ लाना बहुत जरूरी है। भारत जैसे देशों को जी-7 में शामिल करना इसे फिर से प्रासंगिक बनाने का एक तरीका हो सकता है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने भारत को आउटरीच अतिथि देश के रूप में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। कार्नी द्वारा दिया गया आमंत्रण नई सरकार की भारत के साथ संबंधों को सुधारने की मंशा का संकेत है जो खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद सबसे खराब स्थिति में पहुंच गए थे। सम्मेलन भारत के लिए अपनी प्राथमिकताओं को वैश्विक मंच पर पेश करने का अवसर भी है। भू-राजनीतिक तनावों के बीच प्रधानमंत्री मोदी की कई अन्य वैश्विक नेताओं के साथ भी द्विपक्षीय बैठकों से कूटनीतिक संबंधों को और मजबूती मिलेगी। भारत की जी-20 अध्यक्षता के बाद, जी-7 में उसकी सक्रिय भागीदारी वैश्विक नेतृत्व में भारत की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती है।

# जनगणना 1951 से 2025 तक, पहले कौन देगा जानकारी



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

बेशक, 1951 की जनगणना, जिसे 'स्वतंत्रता जनगणना' भी कहा जाता है, आजादी के बाद भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव थी। गोपालस्वामी ने गणना को लोकतांत्रिक तरीके से कराने में अहम भूमिका निभाई, ताकि यह पूरे देश में व्यवस्थित ढंग से हो सके। दरअसल 1951 की जनगणना में कई चुनौतियां थीं।

देश में जनगणना शुरू होने वाली है। केन्द्र सरकार ने भारत की जनगणना कराने संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है। इस बार जनगणना की प्रक्रिया दो चरण में होगी, जिसका पहला चरण एक अक्टूबर 2026 तक पूरा किया जाएगा, जबकि दूसरा और अंतिम चरण एक मार्च 2027 तक पूरा होगा। परंपरा रही है कि जनगणना का काम देश के राष्ट्रपति से शुरू होता है। सबसे पहले जनगणना के कार्य में लगे कर्मी राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति से उनके बारे में जानकारियां एकत्र करते हैं। आजाद भारत की पहली जनगणना का श्रीगणेश 20 फरवरी 1951 से शुरू हुआ। उस दिन भारत के राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद से सारी जानकारियां भारत के जनगणना उपायुक्त रामेश्वर दयाल ने राष्ट्रपति भवन में जाकर हासिल की। डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अपनी उम्र 66 वर्ष, पेशा "राष्ट्रपति" बताया और बताया था कि कि उन्हें हिंदी के अलावा अंग्रेजी और बांग्ला भाषाएं आती हैं। उनके बाद उनकी पत्नी श्रीमती राजवंशी देवी से जानकारी ली गई थीं।

दरअसल भारत जैसे विशाल देश में जनगणना कराना सच में बहुत बड़ी चुनौती रही है। देश के आजाद होने के बाद इंडियन सिविल सेवा (आईसीएस) के मद्रास कैडर के तेज-तर्रार अफसर आर.ए. गोपालस्वामी के नेतृत्व में पहली बार 1951 में जनगणना करवाई गई थी, जो 1872 से हर दस साल में होने वाली नौवीं जनगणना थी। यह जनगणना 1948 के जनगणना अधिनियम के तहत हुई, जिसने भारत में जनगणना की प्रक्रिया को औपचारिक और कानूनी रूप दिया। गोपालस्वामी ने डब्ल्यू. डब्ल्यू.एम. येट्स की जगह ली, जिन्हें 1951 की जनगणना के लिए नियुक्त किया गया था, लेकिन 1948 में उनकी मृत्यु हो गई थी। सरकार ने गोपालस्वामी को 1949 में स्वतंत्र भारत का पहला जनगणना आयुक्त कर दिया था। वे भारतीय सिविल सेवा के 1927 बैच के अफसर थे। कुछ सालों तक मौजूदा तमिलनाडु में अहम पदों पर रहने के बाद वे 1940 में नई दिल्ली आ गए थे। यहां वे कृषि विभाग में भी रहे। गोपालस्वामी के मार्गदर्शन में 1951 की जनगणना में उम्र, लिंग, वैवाहिक स्थिति, धर्म, शिक्षा और पेशे जैसे सामाजिक और आर्थिक आंकड़े जुटाए गए। जनगणना के अनुसार भारत की आबादी 36.10 करोड़ थी, जिसमें पुरुष-महिला अनुपात 1000:946 था। साक्षरता दर 18 प्रतिशत थी और औसत आयु 32 साल थी। इसके अलावा, विभाजन के कारण हुए विस्थापन का भी डेटा दर्ज किया गया, जिसमें 72.26 लाख मुस्लिम पाकिस्तान गए और 72.49 लाख हिंदू और सिख भारत आए। इस डेटा ने आजाद भारत की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समझने की नींव रखी।

यहां पर भारत के पहले जनगणना आयुक्त डब्ल्यूसी प्लौडेन की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्होंने 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत भारत की पहली जनगणना आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1881 की जनगणना को भारत में पहली व्यवस्थित और व्यापक जनगणना माना जाता है।

बेशक, 1951 की जनगणना, जिसे 'स्वतंत्रता जनगणना' भी कहा जाता है, आजादी के बाद भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव थी। गोपालस्वामी ने गणना को लोकतांत्रिक तरीके से कराने में अहम भूमिका निभाई, ताकि यह पूरे देश में व्यवस्थित ढंग से हो सके। दरअसल 1951 की जनगणना में कई चुनौतियां थीं, जैसे कम साक्षरता दर (केवल 18 प्रतिशत) और देश की विशालता और विविधता के कारण लॉजिस्टिक समस्याएं। गोपालस्वामी ने इन बाधाओं के बावजूद व्यवस्थित तरीके से जनगणना सुनिश्चित की। जम्मू-कश्मीर में अस्थिरता के कारण वहां 1951 में जनगणना नहीं हो सकी और वहां की आबादी का अनुमान 1941 की जनगणनाओं के आधार पर लगाया गया। उनकी नेतृत्व क्षमता ने डेटा की विश्वसनीयता बनाए रखी।

आप जानते हैं कि 1951 की जनगणना का डेटा भारत के पहले पंचवर्षीय योजना (1951-1956) के लिए आधार बना। इसने आर्थिक विकास, शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए नीतियां बनाने में मदद की। कम साक्षरता और आयु जैसे मुद्दों को उजागर कर यह लक्षित हस्तक्षेपों का आधार बना। गोपालस्वामी ने जनगणना को साक्ष्य-आधारित शासन का महत्वपूर्ण साधन बनाया, जो आज भी भारत की नीति निर्माण को प्रभावित करता है। 1951 की जनगणना भारत के सांख्यिकीय इतिहास में एक मील का पत्थर है, जिसने आजादी के शुरुआती दौर में देश की जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक स्थिति की महत्वपूर्ण जानकारी दी। गोपालस्वामी 1949-1953 तक देश के जनगणना आयुक्त रहने के बाद वापस मद्रास चले गए थे। वे केंद्र सरकार के सेवा से 1963 में रिटायर हो गए थे। यहां पर भारत के पहले जनगणना आयुक्त डब्ल्यूसी प्लौडेन की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्होंने 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत भारत की पहली जनगणना आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1881 की जनगणना को भारत में पहली व्यवस्थित और व्यापक जनगणना माना जाता है, और इसकी देखरेख डब्ल्यूसी प्लौडेन ने की। बता दें कि 1881 की जनगणना पूरे भारत में एक ही समय (17 फरवरी, 1881) को आयोजित की गई थी। यह पहली बार था जब भारत में एक निश्चित तिथि पर सभी क्षेत्रों में एक साथ जनगणना की गई। बहरहाल, इस बार की जनगणना में देश जानने को उत्सुक है कि पिछली 2011 जनगणना के बाद पारसी, बौद्ध, यहूदी आदि की आबादी कितनी बढ़ी। इन समूहों की संख्या और स्थिति का पता लगाना सामाजिक समावेशन, नीति निर्माण और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। ये सब भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के अभिन्न अंग हैं। पारसी, जो मूल रूप से फारस (आधुनिक ईरान) से भारत आए, की 2011 की जनगणना के अनुसार, आबादी 57,264 थी, जो उनकी घटती जनसंख्या को दर्शाता है। जनगणना के माध्यम से उनकी सटीक संख्या और जनसांख्यिकीय स्थिति का पता लगाना उनके सांस्कृतिक संरक्षण के लिए आवश्यक है।

2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में लगभग 84 लाख बौद्ध थे, जो कुल जनसंख्या का 0.7 प्रतिशत थे। हालांकि, कुछ बौद्ध विद्वानों का दावा है कि उनकी वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है, क्योंकि कई दलित बौद्धों को जनगणना में हिंदू के रूप में दर्ज किया जाता है। बौद्ध समुदाय मुख्य रूप से महाराष्ट्र, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख में केंद्रित है। जनगणना के माध्यम से उनकी सटीक संख्या और भौगोलिक वितरण का पता लगाना उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति को समझने और उनके लिए उपयुक्त नीतियां बनाने में मदद करता है।

भारत में यहूदी समुदाय की संख्या बहुत कम है, 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 5,000। ये मुख्य रूप से मिजोरम, मणिपुर (बेने मेनाशे) और आंध्र प्रदेश में रहते हैं। यहूदी समुदाय की उपस्थिति भारत की धार्मिक सहिष्णुता का प्रतीक है। दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े हुए ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि देश में छोटे समूहों के हकों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। ये भी देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। बता दें कि दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने ही सेंट स्टीफंस कॉलेज और सेंट स्टीफंस अस्पताल की स्थापना की थी। हाल ही में इसने सोनीपत में इसने सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल भी खोला है। वे राजघाट और शांतिवन में होने वाली सर्वधर्म सभाओं में दशकों से भाग ले रहे हैं। बेशक, छोटे धार्मिक समूहों की जनसंख्या का आकलन सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देने और उनके लिए विशिष्ट नीतियां बनाने में सहायक होगा। किसी भी देश के लिए जनगणना बेहद होती है। उम्मीद करनी चाहिए कि इसमें सारे देशवासी भाग लेंगे और सही जानकारी देंगे।

## प्रसंगवश

# ताकि घृणास्पद भाषण पर लगाया जा सके अंकुश

**दिवस विशेष**

हेट स्पीच या यूं कहें कि घृणास्पद भाषण किसी व्यक्ति, समुदाय और देश को नुकसान पहुंचाते हैं, क्योंकि हेट स्पीच किसी भी देश के सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारे, शांति को भंग करने का काम करती है। यह बहुत ही दुखद है कि आज हमारे समाज में ऐसे कई लोग मौजूद हैं, जिनके खिलाफ नफरत फ़ैलाने वाले भाषण के मामले दर्ज हैं। वास्तव में, नफरती भाषण (हेट स्पीच) समाज में हिंसा, भेदभाव की भावना पैदा करते हैं तथा असहिष्णुता को उकसाते हैं और इस प्रकार के भाषणों से समाज और देश को बहुत नुकसान पहुंचता है।

यह ठीक है कि सोशल मीडिया आज के समय में अभिव्यक्ति का एक बड़ा और शानदार माध्यम है, लेकिन यह बहुत ही अफसोसजनक है कि सोशल मीडिया आज धमकियों का प्लेटफार्म बन चुका है। वास्तव में, सोशल मीडिया पर आज किसी को भी ट्रोल करना, किसी व्यक्ति विशेष पर ऊल-जलूल और अभद्र टिप्पणियां करना, धमकियां देना, जो भी मन में आए वह कंटेंट डाल देना जैसी बातें आम हो चली हैं। सच तो यह है कि आज सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से लोगों में सहानुभूति की कमी, साइबर बुलिंग (बिना किसी डर के दूसरों को निशाना बनाना) और व्यक्तिगत जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। लोग अब अपनी निजता का सम्मान नहीं करते हैं और दूसरों की भावनाओं की बिल्कुल भी परवाह नहीं करते हैं कि वे एक सार्वजनिक स्टेज (मंच) पर क्या कह रहे हैं और वास्तव में उन्हें क्या कहना चाहिए और क्या नहीं कहना चाहिए तथा इसका समाज और देश पर क्या और किस कदर प्रभाव पड़ सकता है? वास्तव में होना तो यह चाहिए कि सोशल मीडिया पर हम दूसरों के प्रति सम्मान और सहानुभूति दिखाएं, और उनके विचारों का सम्मान करें। सोशल मीडिया पर गलत सूचनाओं, जानकारी को शेयर ना करें और सोशल मीडिया पर अपने समय को सीमित करते हुए हम व्यक्तिगत जीवन को प्राथमिकता दें।

हेट स्पीच दूसरों की भावनाओं को आहत करती है। वास्तव में इस दुनिया को आज नफरत की नहीं अपितु प्यार की जरूरत है। नफरती टिप्पणियां उकसातीं हैं, लेकिन आज हेट स्पीच जैसे एक फैशन सा हो चला है, यह हमारे लोकतंत्र पर एक आघात है। बहरहाल, भारत के विधि आयोग की 267वीं रिपोर्ट में घृणास्पद भाषण को मुख्य रूप से नस्ल, जातीयता, लिंग, यौन अभिविन्यास, धार्मिक विश्वास और इसी तरह के संदर्भ में परिभाषित व्यक्तियों के एक समूह के खिलाफ नफरत को उकसाने वाला बताया गया है। कुल मिलाकर यह बात कही जा सकती है कि हेट स्पीच किसी भी समाज और देश पर व्यापक हानिकारक प्रभाव छोड़ती है। बहरहाल, आज हर कहीं पर घृणास्पद भाषणों (हेट स्पीच) का बोलबाला हो गया है, इसलिए जरूरत इस बात की है ऐसे घृणास्पद भाषणों पर रोक लगाई जाए। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज जरूरत इस बात की है हमारा समाज, हमारी देश, सामाजिक संगठन और सरकारें हेट स्पीच का मुकाबला करने के लिए कृत संकल्पित होकर आगे आए। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार घृणास्पद भाषण, 'किसी भी प्रकार का संचार है जो किसी व्यक्ति या समूह के खिलाफ भेदभाव, शत्रुता या हिंसा को उकसाता है, लक्षित करता है, या उसका समर्थन करता है।' यह भाषण/स्पीच नस्ल, धर्म, लिंग, यौन अभिविन्यास, राष्ट्रीयता या किसी अन्य पहचान के आधार पर हो सकता है। हमारे देश के संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मौलिक अधिकार के रूप में गारंटी दी गई है, लेकिन यह अधिकार निरपेक्ष नहीं है और, यदि हम यहां पर भारत में हेट स्पीच की कानूनी स्थिति की बात करें तो भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(2) संविधान में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उचित प्रतिबंध लगाने का प्रावधान करता है। डिजिटल या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रभाव लंबे समय तक रहता है, इसलिए इसका विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाना आज की महत्ती आवश्यकता है। हेट स्पीच (द्वेषपूर्ण/घृणास्पद भाषण/नफरती भाषण) के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस 18 जून को मनाया जाता है।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

# राज्यों में होगा परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का विस्तार



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

केंद्र सरकार अब देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दृष्टि से ज्यादातर राज्यों में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगी।

भारत की जिस तेजी से आबादी और अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, उसके प्रबंधन और सुचारू सुविधा के लिए शहरीकरण के साथ ऊर्जा की उपलब्धता आवश्यक है। इसी नजरिये से परमाणु ऊर्जा का उत्सर्जन बढ़ाने की दिशा में तेजी से प्रगति के उपाय शुरू हो गए हैं। भीषण गर्मी के चलते इस साल बिजली की मांग 2.41 लाख मेगावाट के चरम पर पहुंच चुकी है। ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल का दावा है कि वर्तमान समय में देश में बिजली की आपूर्ति और मांग के बीच महज 0.1 प्रतिशत का अंतर है। जबकि 12 साल पहले 2013 में आपूर्ति की तुलना में मांग 4.2 प्रतिशत अधिक रहती थी। किसी विशेष स्थिति में यह मांग 2.70 लाख मेगावाट भी हो जाती है। ऐसे में विद्युत की कमी पूरी हो और ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन भी न हो, इस मकसद पूर्ति के लिए परमाणु ऊर्जा उपयुक्त मानी जाती है। एक बार यदि कोई परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित हो जाता है तो लंबे समय तक ऊर्जा की आपूर्ति बनी रहती है।

केंद्र सरकार अब देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दृष्टि से ज्यादातर राज्यों में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगी। ये संयंत्र केवल उन राज्यों में नहीं लगाए जाएंगे, जो भूकंप प्रभावित राज्य हैं। ऐसा इसलिए जरूरी है, क्योंकि भविष्य में जब कार्बन उत्सर्जन नियंत्रित करने के लिए ताप बिजली संयंत्रों पर निर्भरता खत्म की जाए तो परमाणु ऊर्जा जैसे विश्वसनीय व पर्यावरण को न्यूनतम हानि पहुंचाने वाले ऊर्जा स्रोतों को विद्युत आपूर्ति के लिए प्रयोग में लाया जा सके। सरकार ने इस साल के आम बजट में वर्ष 2047 तक परमाणु ऊर्जा क्षमता को मौजूदा 8000 मेगावाट से बढ़ाकर एक लाख मेगावाट करने का लक्ष्य रखा है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए देश में अनेक छोटे-छोटे परमाणु ऊर्जा रिएक्टर आधारित संयंत्र लगाए जाने की तैयारी में केंद्र सरकार हैं।

ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल ने कहा है कि 'वर्ष 2037 के बाद ताप विद्युत बिजली उत्पादन संयंत्र नहीं लगाए जाएंगे।' यह वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बड़ी पहल है। इस बदली स्थिति में जिन राज्यों में ताप बिजली संयंत्र बंद किए जाएंगे, वहां परमाणु ऊर्जा संयंत्रों से बिजली का उत्पादन होगा। निजी क्षेत्र की कंपनियों को भी इन संयंत्रों के लगाने का दायित्व सौंपा जाएगा। जम्मू-कश्मीर, गुजरात का कुछ भू-भाग, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार के कुछ क्षेत्रों में भूकंप की संभावना हमेशा ही बनी रहती है। इसलिए इन क्षेत्रों में ये संयंत्र नहीं लगाए जाएंगे। भारत के अभी महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान और उप्र में ही परमाणु ऊर्जा संयंत्र बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। इनकी संयुक्त बिजली उत्पादन क्षमता 8000 मेगावाट से कुछ कम हैं। जबकि सरकार द्वारा 12,000 मेगावाट क्षमता की बिजली उत्पादन की मंजूरी इन संयंत्रों को मिली हुई है। हालांकि भारत सरकार के उपक्रम परमाणु ऊर्जा निगम ने मध्यप्रदेश में चार नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने की मंजूरी हाल ही में दी है। जल्दी ही ये संयंत्र नीमच, देवास, सिवनी और शिवपुरी में लगेंगे। सब कुछ सही रहा तो जल्दी ही इन परियोजनाओं पर काम शुरू हो जाएगा। इन संयंत्रों के शुरू हो जाने पर 1200 मेगावाट की अतिरिक्त बिजली पैदा होगी। भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता पिछले 10 साल में करीब दोगुनी हो चुकी है। 2031 तक इसके तीन गुना होने की उम्मीद है। बिजली मंत्री ने यह भी बताया कि फिलहाल देश में बिजली उत्पादन की कुल स्थापित क्षमता 4.72 लाख मेगावाट हैं, जिसमें 2.40 लाख मेगावाट कोयला आधारित ताप विद्युत है। वहीं 2.22 लाख मेगावाट उत्पादन क्षमता नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से है। दिसंबर 2025 तक इस नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन 2.50 लाख मेगावाट हो जाने की उम्मीद है, इस लक्ष्य की पूर्ति हो जाने पर भारत उन देशों में शामिल हो जाएगा, जिनमें ताप संयंत्रों से ज्यादा बिजली का उत्पादन नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों से होता है।

ताप विद्युत परियोजनाओं में कोयला जलाया जाता है। इस कारण बड़ी मात्रा में वायु प्रदूषित होती है। जो अनेक बीमारियों का कारण बनती है। जबकि परमाणु ऊर्जा से पैदा बिजली कार्बन मुक्त होने के साथ सस्ती भी होती है। भारत में कुल ऊर्जा के उत्पादन में 80 प्रतिशत बिजली केवल जीवाश्म ईंधन के रूप में कोयला को ताप विद्युत घरों में जलाने से प्राप्त होती है। पहली बार है जब परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सरकार निजी कंपनियों से पूंजी निवेश की मांग कर रही है। फिलहाल भारत में परमाणु ऊर्जा कुल बिजली उत्पादन की तुलना में महज दो प्रतिशत भी नहीं है। यदि यह निवेश बढ़ता है तो 2030 तक अपनी स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत गैर जीवाश्म ईंधन के उपयोग से प्राप्त लक्ष्य को हासिल करने में सहायता मिलेगी।

## सोशल फोरम

# घूरना व निहारना



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

देखना, ताकना, घूरना, निहारना। ये सब जो हैं खतरे का सबब हैं। देखना से ताकना थोड़ा ज्यादा और निहारना सबसे ज्यादा खतरनाक गतिविधि है। देखना, क्षणिक अचानक। इसमें प्रायः दूरगामी इरादे शामिल होते नहीं। इसे अन्यथा नहीं लिया जाता। ताकने को हमारे यहां छिछोरापन कहा जाता है। छिछोरापन पीटे जाने का निमंत्रण है। छिछोरे पीटे जाते है और आमतौर पर छिछोरों द्वारा ही पीटे जाते हैं। निहारने में श्रद्धा का पुट, आरती उतारने और बलिहारी जाने जैसा भाव। और जो बलिहारी जाता है उसकी बलि चढ़ती ही है।

देखने को निहारना माना जाए या ताकने मे गिना जाए ये सामने वाले के मूड पर निर्भर करता है। मुमकिन है जिसे आपने देखा भर वो उसे वो निहारना मान ले। निहार रहे हों वो उसे ताकना गिन ले। अब ये उसके उपर कि वो उसका बुरा माने या अच्छा माने। बुरा मानने में आप के साथ बुरा हो सकता है। तत्काल मौके पर ही ठोके जा सकते हैं आप। पर अच्छा मानने में भी अच्छा हो ये बात ठोक बजा कर नहीं कही जा सकती।

अच्छा मानने में राजी हो जाने की संभावनाएं। अच्छा मानने वाले साथ हो लेते हैं। ये अच्छा हो तो अच्छी बात। पर ये इतना बुरा भी हो सकता है कि आप फिर ज़िंदगी भर इसका सोग मनाए कि ये उस निहारने को ताकना मान लेती। बुरा मान जाती तो सौदा सस्ते में निपट जाता।

सो देखें। पर ऐसे कि सामने वाले को ताकना न लगे। ताकना लग भी जाए तो निहारना हरगिज न लगे। जिसे आपका निहारना पसंद आ जाए वो चाहती है आप उसे निरंतर निहारे। समय चाहिए होता है निहारने के लिए। निहारना जिम्मेदारी है। ज़िम्मेदारी उठाने के लिए पैसा कमाना पड़ता है। पैसे कमाने के लिए नब्बे घंटे काम करना पड़ सकता है। नब्बे घंटे काम करने के बाद आप निहारने लायक़ नहीं बचते। नब्बे घंटे काम करने का माद्दा बस कोल्हू के बैल में। कोल्हू के बैल की आंखों पर पट्टी बाधीं जाती है ताकि वो किसी को निहार न सके। यदि आप बैल नहीं होना चाहते। आदमी बने रहना चाहते हैं तो देखने या ताकने से काम चलाएं। निहारने से बचे वक्त में काम करें। इसमें आपका तात्कालिक नुकसान भले हो पर आपके दीर्घकालिक हित इसी में हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# अर्थशास्त्र की विखंडन-यात्रा



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण सत्ता के डर, नियंत्रण की आकांक्षा, और बौद्धिक स्वायत्तता के अभाव से उत्पन्न हुआ।

आजादी के पहले तक प्रायः भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र एक ही छत के नीचे पढ़ाए जाते थे और राजनीतिक अर्थशास्त्र की बहुत प्रतिष्ठा थी। अर्थशास्त्र के इतिहास की भी। लेकिन आजादी के बाद इसमें बहुत संरचनात्मक परिवर्तन हुए। स्वतंत्र भारत के शैक्षणिक ढांचे में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण हुआ और यह मात्र पाठ्यक्रमीय पुनर्संयोजन नहीं था, बल्कि वह एक गहरे राजनीतिक-वैचारिक चिंतन की अनुपस्थिति और नियंत्रण की आकांक्षा का प्रतीक था। विशेष रूप से राजनीतिक अर्थशास्त्र, जो राज्य, शक्ति, वर्ग, उत्पादन और सामाजिक संबंधों के अंतर्विरोधों की पड़ताल करता है, उसे योजनाबद्ध ढंग से शैक्षणिक मुख्यधारा से बाहर कर दिया गया।

लेख का उद्देश्य यह समझना है कि क्यों राजनीतिक अर्थशास्त्र को असुविधाजनक माना गया, क्यों अधिकांश भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र को कृत्रिम रूप से अलग कर दिया गया, क्यों दिल्ली विश्वविद्यालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों को आंशिक अपवाद स्वरूप यह परंपरा सीमित रूप में जीवित रखने दी गई, और क्यों मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स तथा इकोनोमेट्रिक्स जैसे उपविषय, समाज की आर्थिक समझ बढ़ाने में विफल होकर, मात्र अकादमिक खिलौने बनकर रह गए।

राजनीतिक अर्थशास्त्रः सत्ता और समाज का दर्पणः राजनीतिक अर्थशास्त्र वह अनुशासन था जो यह पूछता था कि नीति किसके पक्ष में बनाई जाती है, किसके संसाधनों का हस्तांतरण किसके लिए होता है और कौन-सी आर्थिक प्रक्रिया समाज के किन वर्गों को हाशिये पर डालती है। यह अनुशासन मार्क्स, स्मिथ, रिकार्डो, मिल और गांधी जैसे चिंतकों की परंपरा में सत्ता और मूल्य के बीच संबंध को केंद्र में रखता था।

किन्तु स्वतंत्र भारत में इस अनुशासन को तेजी से हाशिये पर डाल दिया गया। राजनीति और नैतिकता को अर्थशास्त्र से काटकर, उसे एक 'तथ्यात्मक और निरपेक्ष विज्ञान' के रूप में गढ़ा गया, जो 'राज्य की योजना' में सहयोगी तो हो, पर प्रश्नकर्ता नहीं। राजनीतिक अर्थशास्त्र के स्थान पर 'डाटा संचालित', 'मॉडल आधारित', 'सुधारात्मक' और 'सांख्यिकी-केंद्रित' अर्थशास्त्र का उदय हुआ- जिसमें सत्ता, वर्ग और दमन के लिए कोई स्थान नहीं बचा।

भारतीय संदर्भ में यथार्थ और सैद्धांतिक अर्थशास्त्र के बीच खाईः भारत का समाज एक असाधारण संरचना वाला समाज है-जाति, पितृसत्ता, श्रम-अवमूल्यन, कृषि-निरादर, धार्मिक असमानता और क्षेत्रीय विषमताएं यहां आर्थिक निर्णयों के गहरे कारक हैं। फिर भी भारतीय विश्वविद्यालयों में सैद्धांतिक अर्थशास्त्र, विशेष रूप से मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स और इकोनोमेट्रिक्स, ने इन जटिलताओं से आंख चुरा ली।

इन विषयों ने ऐसी भाषा और विधियों का विकास किया जो आम सामाजिक यथार्थ से संवाद नहीं कर सकती थी। वे ऐसे समीकरणों में व्यस्त रहे जिनमें न किसान था, न दलित, न महिला, न लघु व्यापारी, न ही बेरोजगार युवा। नीति-निर्माण के लिए इनका योगदान शून्य नहीं तो नगण्य रहा।

इकोनोमेट्रिक्स, जो डेटा के 'सटीक' विश्लेषण का दावा करता है, अक्सर पूर्वग्रह से ग्रस्त मॉडल और अविश्वसनीय आंकड़ों पर टिका रहा। मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स, जो 'यथार्थ को अमूर्त संख्याओं' में व्यक्त करता है, उस यथार्थ को खो बैठा जिसे वह मॉडलित करने चला था। इस प्रकार, ये विषय वैचारिक उपकरण बनने के बजाय अकादमिक 'खिलौने' बनकर रह गए, जिन्हें कुछ विद्वान 'खेलने' के लिए तो उत्साहित रहते हैं, पर नीति-निर्माण या सामाजिक बदलाव के मोर्चे पर इनका कोई प्रभाव नहीं होता।

भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण सत्ता के डर, नियंत्रण की आकांक्षा, और बौद्धिक स्वायत्तता के अभाव से उत्पन्न हुआ। राजनीतिक अर्थशास्त्र को असुविधाजनक इसलिए माना गया क्योंकि वह व्यवस्था से असुविधाजनक प्रश्न पूछता थाः विकास किसके लिए? नीति किसके विरुद्ध? योजना किनके श्रम से? इस वैचारिक निष्कासन ने न केवल सामाजिक-आर्थिक विश्लेषण को पंगु किया, बल्कि मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स और इकोनोमेट्रिक्स जैसे विषयों को मूल्य-विहीन, मानव-विमुख, और समाज-विस्मृत 'खिलौनों' में बदल दिया। आज जब भारत असमानता, बेरोजगारी, किसान संकट, पर्यावरणीय आपातकाल और लोकतांत्रिक क्षरण से जूझ रहा है- तब आवश्यक है कि राजनीतिक अर्थशास्त्र को पुनः मुख्यधारा में लाया जाए। केवल वही अनुशासन है जो यह साहस कर सकता है कि अर्थव्यवस्था को सत्ता, श्रम, समाज और संघर्ष की समग्र परिप्रेक्ष्य में देखे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# नशा मुक्ति का संदेश लेकर रन फॉर योगा में सबसे तेज दौड़े सौरभ, अंजनी

## पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले सभी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

- गांधी पार्क से कलेक्ट्रेट तक निकाली गयी जागरूकता रैली

संवाददाता, रुद्रपुर



रन फॉर योगा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी।

**अमृत विचार :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के काउंटडाउन कार्यक्रम के तहत गांधी पार्क से कलेक्ट्रेट तक रन फॉर योगा व नशामुक्त जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशन में किया गया।

रन फॉर योगा को जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी व जिला युवा कल्याण अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पुरुष वर्ग में सौरभ रावत और महिला वर्ग में अंजनी रावत ने पहला स्थान प्राप्त किया।

मंगलवार को आयोजित रन फॉर योगा में पुरुष वर्ग में सौरभ रावत ने पहला, पुष्कर चंद ने दूसरा और धीरज बिष्ट ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह महिला वर्ग में अंजनी रावत ने पहला, गुंजन ने दूसरा और दीपा रावत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके बाद पहला स्थान प्राप्त करने वालों को 1500 रुपये, दूसरा स्थान प्राप्त करने वालों को 1250 रुपये व तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले को 1000 रुपये का चेक पुरस्कार स्वरूप दिया गया।

इस दौरान जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. आलोक कुमार शुक्ला ने कहा कि योग एक जीवन पद्धति है। आयुष मंत्रालय इसे समाज में पुनर्स्थापित किये जाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रतिदिन योग को जीवन में अपनाने की अपील जनमानस से की।

साथ ही कहा कि नियमित योग करने से कई गंभीर बीमारियों जैसे मधुमेह, हार्ट अटैक, ब्लड प्रेशर व फैटी लीवर आदि से पूर्णतः बच सकते हैं। योग से शारीरिक स्वस्थता के साथ ही मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने जनता से अपील की कि सभी योग के साथ जुड़े, करें योग-रहें निरोग। रन फॉर योगा कार्यक्रम में जनपद के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ ही 300 से अधिक एनसीसी व एनएसएस के बच्चों, खिलाड़ी व पीएसी, पुलिस, पीआरडी, होमगार्ड जवानों ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, डीओपीआरडी भूपेंद्र सिंह रावत, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी आदि उपस्थित रहे।

## हादसे में मेडिकल स्टोर स्वामी घायल

**शक्तिफार्म, अमृत विचार :** ट्रैक्टर से मोटरसाइकिल टकराने पर मेडिकल स्टोर स्वामी गंभीर रूप से घायल हो गए। सितारगंज के एक निजी अस्पताल में घायल का उपचार चल रहा है।

शक्ति फार्म बाजार के राजा मेडिकल स्टोर स्वामी संजीत राय मंगलवार दिन के करीब एक बजे के आसपास अरविन्द नगर से शक्ति फार्म बाजार आ रहा था। निर्मल नगर से आगे मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर से टकरा गई है। जिससे संजीत गंभीर रूप से घायल हो गए।

जिसके बाद ट्रैक्टर स्वामी व संजीत के स्वजन घायल को उपचार के लिए सितारगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा । सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहनों को शक्तिफार्म पुलिस चौकी ले आए। शक्ति फार्म मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष कृपा सिंधु राय , नरेश अरोड़ा, पंकज मंडल, अनंत मंडल, संजय सिंह, अंकित आदि घायल के हाल जानने सितारगंज अस्पताल पहुंचे। बताया जा रहा है संजीत की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है।

# दो वाहनों की टक्कर में बस चालक की मौत

संवाददाता, खटीमा




**अमृत विचार :** बीती रात्रि स्कूल बस की कैंटर से हुई जबरदस्त टक्कर में गंभीर रूप से घायल बस चालक को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आज शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

सोमवार रात्रि करीब साढ़े नौ बजे रुद्रपुर के निजी स्कूल की बस का चालक रघुवीर सिंह (40) निवासी नया गांव, थाना पटवाई, रामपुर यूपी बच्चों को छोड़ने के बाद बस को टोल प्लाजा पर खड़ी करने जा रहा था। बताया जा रहा है कि बस रात्रि में वहीं खड़ी होती है। इसी दौरान लोहिया पुल पर बस कैंटर के पीछे जा टकराई। जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा विद्यालय और परिजनों को सूचना दे दी।

### बाइक डिवाइडर से टकराई, दो घायल

**काशीपुर :** मानपुर रोड निवासी विपुल और त्रिलोक बाइक पर सवार होकर रुद्रपुर-हरिद्वार हाईवे पर जा रहे थे। केवीआर के पास डिवाइडर से टकराकर दोनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। त्रिलोक को भर्ती किया गया, जबकि विपुल को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

### युवक को सांप ने काटा

**काशीपुर :** ग्राम प्रतापपुर निवासी सूरज को अचानक सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद छुट्टी दे दी है।

## मारपीट में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा

**बाजपुर :** मजदूरी के पैसों को लेकर 15 दिन पहले दो पक्षों में हुई मारपीट मामले में पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर में नामजद पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम पहाड़पुर नमूना निवासी परमजीत कौर पत्नी पप्पू सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके पति दिव्यांग हैं जिसके चलते उसका बेटा बाबी मेहनत-मजूदरी करता है। दो जून को बाबी ग्राम भट्टपुरी निवासी चमन से मजदूरी के पैसे लेने उसके घर जा रहा था, लेकिन चमन उसे रास्ते में ही पकोड़ी की दुकान पर मिल गया। आरोप है कि बेटे ने अपनी मजूदरी के पैसे मांगे तो चमन ने साफ मना कर दिया तथा बेटे को वहां से भगा दिया जिसके चलते बाबी अपने घर आ गया। आरोप है कि कुछ देर बाद चमन अपने साथ गांव के ही काका, हैप्पी, काला, बाबी एवं तीन अन्य साथियों को लेकर घर आ धमका और पुत्र को बाहर बुलाकर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। इतना ही नहीं बीच-बचाव का प्रयास करने पर हमलावरों ने दिव्यांग पति पप्पू सिंह एवं पड़ोसियों के साथ भी मारपीट की, जिसमें पड़ोसी रवि सिंह, बिट्टू, मंजीत कौर के चोटें आई हैं।

# लोन दिलाने के नाम पर महिला से 15 हजार ठगे

- पीड़िता ने आंगनबाड़ी सहायिका व एक युवती पर लगाया आरोप

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** एक महिला ने आंगनबाड़ी सहायिका और एक युवती पर उससे सरकारी योजना में लोन दिलाने के नाम पर 15 हजार रुपये ठगने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। मोहल्ला कानूनगोयान निवासी वीना सचदेवा ने पुलिस को तहरीर सौंपी।

जिसमें बताया कि अक्टूबर 2023 में आंगनबाड़ी में सहायिका पद पर कार्यरत एक महिला और मोहल्ला महेशपुरा निवासी एक युवती ने उससे सिलाई मशीन वितरण योजना के लिए एक हजार रुपये व सरकारी योजना में लोन दिलाने के नाम पर 12 हजार रुपये ले लिए। आरोप लगाया कि कुछ दिनों के बाद दोनों ने लोन के लिए स्टांप पेपर, आय प्रमाण पत्र व अन्य कागजात बनवाने के लिए तीन हजार रुपये और ले लिए। जब उसको कुछ समय बाद धोखाधड़ी का पता चला, तब उसने अपने रुपये वापस मांगे। पीड़िता ने बताया कि 23 अप्रैल 2024 की शाम उसने इस संबंध में पुलिस सहायता डायल 112 पर सूचना दी। इसके बाद महिला व युवती रुपये वापस मांगने पर टालमटोल करने लगी और कुछ समय मांगा। बताया कि वह बीते दो साल से अपने रुपये वापसी के लिए उनके घर के चक्कर काट रही है। आरोप लगाया कि दोनों ने उसके बेटे के साथ भी अभद्रता की।

## 2 महीने बाद दर्ज किया बाइक चोरी का मुकदमा

**किच्छा :** करीब दो माह पूर्व हुई बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में ग्राम दरऊ, थाना किच्छा निवासी रहीश अहमद ने बताया कि विगत 10 अप्रैल को रात्रि करीब 8:30 बजे उसका भाई हसीब खान बजाज बाइक लेकर किच्छा बाईपास स्थित शक्ति धर्मकांटे के निकट गया था। इस दौरान उसने बाइक को मौके पर खड़ा कर दिया और किसी परिचित के साथ कार में बैठकर काम से चला गया। बताया कि रात्रि करीब 10:30 बजे जब वह बाइक लेने मौके पर पहुंचा तो काफी खोज के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित बाइक स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने बाइक चोरी का मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# चौपाल में बताईं केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां

- ग्राम सभा बैलजूड़ी में किया गया चौपाल का आयोजन

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर में लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देते भाजपाई।



सितारगंज में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** मोदी सरकार के विकसित भारत सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल पूर्ण होने पर ग्राम सभा बैलजूड़ी में चौपाल का आयोजन कर केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां बताई गई।

सोमवार की शाम ग्राम बैलजूड़ी में वरिष्ठ भाजपा नेता यूनुस चौधरी की अगुवाई में चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. यूनुस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई और आज देश आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि की दिशा में आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है। यह 11 वर्षों की यात्रा 140 करोड़ देशवासियों के परिश्रम और प्रधानमंत्री के संकल्प के साथ संभव हो सकी है। सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे जनता को मिल रहा है और देश चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि 11 साल में भारत की तस्वीर बदली है और मोदी सरकार की नीतियां विश्व के लिए रोल मॉडल बनकर उभरी है। यहां भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन, पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल, जिलाध्यक्ष हाजी रिजवान, शाहनवाज खान, फारूक खान, पूर्व प्रधान अब्दुल सलाम, शेर मोहम्मद, महबूब हुसैन, हाजी मोहम्मद फारूक मौजूद रहे।

### मोदी सरकार में देश तेजी से बढ़ रहा आगे : रामपाल

**सितारगंज :** नगर के श्री रामलीला सभागार में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सभा' में मुख्य अतिथि रुद्रपुर के पूर्व मेयर रामपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने बीते 11 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है और भारत हर चुनौती का मजबूती से सामना कर रहा है। विशिष्ट अतिथि नीता सक्सेना ने कहा कि भारत एक उभरती वैश्विक आर्थिक शक्ति बन चुका है और सुरक्षित सीमाओं के साथ 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास' के मंत्र पर चल रहा है। मंडल अध्यक्ष मुकेश सनवाल ने कहा कि भारत ने आधारभूत संरचना, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा क्षेत्रों में उल्लेखनीय छलांग लगाई है, वहीं स्टार्टअप इंडिया व मेक इन इंडिया से युवाओं को रोजगार मिल रहा है। इस दौरान 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को लेकर जनभागीदारी, ईमानदारी व राष्ट्र सेवा का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री अमित रस्तोगी ने किया।

# पालिकाध्यक्ष ने किया पर्वतीय श्मशान घाट का शिलान्यास

संवाददाता, बाजपुर



पर्वतीय श्मशान घाट का शिलान्यास करने पहुंचे पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते।

**अमृत विचार :** नैनीताल स्टेट हाईवे पर लेवड़ा नदी पुल के पास स्थित श्मशान घाट के बराबर में राज्य वित्त आयोग से प्राप्त सात लाख रुपये की धनराशि से बनने वाले पर्वतीय श्मशान घाट का शिलान्यास मंगलवार को चेयरमैन गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने पर्वतीय समाज के लोगों की मौजूदगी में किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि दो माह पूर्व पर्वतीय महासभा समिति बाजपुर के पदाधिकारियों ने दाह संस्कार में होने वाली परेशानियों से अवगत कराते हुए उनसे पर्वतीय श्मशान घाट निर्माण की मांग की थी। पर्वतीय समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए पालिका बोर्ड ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पर्वतीय श्मशान घाट का निर्माण प्रारंभ करवा दिया है। चेयरमैन गित्ते ने कहा कि वह घोषणा में नहीं बल्कि धरातल पर कार्य करने में विश्वास करते हैं। पर्वतीय समाज के लोगों ने चेयरमैन गुरजीत सिंह 'गित्ते' व वार्ड सभासदों का फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर सभासद जगतजीत सिंह, सुनील कुमार, कैलाश चंद्र जोशी, पर्वतीय महासभा समिति से जुड़े भगवंत सिंह म्यान, पूरन चंद्र जोशी, बंशीधर मिश्रा, लक्ष्मण सिंह नेगी, रवि उप्रेती, बबली जोशी, गोपाल दत्त मैनाली, हिमांशु बोरा, पीडी ममगई आदि मौजूद रहे।

# गन्ना विकास कार्यालय में की महिला अधिकारी से छेड़छाड़

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** गन्ना विकास परिषद के कार्यालय में कार्यरत महिला अधिकारी के साथ छेड़छाड़ किए जाने तथा विरोध करने पर युवक द्वारा मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

नगर स्थित गन्ना विकास परिषद कार्यालय में तैनात एक महिला अधिकारी ने बताया कि विगत 23 मई को दिन में करीब 12:30 बजे वह किच्छा स्थित कार्यालय में कार्य कर रही थी। इसी दौरान हल्द्वानी के गन्ना विकास समिति में गन्ना निरीक्षक पद पर कार्यरत सिद्धार्थ कुमार उसके कार्यालय में आ गया और बदतमीजी करते हुए छेड़छाड़ शुरू कर दी।

इतना ही नहीं विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट कर उसके चेहरे तथा मुंह पर घाव कर दिए। पीड़िता के अनुसार आरोपी के कृत्य से पीड़िता को मानसिक तथा शारीरिक आघात पहुंचा है तथा कार्यालय में पीड़िता की छवि धूमिल हुई है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की पुलिस से मांग की है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन तहसील के उपकोषागार से मिले

- राज्य सेनानी संगठन का शिष्टमंडल मुख्य कोषाधिकारी से मिला

संवाददाता, खटीमा



मुख्य कोषाधिकारी को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी संगठन का एक शिष्टमंडल मुख्य कोषाधिकारी ऊधम सिंह नगर से मिला। उन्होंने राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन से सबंधित सत्यापन कार्य एवं पेंशन का भुगतान संबंधित तहसील के उप कोषागार से करने की मांग की है।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में मुख्य कोषाधिकारी से मिले राज्य आंदोलनकारियों के शिष्टमंडल ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के उम्रदराज होने और जिला कोषागार दूर होने के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने इस आशय का ज्ञापन भी मुख्य कोषाधिकारी शुक्ल को सौंपा। उन्होंने आंदोलनकारियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए इस आशय की पत्रावली अनुमोदन के लिए जिलाधिकारी को प्रेषित कर दी और शिष्टमंडल को आस्वस्त किया की शीघ्र ही समाधान हो जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश सचिव आलोक गोयल, उपाध्यक्ष हरीश चंद्र कलोनी, भगवान जोशी शामिल रहे।

**मुखर** राजकीय शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने माध्यमिक शिक्षा निदेशालय देहरादून में किया प्रदर्शन, चाक डाउन हड़ताल की चेतावनी दी

# शिक्षकों ने पदोन्नति व स्थानांतरण की मांग को लेकर दिया धरना

- मंगलवार को वापस लौटे ब्लॉक गदरपुर-दिनेशपुर के राजकीय शिक्षक संघ के शिक्षक

संवाददाता, दिनेशपुर




निदेशालय परिषद देहरादून में एक दिवसीय धरने पर मौजूद शिक्षक। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** शिक्षा विभाग में लंबे समय से रुकी हुई पदोन्नति व स्थानांतरण प्रक्रिया को लेकर राजकीय शिक्षा संघ उत्तराखंड के बैनर तले माध्यमिक शिक्षा निदेशालय परिसर देहरादून में शिक्षकों का राज्यव्यापी एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। निदेशक को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई न होने पर 5 जुलाई से चाक डाउन हड़ताल एवं अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की चेतावनी दी।

मंगलवार को राजकीय शिक्षक संघ के ब्लॉक ब्लॉक मंत्री मनोज कुमार राय उर्फ़ मुन्ना ने बताया कि धरने स्थल पर प्रदेशभर से लगभग नौ हजार शिक्षक और समस्त पूर्व एवं वर्तमान जिला कार्यकरिणी एवं ब्लॉक के पदाधिकारियों समेत सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे। पदोन्नति व स्थानांतरण प्रकिया की मांग में गदरपुर- दिनेशपुर से सर्वाधिक शिक्षकों ने भागीदारी की। ब्लॉक मंत्री राय ने कहा कि शिक्षा विभाग की उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर शिक्षकों को धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ा। उन्होंने बताया कि विगत नौ वर्षो से शिक्षकों की पदोन्नति रुकी हुई है। जबकि स्कूलों में पद रिक्त पड़े हैं। विभाग हमेशा न्यायालय का हवाला देकर पदोन्नति की कार्रवाई को टालता रहा है। उनका कहना था कि सरकार यदि चाहे तो एक ही दिन में प्रक्रिया पूरी हो सकती है। उन्होंने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष राम सिंह चौहान व उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने नेतृत्व में शिक्षकों ने सॉफ्टवेयर निर्देशक को ज्ञापन सौंपकर जल्द कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर पांच जुलाई से प्रदेशव्यापी चाक डाउन हड़ताल एवं अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। इस मौके पर गदरपुर-दिनेशपुर से पूर्व जिला कोषाध्यक्ष विवेक कुमार पंवार, रामपाल, लक्ष्मीकांत, कौशल चौधरी, नीतू सिंह, आलोक राय, पंकज अग्रवाल, छत्रपाल सिंह, जयंत शाह, राजेंद्र सिंह, वीरेंद्र चौहान, योगेश घिल्डियाल, धर्मेंद्र सिंह, राकेश यादव, अर्चना सिंह, जमुना पटवाल, सुशील त्रिपाठी, यश यादव, विक्रम पंत, संदीप यादव, सिद्धेश्वर बैरागी आदि मौजूद रहे।

### देहरादून में विशाल आंदोलन की जानकारी दी

**काशीपुर, अमृत विचार :** अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षक एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्देशों के क्रम 23 जून को देहरादून में विशाल आंदोलन के लिये जिला कार्यकारिणी ऊधम सिंह नगर द्वारा ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ब्लॉकों के पदाधिकारियों द्वारा अपनी बात रखी गयी। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हरिओम सिंह, जबकि संचालन जिला मंत्री राजेन्द्र सिंह ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य इरशाद हुसैन कमेटी आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक करना, रोस्टर में उत्पन्न कमियों को दूर करना था। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने देहरादून में होने वाली रैली में शामिल होने की सहमति दी। वहां पर सुभाष चंद्र, जसवंत भारती, जयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक एसोसिएशन का आंदोलन 23 को

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्देशों के तहत 23 जून को देहरादून में शिक्षकों के प्रस्तावित आंदोलन की तैयारियों को लेकर ऊधमसिंह नगर जिला कार्यकारिणी की ऑनलाइन बैठक आयोजित हुई।

इसमें निर्णय लिया गया कि अधिक से अधिक संख्या में शिक्षक देहरादून पहुंचेंगे। मंगलवार को बैठक के दौरान शिक्षक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हरिओम सिंह ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य इरशाद हुसैन कमेटी आयोग की रिपोर्ट को सार्वजनिक कराने और रोस्टर व्यवस्था में व्याप्त कमियों को दूर कराने को लेकर रणनीति तय करना रहा है। इसमें सभी ब्लॉकों के पदाधिकारियों ने अपनी बातें रखते हुए आंदोलन को सफल बनाने को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

उन्होंने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि यह रैली देहरादून के परेड ग्राउंड से प्रारंभ होकर सचिवालय तक निकाली जाएगी। इसमें ऊधमसिंह नगर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होकर आंदोलन को मजबूती प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर शिक्षक एसोसिएशन के जिला मंत्री राजेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र, संरक्षक जसवंत, जिला प्रवक्ता जयपाल सिंह सहित सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप



पुलभट्टा थाना पुलिस की गिरफ्त में आरोपी नशा तस्कर। ● अमृत विचार

### 40 लीटर कच्ची शराब सहित नशा तस्कर को पकड़ा

**किच्छा :** पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने अवैध भट्टी लगाकर कच्ची शराब बना रहे एक आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया। पुलिस ने अवैध शराब भट्टी एवं सैकड़ों लीटर लहन को नष्ट कर मौके से करीब 40 लीटर कच्ची शराब सहित शराब बनाने के तमाम उपकरण बरामद कर कब्जे में ले लिए। थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी एमएस धोनी एवं पुलभट्टा थाना अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पुलभट्टा थाना अंतर्गत बंगाली कॉलोनी क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान बंगाली कॉलोनी स्थित खेत के एक मकान को टीम ने घेर लिया। पुलिस ने घेराबंदी के बाद मकान के कमरे में कच्ची शराब की अवैध भट्टी लगाकर शराब बना रहे एक नशा तस्कर को मौके पर रंगेहाथ दबोच लिया और भट्टी को तोड़ दिया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम पता बंगाली कॉलोनी, थाना पुलभट्टा, जिला ऊधम सिंह नगर निवासी परमजीत सिंह बताया। टीम ने मौके से करीब 40 लीटर कच्ची शराब सहित शराब बनाने के उपकरण एक लोहे का ड्रम, एक मटकी, रबर पाइप, लोहे का पाइप, एक बाल्टी आदि सामान बरामद कर कब्जे में ले लिया। टीम ने कच्ची शराब बनाने के लिए मौके पर एकत्रित किए गए सैकड़ो लीटर लहन को भी नष्ट कर दिया।

### दुकान पर खड़ी बाइक में घुसा सांप

**बाजपुर** : मरम्मत को मिस्त्री की दुकान पर खड़ी बाइक में सांप घुसने से वहां हड़कंप मच गया। दुकानदार ने किसी तरह बाइक दुकान से दूर खुले में ले जाकर डंडे की मदद से उसे बाहर निकाला और बाद में उसे लेवड़ा नदी की ओर छोड़ दिया गया। वार्ड-13 के अंतर्गत मोहल्ला इंदिरा कालोनी में बेरिया रोड पर बने लेवड़ा नदी के पुल के नजदीक बाइक मरम्मत का खोखा है। दुकान पर मरम्मत को आई बाइक पिछले कई दिनों से दुकान पर ही खड़ी थी। बताया जाता है कि मंगलवार को दोपहर में मकैनिक ने बाइक सही करने के लिए जैसे ही उसे खोलना शुरू किया तो इंजन के ऊपर टंकी की खाली जगह में सांप बैठा था जिस पर मिस्त्री की नजर पड़ गई। घटना की जानकारी से वहां हड़कंप मच गया और आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। बाद में दुकानदार बाइक को लेवड़ा नदी की ओर ले गया और किसी तरह डंडे से उसे बाहर निकाला गया, जिसे डंडे के सहारे नदी की ओर ले जाकर छोड़ दिया गया।

### ससुरालियों पर घरेलू हिंसा करने का आरोप

**बाजपुर** : विवाहिता ने ससुरालियों पर घरेलू हिंसा कर गाली-गलौज एवं मारपीट करने का आरोप लगा कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम कनौरा निवासी अफरोज जहां पत्नी फिरोज ने पुलिस को बताया कि सास-ससुर, देवर, ननद, ननदोई आदि पिछले कई माह से घरेलू क्लेश करते हुए तंग व परेशान कर रहे हैं। आरोप है कि मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे आरोपियों ने एकराय होकर गाली-गलौत करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर पहुंचे एक अन्य देवर ने बीच-बचाव किया तो हमलावरों ने उसके साथ भी हाथापाई की तथा जान से मारने की धमकी दी। वहीं खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

### 866 आपत्तियों में से 446 पर हुई सुनवाई

**रुद्रपुर :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में आरक्षण व्यवस्था को लेकर विकास भवन भवन के कई विभागों में आपत्तियों की सुनवाई हुई। इस दौरान जिलेभर से आई 866 आपत्तियां में 446 आपत्तियों की सुनवाई हुई। मंगलवार को आपत्तियों की सुनवाई के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी महेश कुमार ने बताया कि जिले के आठ विकासखंड जसपुर, काशीपुर, बाजपुर गदरपुर रुद्रपुर सितारगंज खटीमा की 866 का पत्तियों में से 446 पत्तियों पर सुनवाई हुई। उन्होंने बताया कि विकासखंड जसपुर और काशीपुर में ग्राम पंचायत सदस्यों की तीन आपत्तियां में दो पर सुनवाई हुई। इसी तरह जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, सितारगंज और खटीमा विकासखंड में प्रधानों की 600 आपत्तियां में 329 आपत्तियों पर सुनवाई हुई। जबकि क्षेत्र पंचायत सदस्य की 105 आपत्तियां में 59 आपत्तियों की सुनवाई हुई। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत सदस्य के लिए आई 110 आपत्तियां में 39 आपत्तियों पर सुनवाई हुई। क्षेत्र प्रमुख पर 48 आपत्तियों में 17 आपत्तियों पर सुनवाई की गई। उन्होंने बताया कि सुनवाई की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है।

# नंदा देवी राजजात यात्रा में इस बार डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम: सीएम

## यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत हेल्पलाइन नंबर जारी होंगे, मुख्यमंत्री धामी ने की समीक्षा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में अगले साल आयोजित होने वाली नंदा देवी राजजात यात्रा में यात्रा मार्ग पर दूरसंचार की व्यवस्थाओं के साथ डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए यात्रा के दौरान हेल्पलाइन नंबर जारी करने और उच्चाधिकारियों को यात्रा के दौरान उच्च हिमालयी क्षेत्रों में विभिन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने मंगलवार को वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और यात्रा से जुड़े पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। निर्देश दिए कि भव्य नंदा राजजात यात्रा के आयोजन के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर तैयारियों में तेजी लाएं। यात्रा की



नंदा राजजात यात्रा की तैयारी संबंधी बैठक करते सीएम पुष्कर सिंह धामी।

बेहतर व्यवस्थाओं के लिए जन प्रतिनिधियों, नंदा राजजात यात्रा समिति के सदस्यों और हितधारकों के सुझाव लिए जाएं। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि यात्रा के सफल संचालन के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन किया जाए। पिछली यात्राओं के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। यात्रा से संबंधित सभी पैदल मार्गों की अच्छी व्यवस्थाओं के साथ स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। यात्रा के पड़ाव पर श्रद्धालुओं को ठहरने की बेहतर व्यवस्थाओं के साथ ही भोजन और स्नान घरों की व्यवस्था के भी उन्होंने निर्देश दिए।

### स्वास्थ्य सुविधाओं पर दें विशेष ध्यान

सीएम ने निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान दें। मेडिकल कैंप और चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। यात्रा के दौरान हेली एम्बुलेंस की व्यवस्था रखें। नंदा राजजात यात्रा बरसात के समय होती है, इसके दृष्टिगत संक्रामक रोगों से बचाव के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करें। यात्रा के अधिकतम पड़ाव वन क्षेत्र में होने के कारण वन और पर्यावरण की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखें। श्रद्धालुओं के लिए टेंट की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखें। भीड़ प्रबंधन और यातायात सिस्टम मजबूत बने।

### सीएस प्रतिमाह, आयुक्त हर हफ्ते करें समीक्षा

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि वे प्रतिमाह यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करें। गढ़वाल और कुमांऊ आयुक्त भी प्रत्येक सप्ताह यात्रा से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करेंगे। गढ़वाल और कुमांऊ के जिन क्षेत्रों से श्रद्धालु और डोलियां आती हैं, उन सभी क्षेत्रों में भी सड़क, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए।

> उत्तराखंड में अगले साल होने वाली 280 किमी की ऐतिहासिक नंदा देवी राजजात यात्रा के भव्य आयोजन और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। वर्ष 2027 में हरिद्वार में होने कुंभ के लिए भी सभी तैयारियां की जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में नंदा देवी राजजात और हरिद्वार कुंभ का भव्य और दिव्य आयोजन किया जायेगा।
>
> **- पुष्कर सिंह धामी,** मुख्यमंत्री

# कांग्रेस के आईटी सेल के प्रदेश सचिव पर हमला

संवाददाता, काशीपुर

- **हमले का वीडियो बनाकर किया वायरल, पीड़ित ने पुलिस को सौंपी है तहरीर**

**अमृत विचार:** चार से पांच नकाबपोशों ने कांग्रेस के आईटी सेल के प्रदेश सचिव एवं कुमाऊं संयोजक रवि पपनै पर बेल्टों से हमला कर दिया। आरोपियों ने हमले का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में चार से पांच नकाबपोश बेल्ट से पपनै पर वार करते दिख रहे हैं। घटना के संबंध में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने एएसपी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सोमवार रात करीब 11 बजे सैनिक कॉलोनी निवासी रवि पपनै अपने घर जा रहे थे। तभी कॉलोनी से होकर जा रही बाइपास सड़क पर अचानक 4-5 नकाबपोश लड़कों ने पीछे से आकर उन पर बेल्टों से हमला शुरू कर दिया। हमले से बचने के लिए वह घर की गली की ओर दौड़ पड़े। इसके बाद नकाबपोश वहां से फरार हो गए। जैसे-तैसे पपनै गिरीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें प्राथमिक इलाज दिया। रवि पपनै पर हमले की सूचना पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन और संदीप सहगल मौके पर पहुंचे। जिसके बाद हमले की सूचना आईटीआई थाना को दी गई। रवि पपनै के अनुसार नकाबपोशों ने खुद ही घटना का वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल कर दिया। वहीं मंगलवार को कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल एसएसपी मणिकांत मिश्रा से मिलने पहुंचा। लेकिन मीटिंग में होने के चलते एएसपी अभय सिंह उनसे मिले। जिसके बाद कांग्रेसियों ने एएसपी को घटना से अवगत कराया और तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। एएसपी अभय सिंह ने उन्हें रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन ने बताया कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा को भी घटना से अवगत कराया गया है। फिलहाल इस हमले के पीछे की वजह साफ नहीं हो सकी है। कांग्रेस नेताओं ने घटना को निंदनीय बताया है। प्रतिनिधि मंडल में संदीप सहगल, विमल गुड़िया, अलका पाल, अब्दुल कादिर पार्षद, अरुण चौहान आदि शामिल थे।

# कुंडा क्षेत्र की एक दवा फैक्ट्री में ईडी का छापा

संवाददाता, काशीपुर

- **छापे से मचा औद्योगिक क्षेत्र में हड़कंप**
- **फैक्ट्री परिसर को सुरक्षा घेरे में लेकर कई घंटे तक जांच की**

**अमृत विचार:** कुंडा थाना क्षेत्र स्थित एक दवा फैक्ट्री पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने मंगलवार को अचानक छापा मारा। इस दौरान फैक्ट्री परिसर को सुरक्षा घेरे में लेकर टीम ने कई घंटे तक जांच-पड़ताल की। यहां तक कि किसी को भी भीतर नहीं जाने दिया जा रहा था।

सूत्रों के मुताबिक मंगलवार सुबह आठ बजे ईडी की दस सदस्यीय टीम कुंडा थाना क्षेत्र स्थित एक दवा फैक्ट्री में पहुंची। इस दौरान टीम ने पूरी फैक्ट्री को अपने घेरे में ले लिया। बताया जा रहा है कि टीम ने फैक्ट्री के खातों, लेनदेन और उत्पादन संबंधी दस्तावेजों की गहनता से जांच पड़ताल की। टीम के कुंडा क्षेत्र में दवा फैक्ट्री में छापे मारने की कार्रवाई को इतना गोपनीय रखा गया कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस को भी इसकी जानकारी नहीं दी गई। हालांकि अचानक हुई इस कार्रवाई से पूरे औद्योगिक क्षेत्र में खलबली मच गई है। इतना ही नहीं मीडिया कर्मियों को भी परिसर से दूर रखा गया। इस मामले में अभी तक ईडी के अधिकारियों का कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। उधर फैक्ट्री मालिक या प्रबंधन की ओर से भी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिली है। एसओ कुंडा हरेंद्र चौधरी ने बताया कि ईडी की टीम क्षेत्र के एक दवा फैक्ट्री में छापेमारी करने आई है। हालांकि उन्हें इसकी जानकारी नहीं दी गई है और न ही कोई सुरक्षा व्यवस्था के लिये फोर्स मांगा गया था। टीम अपने साथ देहरादून से पुलिस लेकर आई है। खबर लिखे जाने तक ईडी की छापेमारी जारी थी। उधर, छापे को लेकर लोगों में तरह-तरफ की चर्चाएं हैं। लोग अपने हिसाब से कयासबाजी कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री धामी की पहल पर लगा सूचना निदेशालय परिसर में विशेष स्वास्थ्य कैम्प

# पत्रकारों में निकली शुगर, बीपी की समस्या, दृष्टि दोष भी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में मंगलवार को स्वास्थ्य और सूचना विभाग की ओर से देहरादून में पत्रकारों और उनके परिजनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प आयोजित किया गया, जिसमें 350 से अधिक पत्रकारों और उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

मुख्यमंत्री धामी ने पत्रकारों के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशीलता दिखाते हुए गत दिनों अधिकारियों को इसके निर्देश दिए थे। इसी क्रम में मंगलवार को रिंग रोड स्थित सूचना निदेशालय परिसर में विशेष स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सकों ने पत्रकारों की स्वास्थ्य जांच करते हुए, परामर्श दिया। साथ ही पैथॉलॉजी सहित अन्य जांचें और आभा आईडी बनाने का काम भी मौके पर किया गया। इस विशेष स्वास्थ्य कैम्प का शुभारंभ स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार और महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने किया।



विशेष स्वास्थ्य कैम्प का शुभारंभ करते स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार और महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी।

इस मौके पर सचिव डॉ. कुमार ने कहा कि पत्रकार और मीडियाकर्मियों की व्यस्तता को देखते हुए, यह कैम्प आयोजित किया गया, जिसमें एक ही छत के नीचे विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जांच के बाद परामर्श प्रदान किया। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने कहा कि भविष्य में भी पत्रकारों के कल्याण के लिए इस तरह के कैम्प आयोजित किए जाएंगे। कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पत्रकार हितों के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं, यह कैम्प इसी क्रम में आयोजित किया गया।

निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना ने बताया कि कैम्प में 350 से अधिक पत्रकारों और उनके परिजनों की जांच की गई। कई ऐसे मामले भी सामने आए, जिसमें पत्रकारों को जांच के बाद ही पहली बार शुगर, बीपी, दृष्टि दोष जैसे समस्याओं का पता चला, इसके लिए उन्हें परामर्श के साथ दवाई भी दी गईं।

> मीडियाकर्मी दिन-रात भागदौड़ में लगे रहते हैं, इस कारण कई बार स्वास्थ्य की देखभाल के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं। इसलिए यह विशेष स्वास्थ्य कैम्प लगाया गया। आगे भी समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य कैम्प आयोजित होंगे, ताकि पत्रकारों को निरंतर स्वास्थ्य लाभ मिल सके।
>
> **-पुष्कर सिंह धामी,** मुख्यमंत्री

# तेजी से करें विस्तारीकरण, ऑपरेशनल स्ट्रक्चर प्लान बनाएं

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**बैठक**

- **मुख्य सचिव ने सिविल एविएशन की बैठक में दिए निर्देश**
- **देहरादून व पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की प्रगति बताई**

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव (सीएस) आनंद बर्धन की अध्यक्षता में मंगलवार को उत्तराखंड नागरिक उड्डयन (सिविल एविएशन) की समीक्षा बैठक की गई।

मुख्य सचिव ने प्रदेश में वर्तमान समय में हवाई सेवाओं के संचालन की वर्तमान स्थिति तथा हवाई कनेक्टिविटी के विस्तार से संबंधित एयरपोर्ट और हवाई पट्टी निर्माण व इसके विस्तार की प्रगति की जानकारी ली।

जिलाधिकारी देहरादून और ऊधमसिंह नगर ने देहरादून और पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। सीएस ने दोनों जिलाधिकारियों को एयरपोर्ट के विस्तारीकरण से संबंधित कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएम ऊधमसिंह नगर को एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए अधिग्रहित की जा चुकी भूमि को शीघ्रता से क्लियर करते हुए अग्रिम कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

साथ ही, जिलाधिकारी पिथौरागढ़ को एयरपोर्ट का नियमित ऑपरेशनल स्ट्रक्चर प्लान तैयार करने के निर्देश देते कहा कि एयरपोर्ट के समुचित संचालन के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) से डेपुटेशन के माध्यम से जबकि अन्य एजेंसियों से आउटसोर्स के माध्यम से कार्मिकों की तैनाती की जाए।

सीएस ने पिथौरागढ़ एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के संबंध में निर्देश दिए कि टनल की लोड बियरिंग कैपेसिटी की आईआईटी रुड़की अथवा इसी तरह के उच्च तकनीकी संस्थान से जांच कराएं। डीजी युकाडा को राज्य में एयर कनेक्टिविटी के विस्तार से संबंधित किए जा रहे विभिन्न कार्यों की वर्तमान स्टेटस तथा भविष्य की योजनाओं का विस्तार पूर्वक विवरण अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में सचिव एविएशन सचिन कुर्वे, डीजी यूकाड़ा सोनिका व जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल मौजूद रहे जबकि डीएम ऊधमसिंह नगर और पिथौरागढ़ वर्चुअल माध्यम से बैठक से जुड़े। सभी से नागरिक सुविधाओं का विशेष ध्यान देने का आह्वान किया गया।

## वर्ग पहेली-5

**बाएं से दाएं**

1. सितार जैसा एक वाद्ययंत्र जिसके दोनों सिरों पर तूंबे लगे रहते हैं।

5. 1. (पुराण) परलोक की एक नदी जिसे मरने के बाद प्रत्येक जीवात्मा को पार करना पड़ता है 2. ओडिशा की एक नदी जो पवित्र मानी गई है।

6. एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करने की क्रिया या भाव, अनुवाद।

9. 1. जो बकवास से भरा हुआ हो 2. ऐसी पद्यमय रचना जिसकी तुकें न मिलती हों, अंत्यानुप्रासहीन 3. जो अवसर के हिसाब से अनुपयुक्त हो।

10. सांसारिक, दुनिया का, लौकिक।

**ऊपर से नीचे**


2. जलमार्ग से आवागमन, जलयात्रा।

3. तुन का वृक्ष।

4. 1. बार-बार इधर से उधर आना-जाना 2. किसी कार्य हेतु पूर्ण प्रयत्न।

7. 1. सिख धर्मानुसार धर्मविरोधी कार्य करने वाला, धर्मापराधी 2. धर्मच्युत।

8. 1. फेंके जाने की क्रिया 2. प्रक्षेपण।





### वर्ग पहेली -4 का हल


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 जं | घि | ल | ■ | ■ | 2 शे | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 कु | शे | श | य |
| ■ | 4 उ | ■ | रे | ■ | वी | ■ |
| ■ | ल | ■ | द | ■ | ■ | 5 नि |
| 6 भ | ट | क | ना | ■ | ■ | कुं |
| ■ | फे | ■ | ■ | ■ | ■ | च |
| 7 वा | र | ना | ■ | 8 ने | ति | क |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी- 13 .34 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग





**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-भाद्रपद 19 जून 12 .23 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** — आज विद्यार्थी रचनात्मक लेखन और प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। परिवार के सदस्यों के बीच आपसी तालमेल अच्छा रहेगा। घर में अस्त-व्यस्त सा वातावरण हो सकता है। मार्केटिंग संबंधी कार्यों से धन लाभ हो सकता है। दांपत्य जीवन में प्रेम और रोमांस बढ़ेगा।

**वृष** — आज आपकी प्रतिभा लोगों के सामने उभर के आयेगी। घर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। धर्म-कर्म और अध्यात्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। कारोबार को लेकर दूरदर्शी निर्णय ले सकते हैं। समाज में छवि अच्छी बनेगी।

**मिथुन** — आज घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। घर में सुकून और शांति का वातावरण रहेगा। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। छात्रों को नया अनुभव और ज्ञान प्राप्त होगा। व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय से पहले प्राप्त कर पायेंगे।

**कर्क** — आज मित्र की आर्थिक सहायता करनी पड़ सकती है। इससे आपको आत्मिक प्रसन्नता मिलेगी। आज महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संभालकर रखें। आज आप गलत कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह** — आज आपके विनम्र स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। होटल कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। पति-पत्नी के मध्य के आपसी संबंध और मधुर होंगे। बड़े बुजुर्ग लोगों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज युवा प्रेमी डेट पर जा सकते हैं। श्वास रोगियों को समस्या हो सकती है।

**कन्या** — आज रियल एस्टेट में आप निवेश कर सकते हैं। आयात-निर्यात से आपको अच्छा धन लाभ मिलेगा। नई ऊर्जा के साथ अपने काम में लगे रहें। अध्यात्मिक प्रवृत्ति के लोगों के साथ समय बिताने का प्रयास करें। किसी बात को लेकर आप उलझन में रहेंगे।

**तुला** — आज शेयर मार्केट में निवेश करने वाले लोगों के लिए दिन उत्तम है। संतान को लेकर शुभ समाचार मिल सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। मित्र के साथ मनमुटाव हो सकता है। मन में कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी।

**वृश्चिक** — आज आप जो भी काम करेंगे उसे अच्छी तरह से करेंगे। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों में आपकी रुचि जागृत होगी। नयी डील करने में जल्दबाजी न करें। आपको जीवनसाथी की उत्तम सलाह प्राप्त होगी। लेकिन उनसे वैचारिक मतभेद उभर सकते हैं।

**धनु** — आज का दिन उत्साह से पूर्ण रहेगा। किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। रिश्तों में मिठास की भावना बढ़ेगी। दोस्तों और भाई-बहनों के साथ संबंध मजबूत होंगे। नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं।

**मकर** — आज वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा। घर में अनुशासन का वातावरण रहेगा। विवाहेतर संबंधों में रुचि न लें। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों से सावधानी रखनी चाहिए। घर के सदस्यों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**कुंभ** — आज संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। महिलाओं का स्वास्थ्य बहुत ही अच्छा रहेगा। रुके हुए कार्यों में गति आयेगी। कठोर परिश्रम के माध्यम से परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे। जीवनसाथी का उचित सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन** — आज दोस्तों के साथ व्यर्थ कार्यों में समय बर्बाद न करें। वकीलों को कठिन केस मिलने के योग बन रहे हैं। गलत खानपान के कारण पेट में अपच हो सकता है। मित्र व सहकर्मी आपसे नाराज हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में कोई वादा करने से बचें।

## सुडोकू-12

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | | | | | 2 |
| 1 | 5 | 7 | | | 2 | | | 9 |
| | | 2 | 6 | | | 8 | 4 | 7 |
| | 8 | | | | 6 | | | 1 |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 4 | | | 2 | | | | 3 | |
| 2 | 3 | 5 | | | 9 | 1 | | |
| 9 | | | 8 | | | 7 | 5 | 6 |
| 8 | | | | | 1 | | | |

### सुडोकू - 11 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 4 | 7 |
| 3 | 4 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 6 |
| 8 | 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 9 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 |

# चम्पावत में रन फॉर योगा में उमड़े लोग, दिखा उत्साह

## दौड़ में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, एसएसबी जवानों व पुलिसकर्मियों सहित 170 प्रतिभागियों ने किया प्रतिभाग

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत


चम्पावत में रन फॉर योगा आयोजन के दौरान अतिथियों के साथ विजेता प्रतिभागी। ● अमृत विचार


रन फार योगा के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते विधायक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के काउंटडाउन कार्यक्रम के अंतर्गत चम्पावत में मंगलवार को रन फॉर योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिलाधिकारी नवनीत पांडेय के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 6:30 बजे पुलिस लाइन, चम्पावत से गोरलचौड़ मैदान तक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम नवनीत पांडेय द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस दौड़ में जनप्रतिनिधियों, जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों, एसएसबी जवानों, पुलिसकर्मियों एवं आम जनमानस सहित 170 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने योग और नशामुक्ति के लिए सामूहिक शपथ भी ली। महिला वर्ग में प्रथम सुमन, द्वितीय गीतिका महर तथा तृतीय स्थान रिया ने और पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान सुमित कुमार, द्वितीय स्थान नवीन बोहरा तथा तृतीय स्थान हिमांशु कुमार ने प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को डीएम नवनीत पांडेय, एसपी अजय गणपति व अन्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

डीएम पांडेय ने कहा कि योग से शरीर, प्रकृति और मन आत्मा से जुड़ता है। यह केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवनशैली है जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि 21 जून को जनपद के 5 स्थानों पर आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करें। एसपी अजय गणपति ने कहा रन फॉर योगा का आयोजन युवाओं और समाज को स्वास्थ्य एवं जागरुकता की दिशा में प्रेरित करने के लिए किया गया है।

कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष प्रेमा पांडेय, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, सीडीओ डॉ. जी एस खाती, एसडीएम अनुराग आर्या, विमी जोशी, चंदन सिंह बिष्ट, धीरज कार्की, जसवंत खड़ायत, वसुंधरा गर्ब्याल, अशोक अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### विधायक ने किया रन फॉर योगा कार्यक्रम का शुभारंभ

**रानीखेत, अमृत विचार** :11वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवा विभाग अल्मोड़ा द्वारा 'रन फॉर योगा' कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने किया। डॉ. विजयशील उपाध्याय निदेशक हेड़ाखान ट्रस्ट हास्पिटल चिलियानौला रानीखेत के मार्गदर्शन व डॉ. मोहम्मद शाहिद जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के दिशा निर्देश में डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. ललित मोहन जोशी, डॉ. कुबेर सिंह अधिकारी, डॉ. मुकेश कुमार गुप्ता, डॉ. अभिलाषा गुप्ता, डॉ.शैलेन्द्र डागर, डॉ. जितेंद्र पपनोई, डॉ. शोभा पपनोई के सहयोग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने रन फॉर योगा में प्रतिभाग करते हुए अटल उत्कृष्ट राइंका ताड़ीखेत के छात्र भास्कर सिंह फर्त्याल व आशु रावत ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान एवं गीता पपने ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तेजस चतुर्थ स्थान पर रहें। विधायक नैनवाल ने योग को भारत का विश्व के लिए वरदान बताया। उन्होंने 21जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम हेतु लोगों से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने हेतु आह्वान किया। डॉ. विजयशील उपाध्याय ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जीवन में केवल एक दिन ही नही अपितु प्रत्येक दिन योग करने हेतु सुझाव दिया। कार्यक्रम में लक्ष्मण सिंह प्रधानाचार्य जीआईसी ताड़ीखेत, रोजी नय्यर प्रधानाचार्या जीजीआईसी ताड़ीखेत, मंजीत भगत प्रधान ताड़ीखेत, डॉ. राहुल त्यागी, धन सिंह नेगी, गणेश राम, कार्यालय प्रभारी मेहरा, संजय, भूमा उपाध्याय, अजय पांडे, विवेक भट्ट आदि लोग उपस्थित रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को विधायक ने पुरस्कार प्रदान किए।

# आधे अल्मोड़ा नगर में चार घंटे गुल रही बत्ती

संवाददाता, अल्मोड़ा

- खत्याड़ी बिजली घर में खराबी आने से नगर में बाधित रही आपूर्ति
- आम उपभोक्ताओं को करना पड़ा दिक्कतों का सामना

**अमृत विचार:** आधे अल्मोड़ा नगर के लोगों को मंगलवार को बिजली का संकट झेलना पड़ा। लोअर माल रोड स्थित खत्याड़ी बिजली घर में वीसीबी मशीन में खराबी के चलते शटडाउन लेना पड़ा। शटडाउन के चलते करीब चार घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही।

मंगलवार को खत्याड़ी बस स्टेशन में वीसीबी मशीन में अचानक खराबी आ गई। जिसके चलते करीब साढ़े 12 बजे इससे जुड़े क्षेत्रों कैंट, चौघानपाटा, खत्याड़ी, दुगालखोला, माल गांव समेत अन्य स्थानों में आपूर्ति बाधित रही। इस दौरान करीब चार घंटे बिजली आपूर्ति बाधित होने से आम लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी शो-पीस बने रहे। बिजली गुल होने से लोगों को परेशानियां उठानी पड़ी। हालांकि ऊर्जा निगम की ओर से वीसीबी मशीन में खराबी को ठीक कर शाम साढ़े चार बजे बिजली आपूर्ति सुचारू की गई। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

> नगर के लोअर मालरोड स्थित खत्याड़ी बस स्टेशन के बिजली घर में वीसीबी मशीन में खराबी आ गई थी। खराबी को ठीक कर बिजली आपूर्ति शाम साढ़े चार बजे सुचारू कर दी गई थी।
> –**कन्हैया मिश्रा**, अधिशासी अभियंता, ऊर्जा निगम अल्मोड़ा


खत्याड़ी बिजली घर में मंगलवार को आई खराबी को ठीक करते कर्मचारी।

## सार-संक्षेप



टनकपुर में बाल श्रम मुक्त अभियान चलाते अधिकारी। ● अमृत विचार

### बाल श्रमिक रेस्क्यू अभियान चलाया

**टनकपुर :** जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रकाश सिंह बृजवाल के निर्देशन में जनपद चम्पावत के टनकपुर क्षेत्र में बाल श्रमिक रेस्क्यू अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के दौरान क्षेत्र में कोई भी बाल श्रमिक कार्यरत नहीं पाया गया। अभियान के दौरान क्षेत्र के होटल, फल एवं सब्जी विक्रेताओं से संपर्क कर बाल श्रम उन्मूलन के विषय में जागरूक किया गया। साथ ही सख्त चेतावनी दी गई कि कोई भी प्रतिष्ठान, दुकान, होटल अथवा ढाबों में बाल श्रमिकों को कार्य पर न लगाएं अन्यथा उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी देवेश पांडे, सीडब्ल्यूसी की अध्यक्ष आनंदी अधिकारी, संरक्षण अधिकारी मीनू पंत त्रिपाठी, चाइल्ड हेल्पलाइन जिला समन्वयक संतोषी, तथा श्रम विभाग से कनिष्ठ सहायक सूरज बिष्ट मौजूद रहे।

### हरीश लाल बने जिला उद्यान अधिकारी

**टनकपुर :** हरीश लाल कोहली ने जनपद चम्पावत के तेरहवें जिला उद्यान अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इससे पूर्व में वह मुनस्यारी में ज्येष्ठ उद्यान निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे। कहा कि चम्पावत को 'मॉडल जिला' के रूप में विकसित करने की दिशा में उद्यान विभाग की भूमिका को और सशक्त बनाया जाएगा तथा किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे पूर्व मोहित मल्ली द्वारा चम्पावत का अतिरिक्त कार्यभार संभाला जा रहा था।



### शकील हुए अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य मनोनीत

**बनबसा :** भाजपा नेता और पूर्व सभासद शकील अहमद मंसूरी को सरकार ने राज्य अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य मनोनीत किया है। अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य बनने पर शकील मंसूरी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व संगठन का आभार जताया। विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, मंडल अध्यक्ष कमलेश भट्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा देवी, संजय जोशी, देवेन्द्र ठाकुर, रफी अंसारी, मनोज कश्यप, पंकज भट्ट आदि ने खुशी जताई।



### भालू के हमले से बचने के दौरान गिरा कर्मी, चोटिल

**टनकपुर :** वन निगम के टनकपुर डिपो नंबर 3 में ड्यूटी पर तैनात एक वन कर्मी चोटिल हो गया। भालू के हमले से बचने के प्रयास में भागने के दौरान वन कर्मी के पांव में कई जगह चोटें लगी। टनकपुर उप जिला अस्पताल में इलाज के बाद वन कर्मी को छुट्टी दे दी गई। वन निगम के कर्मचारी वीरेंद्र चन्द (44) पुत्र स्वर्गीय नैन चन्द की गेट नंबर 3 में ड्यूटी थी। आमबाग निवासी वीरेंद्र के मुताबिक 16 जून की रात वे ड्यूटी पर तैनात थे, इसी दौरान रात के वक्त वहां से गुजर रहे भालू ने उन पर हमले की कोशिश की। बचने के प्रयास में वे गिर गए और चोटिल हो गए। वीरेंद्र को अस्पताल ले जाया गया। उप जिला अस्पताल के डॉ. मोहम्मद उमर ने बताया कि वीरेंद्र के पांव में चोटें थी, इलाज के बाद उनके स्वाथ्य में सुधार होने पर उन्हें छुट्टी दे दी गई।

# आपदा हेल्पलाइन कंट्रोल रूम स्थापित

- राहत बचाव और सूचनाओं का हो सकेगा आदान-प्रदान

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिले में मानसून सीजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। एडीएम सीएम मर्तोलिया ने प्राकृतिक आपदा से निपटने, राहत बचाव कार्य प्रारंभ करने एवं सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के लिए जनपद स्तर और तहसील स्तर पर आपदा नियंत्रण कक्षों की स्थापना की गई है।

मानसून काल में आपदा की संभावनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी कर दिए हैं। इसके तहत सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र अल्मोड़ा के लिए 05962-237874, 237875, 7900433294, 9411303153 और टोल फ्री नं 1077 जारी किया है। इसके अलावा आपदा नियंत्रण कक्ष अल्मोड़ा 05962-231951, रानीखेत 05966-221376, 9897040649, सोमेश्वर 6399693155, द्वाराहाट 05966-244860, 7060122034, चौखुटिया 05966-246699, 7060458596, भिकियासैंण 05966- 242025, स्याल्दे 8218454658, मछोड़ में 8194032518, लमगड़ा 05962-256008, 7535028773, जैंती 9675463770, भनोली 9410333925 और सल्ट में 9897040669 नंबर जारी किया गया है।

# कृषि भूमि को जंगली जानवरों से बचाने की मांग

- पर्वतीय कृषि रक्षा समिति ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन
- किसानों की भूमि को तारबाड़ और सुरक्षा की उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा में मंगलवार को डीएम को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जंगली और आवारा जानवरों से निजात की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को पर्वतीय कृषि रक्षा समिति के सदस्यों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। कहा कि धरातल पर जंगली जानवरों से कृषि की रक्षा को लेकर कारगर उपाय किए जाने चाहिए।

ज्ञापन में कहा कि जिले में विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान और गोविंद बल्लभ पर्यावरण संस्थान जैसी केंद्रीय संस्थाए कार्यरत हैं। राज्य सरकार की रीप संस्था, कृषि विभाग, भूमि संरक्षण सहित अनेक सरकारी गैर-सरकारी संस्थाएं कृषि के विकास के लिए भारी धनराशि व्यय कर रही हैं, लेकिन धरातल पर प्रतिवर्ष कृषि का क्षेत्रफल घटता जा रहा है। इसलिए शासन-प्रशासन को धरातल पर जंगली जानवरों से कृषि की रक्षा, कृषि योग्य भूमि के सुधार, गांवों को घेर रही जंगली झाड़ियों के कटान, किसानों की भूमि को तारबाड़ और सुरक्षा के अन्य उपायों को संबंधित विभागों को निर्देश के साथ पर्याप्त धनराशि भी उपलब्ध करानी चाहिए। वहीं, सरकार को कृषि भूमि को आवारा और जंगली जानवरों से निजात को उचित कदम उठाए चाहिए। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में ब्रह्मानन्द डालाकोटी, केशव दत्त मिश्रा, हरीश डालाकोटी, शिवदत्त पांडे, दौलत सिंह बगडवाल, देवनाथ गोस्वामी, गोपाल सिंह बनौला, शिवदत्त पांडे, प्रताप सिंह, बसंत जोशी आदि मौजूद रहे।

# पर्वतीय क्षेत्रों में डीडीए समाप्त होने तक चलाएंगे आंदोलन

संवाददाता, अल्मोड़ा



गांधी पार्क में डीडीए समाप्ति की मांग को लेकर धरना देते संघर्ष समिति के सदस्य।

**अमृत विचार:** पर्वतीय क्षेत्रों में जिला विकास प्राधिकरण को समाप्त करने की मांग को लेकर मंगलवार को संघर्ष समिति ने धरना दिया। इस दौरान लोगों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। चेतावनी दी कि जब तक डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी नहीं हो जाता संघर्ष समिति प्रत्येक सप्ताह गांधी पार्क में सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन पर अडिग रहेगी।

धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि जिला विकास प्राधिकरण पहाड़ी क्षेत्रों के कतई अनुकूल नहीं है। यहां के लोगों को इससे कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समिति इसे हटाने की लंबे समय से मांग कर रही है, लेकिन सरकार की ओर से फिर भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। सदस्यों ने सरकार से जल्द से जल्द डीडीए हटाने की मांग की।

इस दौरान धरना प्रदर्शन में पूर्व पालिकाध्यक्ष व समिति के संयोजक प्रकाश चंद्र जोशी, पार्षद हेम चंद्र तिवारी, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, शहाबुद्दीन, प्रताप सिंह सत्याल, रॉबिन मनोज भंडारी, ललित मोहन पंत, गोविंद बल्लभ जोशी, चंद्रमणि भट्ट, हेम चंद्र जोशी, दया कृष्ण कांडपाल, भारत रत्न पांडे, प्रत्येश कुमार पांडे समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे।

## तीसरे दिन सुनाई दक्ष प्रजापति की कथा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** हिमालय स्वराज सेवा ट्रस्ट की ओर से भगवानपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन प्रसिद्ध कथा वाचक गिरीशानंद शास्त्री ने दक्ष प्रजापति की कथा का रसपान कराया।

उन्होंने बताया कि जहां सतयुग, त्रेता और द्वापर युग में भगवान को प्रसन्न करने के लिए वर्षों की तपस्या, यज्ञ और अनुष्ठान आवश्यक थे, वहीं कलयुग में केवल हरिनाम संकीर्तन से ही भगवान प्रसन्न हो जाते हैं। मंगलवार को जजमान के रूप में राजेन्द्र प्रसाद पांडे एवं उनकी धर्मपत्नी विमला पांडे सहित कमल पांडे, पूजा पांडे, धीरज पांडे एवं शीतल पांडे ने विधिवत पूजन किया। पूजन कार्य आचार्य हेम सत्यबली, मयंक उपाध्याय, धीरज एवं अन्य आचार्यों द्वारा संपन्न कराया गया।



शिक्षिका दीपा को सम्मानित करते उप कुलपति टीएन जोशी व पूर्व सीएम राजेन्द्र रावल।

### नेपाल में सम्मानित हुईं शिक्षिका दीपा

**बैरती (अल्मोड़ा) :** निकटवर्ती बसभीड़ा निवासी राजकीय इंटर कॉलेज महाकालेश्वर की शिक्षिका को नेपाल में साहित्य सम्मेलन में सम्मानित किये जाने पर क्षेत्र के शिक्षाविदों व लोगों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है। यह आयोजन 7-8 जून 2025 को सुदूरपश्चिम प्रज्ञा प्रतिष्ठान धनगढी, कैलाली, नेपाल में हुआ था। सम्मेलन का उद्देश्य भारत और नेपाल के बीच साहित्य, कला और संस्कृति के क्षेत्र में विचारों का आदान–प्रदान और आपसी संबंधों को मजबूत करना था। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, उप कुलपति, साहित्यकार, रंगकर्मी, संस्कृति कर्मी व मीडिया कर्मी उपस्थित रहे। उन्होंने विगत दिनों स्रोत से संगम तक पद यात्रा में भी हिस्सा लिया। वे नदियों के गिरते जल स्तर से भी चिंतित है। इनके सम्मानित होने पर गेवाड़ घाटी के लोगों ने स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया है।


जिला अस्पताल अल्मोड़ा में भर्ती मरीजों को फल वितरित करते भाजपाई। ● अमृत विचार

### भाजपाइयों ने पूर्व सीएम कोश्यारी का जन्मदिवस मनाया

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के जन्मदिन के अवसर पर मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से जिला अस्पताल अल्मोड़ा में फल वितरण किया गया। अस्पताल में भर्ती मरीजों का हाल–चाल जान कर शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री कोश्यारी के दीर्घायु और निरोगी रहने के लिए प्रार्थना की गई। मौके पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि भगत सिंह कोश्यारी ने राज्य के विकास के लिए कई अहम कार्य किए है। नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट ने कहा की भगत सिंह कोश्यारी लंबे समय से सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय हैं और सेवा कार्यों के लिए जाने जाते हैं। कार्यक्रम में मेयर नगर निगम अजय वर्मा, नगर महामंत्री अर्जुन बिष्ट व देवेंद्र भट्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष गोविंद पिल्खवाल, जिला महामंत्री धर्मेंद्र बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष बीना नयाल, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष किरन पंत, पार्षद राहुल जोशी आदि मौजूद रहे।

अभियान | पिथौरागढ़ कलक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को हुई जनसुनवाई, जिलाधिकारी ने कहा– शासन करेगा अंतिम सूची जारी

# पंचायत चुनाव आरक्षण : 268 आपत्तियों में 51 पर सुनवाई

संवाददाता, पिथौरागढ़




**अमृत विचार:** पंचायत चुनाव आरक्षण को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को आपत्तियों पर सुनवाई हुई।

जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने बताया कि आरक्षण पर पूरे जिले से 268 आपत्तियां प्राप्त हुईं जिनमें से 51 आपत्तियों पर व्यक्तिगत सुनवाई की गई। सभी आपत्तियों पर नियमानुसार सुनवाई की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि उनके द्वारा आपत्तियों की अंतिम सुनवाई के बाद सूची शासन को भेजी जा रही है जिसके बाद अंतिम सूची जारी की जाएगी। अंतरिम सूची में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

जिले के 8 विकासखंडों में जो 268 आपत्तियां विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने दर्ज कराईं, उनमें विकासखंड विण में ग्राम प्रधान पद हेतु 24, मूनाकोट में 11, कानालीछीना में 16, डीडीहाट में 11, धारचूला में 16, मुनस्यारी में 33, बेरीनाग में 12 एवं गंगोलीहाट में 33 आपत्तियां कुल 156 व क्षेत्र पंचायत सदस्य विण में 6, मूनाकोट में 3, कनालीछीना में 2, डीडीहाट में 2, धारचूला में 9, मुनस्यारी में 9, बेरीनाग में 17 और गंगोलीहाट में 6 सहित 54। जिला पंचायत सदस्य पद हेतु विण में 1, मूनाकोट में 2, कनालीछीना में 2, डीडीहाट में शून्य, धारचूला में 5. मुनस्यारी में 2, बेरीनाग में 4, गंगोलीहाट में 10 सहित कुल 26 और इसी प्रकार क्षेत्र पंचायत प्रमुख के पद हेतु विण में 3, मूनाकोट में शून्य, कानालीछीना में 1, डीडीहाट में शून्य, धारचूला में 2, मुनस्यारी में शून्य, बेरीनाग में 16 एवं गंगोलीहाट में 10 आपत्तियां दर्ज कराई गईं।

विभिन्न आपत्तियों को मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी द्वारा निराकरण करते हुए अवगत कराया गया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए यह सूची शासनादेश के हिसाब से तैयार की गई हैं और इस बार 2011 की जनसंख्या के तहत सूची तैयार की गई है। इस बार के आरक्षण को प्रथम चक्र माना गया है। शासनादेश के हिसाब से सर्वप्रथम सीट आरक्षण अनुसूचित जनजाति, दूसरा अनुसूचित जाति, तृतीय ओबीसी तथा चतुर्थ अनारक्षित और जिसमें 50 प्रतिशत महिलाओं के लिए है, जो जनसंख्या प्रतिशत के आधार पर किया गया है।

### विधायक का आरोप-आरक्षण में विसंगतियां


**पिथौरागढ़ :** डीएम कार्यालय में जनसुनवाई में पहुंचे धारचूला के विधायक हरीश धामी ने पंचायत चुनाव के आरक्षण को लेकर आपत्ति दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि एक समाज को मौका ही नहीं मिल रहा है जबकि एक समाज को तीन–चार बार आरक्षित कर दिया जा रहा है। महिला हो या पुरुष, सभी को सेवा का अवसर देने का अधिकार है। सरकार को आरक्षण को लेकर महिला, पुरुष के आरक्षण के चक्र को देखना चाहिए। सबको मौका मिल गया और एक वर्ग को मौका ही नहीं मिला। आरोप लगाया कि धारचूला में एससी वर्ग के लिए सीट आरक्षित नहीं हुई। डीपीआरओ से बात करने पर वह अब नया चक्र घूमने की बात कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आरक्षण का हवाला देकर लोगों को चुनाव लड़ने से रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, बुधवार, 18 जून 2025

# निर्यात में 2010 से 23 तक मजबूत वृद्धि

## तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक भारत, वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत के निर्यात में 2010 से 2023 तक लगातार वृद्धि का रुख रहा जो इसके व्यापार क्षेत्र की मजबूती को बताता है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही।

अंकटाड (संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए अधिकारी ने बताया कि 2010 से 2023 की अवधि में वैश्विक निर्यात में अपनी हिस्सेदारी के मामले में भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक रहा और इस मामले में वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही। अधिकारी ने कहा कि अंकटाड के प्रमुख सांख्यिकी एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार 2024 के रुझान के अनुसार वृद्धि की यह दर सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले सबसे अधिक रही। यह प्रदर्शन अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं जैसे यूरोपीय संघ, चीन और अमेरिका की तुलना में और भी अधिक उल्लेखनीय है जिनकी इस अवधि में निर्यात हिस्सेदारी बढ़ोतरी में वृद्धि दर क्रमशः 3.9 प्रतिशत, 6.1 प्रतिशत और 3.9 प्रतिशत रही।

अधिकारी ने कहा, जहां जापान और रूस जैसी कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं ने अपने निर्यात हिस्से में मामूली वृद्धि या स्थिरता दर्ज की वहीं भारत के निर्यात में लगातार वृद्धि का रुझान रहा है जो इसके व्यापार क्षेत्र की मजबूती को बताता है। यह भारत की व्यापार नीतियों, विनिर्माण एवं क्षेत्रों की प्रभावशीलता और निर्यात संवर्धन पहल के प्रभाव को दर्शाता है, जिसने वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में देश के एकीकरण को बढ़ाने में योगदान दिया है। देश का कुल निर्यात 2009-10 में 274.8 अरब डॉलर था। यह 2022-23 में 776.3 अरब डॉलर और 2024-25 में 825 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### रत्न और आभूषण निर्यात मई में 15.81 प्रतिशत घटकर 226.3 करोड़ डॉलर रहा

**नई दिल्ली।** जीजेईपीसी ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका के शुल्क घोषणा के बाद मई में कुल रत्न और आभूषण निर्यात सालाना आधार पर 15.81% घटकर 226.34 करोड़ अमेरिकी डॉलर (19,260.81 करोड़ रुपये) रहा। रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के अनुसार 2024 की इसी अवधि के दौरान उद्योग का निर्यात 2,68.83 करोड़ डॉलर (22,414.02 करोड़ रुपये) था। मई में तराशे गए हीरों का निर्यात 35.49% घटकर 94.97 करोड़ डॉलर (8,089.81 करोड़) रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 1,47.20 करोड़ डॉलर (12,272.03 करोड़) था। मई में पॉलिश किए प्रयोगशाला में बने हीरों का निर्यात सालाना आधार पर 12.03 करोड़ डॉलर (1,003.06 करोड़) से 32.76% घटकर 8.09 करोड़ डॉलर (689.71 करोड़) रह गया। समीक्षाधीन अवधि में सोने के आभूषणों का निर्यात सालाना आधार पर 17.24% बढ़कर 99.75 करोड़ डॉलर (8,482.61 करोड़ रुपये) हो गया।

## भारत की तेल मांग में 2030 तक 10 लाख बैरल रोजाना की वृद्धि

**नई दिल्ली।** दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत अपनी शानदार आर्थिक वृद्धि के चलते 2030 तक वैश्विक तेल मांग वृद्धि का नेतृत्व करेगा व 10 लाख बैरल तेल रोजाना की मांग बढ़ेगी।

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने मंगलवार को जारी अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक तेल मांग में इस दशक के अंत तक 25 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) की वृद्धि होने की उम्मीद है। इस तरह तेल की कुल मांग 2030 तक बढ़कर 10.55 करोड़ बीपीडी हो जाएगी। कच्चे तेल के बाजार में किसी भी बड़े व्यवधान को छोड़ दिया जाए तो इस दशक के अंत तक अच्छी आपूर्ति रहने की उम्मीद है। वैश्विक ऊर्जा निगरानी संस्था आईईए का अनुमान है कि भारत में कच्चे तेल की मांग बढ़कर 2030 में 66.6 लाख बीपीडी हो जाएगी जो 2024 में 56.4 लाख बीपीडी थी।

## सरकारी कंपनियां एक सुरक्षित विकल्प

पीएसयू यानी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, वे कंपनियां होती हैं जिनमें भारत सरकार की 51% या अधिक हिस्सेदारी होती है। ये कंपनियां ऊर्जा, बैंकिंग, रक्षा, इस्पात, पेट्रोलियम, कोयला, बीमा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में काम करती हैं। जैसे- ओएनजीसी, भेल, एसबीआई, एनटीपीसी और आईओसी आदि। पीएसयू में निवेश करना अपेक्षाकृत सुरक्षित विकल्प माना जाता है, क्योंकि इनमें सरकारी भागीदारी होती है। हाल के वर्षों में कुछ पीएसयू कंपनियों ने अच्छा रिटर्न दिया है, खासकर डिविडेंड और वैल्यू में बढ़ोतरी के रूप में।



### कैसे करें निवेश

- **स्टॉक मार्केट के जरिए:** एनएसई/बीएसई पर सूचीबद्ध पीएसयू कंपनियों के शेयर खरीदे जा सकते हैं।
- **ईटीएफ:** भारत सरकार द्वारा पीएसयू आधारित ईटीएफ लॉन्च किए गए हैं, जैसे– सीपीएसई ईटीएफ।
- **बॉण्ड्स और एनसीडीएस:** पीएसयू कंपनियां समय-समय पर सुरक्षित बॉण्ड्स जारी करती हैं।

### लाभ के कारण

- **सरकारी सुरक्षा:** सरकार की हिस्सेदारी के चलते इन कंपनियों में स्थिरता होती है।
- **डिविडेंड यील्ड:** अधिकतर पीएसयू कंपनियां नियमित और उच्च लाभांश देती हैं।
- **दीर्घकालिक मूल्यवृद्धि:** कई कंपनियों में समय के साथ अच्छे रिटर्न मिलते हैं।
- **डाइवर्सिफिकेशन:** पोर्टफोलियो में विविधता के लिए उपयोगी हैं।

### जोखिम पर भी दें ध्यान

- **सरकारी हस्तक्षेप:** निर्णयों में राजनीति की भूमिका निवेशकों के हितों पर असर डाल सकती है।
- **कम ग्रोथ रेट:** निजी क्षेत्र की तुलना में नवाचार और विकास की गति धीमी। विनिवेश की योजनाएं बाजार प्रभावित हो सकती हैं।

### निवेश रणनीति

- मजबूत बैलेंस शीट और लाभांश रिकॉर्ड वाली कंपनियों को प्राथमिकता दें। लॉन्ग टर्म निवेश पर ध्यान दें। ईटीएफ के माध्यम से जोखिम को संतुलित किया जा सकता है।

# प. एशिया संकट से शेयर बाजार सतर्क

मुंबई, एजेंसी



- सेंसेक्स 213 अंक और निफ्टी 93 अंक फिसला

ईरान-इजराइल संघर्ष तेज होने से निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने और धातु एवं तेल-गैस शेयरों में मुनाफावसूली होने से मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजार गिर गए। सेंसेक्स 213 अंक जबकि निफ्टी 93 अंक नुकसान में रहा। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर आने वाले फैसले को लेकर भी निवेशकों ने इंतजार की रणनीति अपनाई है।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा को सर्वाधिक 2.18% का नुकसान उठाना पड़ा। वहीं, इटर्नल, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक और बजाज फिनसर्व में भी गिरावट रही। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स और मारुति सुजुकी के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई स्मालकैप 0.67 जबकि मिडकैप 0.56% नीचे आया। क्षेत्रवार सूचकांकों में धातु खंड 1.29% के नुकसान में रहा जबकि सेवा खंड में 1.09 और तेल एवं गैस खंड में 0.92% की गिरावट रही।

बीएसई पर सूचीबद्ध 2,483 कंपनियां नकारात्मक दायरे में बंद हुईं जबकि 1,496 शेयरों में तेजी रही और 139 अन्य अपरिवर्तित रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की सूचकांक बढ़त पर रहे जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरकर बंद हुए। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

# सोना 1,200 रुपये टूटा चांदी में आई मजबूती

नई दिल्ली, एजेंसी

कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की बिकवाली से मंगलवार को सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,200 रुपये टूटकर 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है।

पिछले कारोबारी सत्र में 99.9% शुद्धता वाला सोना 1,01,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5% शुद्धता वाला सोना 1,100 रुपये घटकर 99,450 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। हालांकि, मंगलवार को चांदी की कीमतें 100 रुपये बढ़कर 1,07,200 रुपये प्रति किलो (सभी करों सहित) हो गईं। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना गिरावट के साथ 3,380.65 डॉलर प्रति औंस पर रहा।



# संदेह को रास्ते की बाधा न बनने दें : लोबाना

नई दिल्ली, एजेंसी

यदि आप तकनीकी उद्योग में महिला पेशेवर हैं और नेतृत्व की भूमिका की तलाश कर रही हैं, तो अपने लक्ष्यों पर स्पष्ट रूप से ध्यान केंद्रित करें, जरूरी कौशल विकसित करें, सलाहकारों और सहयोगियों की तलाश करें और संदेह को अपने रास्ते में बाधा न बनने दें। यह सलाह गूगल इंडिया की नवनियुक्त क्षेत्रीय प्रबंधक और उपाध्यक्ष प्रीति लोबाना ने दी।

नैसकॉम के अनुसार, भारत में 58 लाख तकनीकी कर्मचारियों में 36% महिलाएं हैं, जिनका प्रवेश स्तर पर 40% प्रतिनिधित्व है। उच्चतम नेतृत्व पदों पर यह आंकड़ा घटकर 5% रह जाता है। लोबाना ने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने और जरूरी कौशल हासिल करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को आत्म-संदेह से दूर रहने और निडरता से अपनी क्षमता को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।



- महिला तकनीकी विशेषज्ञों को गूगल भारत प्रमुख ने किया संबोधित

लोबाना ने कहा कि दृढ़ संकल्प और सही समर्थन के साथ कोई भी बाधा बहुत बड़ी नहीं है। स्त्री हो या पुरुष दोनों में किसी के लिए, नेतृत्व की ओर बढ़ने के साथ ही आगे का रास्ता संकरा हो जाता है और महिलाओं के लिए यह कठिन चुनौती है। इस बारे में स्पष्टता होनी चाहिए कि आप कहां जाना चाहते हैं और अपने कौशल का निर्माण करना, सही सहयोगी, प्रायोजक, सलाहकार, व्यक्तिगत 'निदेशक मंडल' होना जरूरी है। लोबाना ने कहा कि सहयोगियों और सलाहकारों ने उनके करियर की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### एक नजर

#### कंचन की हत्या को अकाल तख्त के ग्रंथी ने ठहराया सही

**अमृतसर।** अकाल तख्त के मुख्य ग्रंथी ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी की हत्या को उचित ठहराते हुए कहा कि कुछ भी गलत नहीं हुआ है और किसी को भी अश्लील गाने नहीं सुनने चाहिए। कमल कौर भाभी के नाम से मशहूर कंचन को कथित तौर पर उसके वीडियो में अश्लीलता को बढ़ावा देने के लिए निशाना बनाया गया था। नौ जून को उसकी हत्या कर दी गई और शव बठिंडा में लावारिस कार में मिला। सिख धर्म की सर्वोच्च पीठ अकाल तख्त के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी मलकीत सिंह ने कहा, सिख धर्म के अनुसार, किसी को भी अश्लील गाने नहीं सुनने चाहिए, खासकर युवा सिख पीढ़ी को।

#### रॉबर्ट वाड्रा फिर ईडी के सामने नहीं हुए पेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ब्रिटेन निवासी हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में दूसरी बार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष अपनी तय गवाही के लिए पेश नहीं हुए। वाड्रा के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल बेटी के स्नातक समारोह के लिए विदेश यात्रा पर हैं।

#### शिवकुमार व उनके भाई सुरेश को ईडी ने भेजा समन

**बेंगलुरु।** ईडी ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और उनके छोटे भाई व कांग्रेस नेता डीके सुरेश को स्थानीय महिला के खिलाफ धन शोधन की जांच से जुड़े धोखाधड़ी मामले में पूछताछ के लिए समन भेजा है। संघीय एजेंसी ने ऐश्वर्या गौड़ा (33) और कांग्रेस विधायक विनय कुलकर्णी के खिलाफ छापे मारने के बाद महिला को गिरफ्तार किया था। ईडी ने कहा था कि महिला ने कई नेताओं से निकटता का दावा किया और लोगों से धोखाधड़ी की।

# हताशा में कांग्रेस कर रही झूठा प्रचार : भाजपा

## जातिगत जनगणना : लोगों को गुमराह करने के लिए सुधांशु त्रिवेदी ने की कांग्रेस की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस 2027 की जनगणना पर झूठा और भ्रामक प्रचार कर रही है क्योंकि समाज में विभाजन पैदा करके सत्ता हासिल करने की उसकी उम्मीद नरेंद्र मोदी सरकार की राष्ट्रव्यापी कवायद में जातिगत गणना को शामिल करने के फैसले से टूट रही है।

कांग्रेस ने 16वीं जनगणना पर सरकार की अधिसूचना को निरर्थक करार देते हुए कहा था कि वह इस प्रक्रिया में जाति को शामिल करने पर कुछ नहीं कहती है। यह देखते हुए कि कुछ भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही हैं कि राजपत्र अधिसूचना में जातिगत गणना का कोई उल्लेख नहीं है, गृह मंत्रालय ने बाद में कहा कि 2027 की जनगणना में जाति गणना शामिल है।



झूठे दावों से लोगों को गुमराह करने के लिए कांग्रेस की आलोचना करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि इस तरह के ओछे कृत्य का सहारा लेकर विपक्षी पार्टी का उद्देश्य समाज में भ्रम पैदा करना और सत्ता हासिल करना है। उन्होंने भाजपा मुख्यालय में कहा कि चूंकि कांग्रेस को अपना उद्देश्य पूरा होता नहीं दिख रहा है, इसलिए वह मिथ्या बातें, छल और झूठ फैलाने पर उतर आई है। त्रिवेदी ने कहा कि सरकार के विज्ञप्ति में स्पष्ट उल्लेख है कि जनगणना के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन और जाति जनगणना कराई जाएगी। कांग्रेस की दृष्टि संकीर्ण और सीमित है, बल्कि कहना चाहिए कि उनकी सोच एक दुर्भावनापूर्ण एजेंडे से प्रेरित है। इसी कारण वे मोदी सरकार द्वारा जनगणना कराने के फैसले में जो स्पष्ट रूप से बताया गया है, उसे देखने में असमर्थ हैं। वे भ्रामक प्रचार कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी उम्मीदें पूरी नहीं हो रही हैं।

### जनगणना को लेकर सरकार की नीयत साफ नहीं




**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने जनगणना के लिए जारी अधिसूचना में जातिगत गणना का उल्लेख नहीं होने तथा बजट आवंटन को लेकर मंगलवार को सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि जाति जनगणना पर सरकार की नीयत साफ नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को भ्रम की स्थिति पैदा करने के बजाय कांग्रेस शासित तेलंगाना में हुए हालिया जातिगत सर्वेक्षण का मॉडल अपनाते हुए जनगणना करानी चाहिए। पायलट ने कहा, कांग्रेस पार्टी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी ने लंबे समय से मांग रखी थी कि देश में जब भी जनगणना हो, उसमें जातिगत जनगणना कराई जाए। जातिगत जनगणना का उद्देश्य सिर्फ जाति के बारे में जानना नहीं, बल्कि यह भी पता करना है कि देश और संस्थाओं में कितनी भागीदारी है तथा लोगों की शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति क्या है? उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने कई बार कहा कि जातिगत जनगणना की मांग उठाने वाले लोग अर्बन नक्सल' हैं तथा मोदी सरकार ने संसद में जवाब दिया कि वह जातिगत जनगणना कराने के पक्ष में नहीं है।

# देश की एकजुटता के लिए भूल जाएं आपसी मतभेद

हमीरपुर (हिप्र), एजेंसी

आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने जोर दिया है कि यदि लोग आपसी मतभेद भूल जाएं तो हिंदू समाज और देश एकजुट रह सकता है। भागवत ने हमीरपुर जिले के टिपर गांव में सोमवार रात एक कार्यक्रम में कहा कि हिंदू धर्म, हिंदू समाज और हिंदू संस्कृति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

सरसंघचालक यहां स्वयंसेवकों के उत्तर क्षेत्र विकास शिविर में भाग लेने के लिए चार दिवसीय यात्रा पर हैं। स्वयंसेवकों से भागवत ने कहा, संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने वाला है। सौ साल पहले संघ के विचार को मान्यता नहीं मिली थी। इसकी उपेक्षा की गई, फिर भी यह काम करता रहा। अब संघ के विचार को समाज ने स्वीकृति प्रदान की है, समाज सक्रियता से काम करता है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज की संस्कृति को सहेजकर रखने के लिए आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुट होने की जरूरत है। 30 मई से शुरू हुए कार्यकर्ता विकास वर्ग-प्रथम में कुल 212 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि समापन समारोह 19 जून को होगा।



### श्रद्धांजलि



अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मारे गए लोगों और पीड़ितों को कार्यक्रम में शामिल हुए चिकित्सकों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मोमबत्तियां जलाकर दो मिनट का मौन भी रखा गया और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। एजेसी

# पूर्व अग्निवीरों के करियर में प्रगति के लिए काम करेगा गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र ने नियम 1961 में किया संशोधन द्वितीय अनुसूची में एक नया बिंदु जोड़ा

सशस्त्र बलों में अग्निवीरों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उनके करियर में आगे की प्रगति के लिए गतिविधियों का समन्वय करने का काम केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपा गया है। यह जानकारी सरकारी अधिसूचना से मिली।

केंद्र ने भारत सरकार (कार्य आवंटन) नियम, 1961 में संशोधन किया है तथा गृह मंत्रालय के राज्य विभाग के तहत द्वितीय अनुसूची में एक नया बिंदु जोड़ा गया है, जिसमें कहा गया है कि गृह मंत्रालय अब पूर्व अग्निवीरों की आगे की प्रगति के लिए समन्वय करेगा। सरकार ने सेना के तीनों अंगों के लिए अग्निपथ भर्ती योजना जून 2022 में शुरू की थी। अग्निपथ योजना के तहत, चयनित होने वाले साढ़े 17 से 21 वर्ष के अभ्यर्थियों को सेना, वायुसेना और नौसेना में चार वर्ष के लिए भर्ती किया जाता है तथा इसमें 25% अभ्यर्थियों को 15 वर्षों तक बरकरार रखने का प्रावधान है। सरकार ने पहले ही सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी आदि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कांस्टेबलों की सभी भावी नियुक्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित कर दी हैं।

# 2025-26 के लिए डीयू का स्नातक प्रवेश पोर्टल शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने मंगलवार को स्नातक पाठ्यक्रमों में 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू करते हुए कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) पोर्टल शुरु किया। विवि की 'डीन' (अकादमिक) हनीत गांधी ने बताया कि अब विद्यार्थी सीएसएएस पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। विवि के 69 कॉलेजों में कुल 71,624 सीट पर 79 पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश दिया जाएगा। करियर उन्मुख शिक्षा को बढ़ाने को विवि ने इनोवेटिव स्किल-बेस्ड कोर्सेज सेंटर (सीआईएसबीसी) के तहत कौशल आधारित कई पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश शुरू किये हैं। इन पाठ्यक्रमों में 'एसी-रेफ्रिजरेटर मरम्मत, एनीमेशन और मोशन ग्राफिक्स, बेकरी तथा हलवाई का काम शामिल हैं।

## आधार विवरणों को अपडेट करने की मुफ्त सुविधा एक साल बढ़ी

**नई दिल्ली।** नागरिकों को विशिष्ट पहचान संख्या आधार जारी करने वाले भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने दस्तावेजों को मुफ्त में ऑनलाइन अपडेट करने की सुविधा 14 जून, 2026 तक बढ़ाने की घोषणा की है।

यूआईडीएआई ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह मुफ्त सेवा माईआधार पोर्टल पर उपलब्ध है। उसने आधार धारकों से उनकी जनसांख्यिकीय जानकारी की सटीकता बनाए रखने के लिए विवरण को अद्यतन करने का आग्रह किया। प्राधिकरण ने कहा कि यूआईडीएआई ने लाखों आधार संख्या धारकों को लाभ पहुंचाने के लिए मुफ्त ऑनलाइन दस्तावेज़ अपलोड सुविधा 14 जून 2026 तक बढ़ा दी है। यह मुफ्त सेवा केवल माईआधार पोर्टल पर उपलब्ध है। आधार कार्डधारक पहचान के प्रमाण या पते के प्रमाण के दस्तावेज को इस पोर्टल पर अपलोड करके उसे अपडेट कर सकते हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में हुई भारी बारिश, रेड अलर्ट जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में मंगलवार को भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को दिल्ली और आसपास के इलाकों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी करते हुए आंधी-तूफान के साथ ओलावृष्टि, मध्यम से भारी बारिश और कुछ स्थानों पर 50-70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान जताया गया था। आईएमडी ने मध्यम स्तर के आंधी-तूफान की चेतावनी देते हुए जनता के लिए सुरक्षा परामर्श भी जारी किए।

मौसम विभाग के अनुसार, आकाशीय बिजली गिरने से खुले इलाकों में जान का खतरा हो सकता है। यातायात बाधित हो सकता है और विमान या ट्रेन सेवाओं में विलंब हो सकता है। इसमें कहा गया कि लोगों को घरों के भीतर रहने और अनावश्यक रूप से यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। करंट से बचने के लिए बिजली से चलने वाले उपकरण भी बंद रखने की सलाह दी गयी है। लोगों को पेड़ या धातु से बनी संरचनाओं के नीचे शरण लेने और बिजली गिरने के दौरान बाहर मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने से आगाह किया गया है।



आईएमडी ने लोगों को उसकी वेबसाइट के जरिए और पुष्ट मीडिया माध्यमों के जरिए आधिकारिक जानकारी प्राप्त करने की सलाह दी है। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रहा जो मौसम के औसत तापमान से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक है। सापेक्षिक आर्द्रता सुबह साढ़े 8 बजे 71 फीसदी रही। आईएमडी के अनुसार, अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम से 12 उड़ानों का मार्ग बदला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम के कारण मंगलवार शाम 12 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में खराब मौसम के कारण अपराह्न तीन से चार बजे के बीच 12 उड़ानों के मार्ग में परिवर्तन किया गया। एअर इंडिया ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि दिल्ली में खराब मौसम के कारण उड़नों का परिचालन प्रभावित हो रहा है और कुछ उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है। 'दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड' (डीआईएएल) द्वारा संचालित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है और वर्तमान में इसके तीन रनवे चालू हैं, जबकि एक रनवे सुधार कार्य के लिए बंद है।

# अमरनाथ यात्रा के मार्गों को नो फ्लाइंग जोन किया घोषित

श्रीनगर, एजेंसी

- उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आदेश के बाद जम्मू कश्मीर के गृह विभाग ने लिया निर्णय

जम्मू कश्मीर सरकार ने अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा उपायों को बढ़ाते हुए मंगलवार को यात्रा मार्गों को नो फ्लाइंग जोन (उड़ान निषिद्ध क्षेत्र) घोषित किया। यात्रा के लिए तीर्थयात्री दो मार्ग - पारंपरिक पहलगाम मार्ग और बालटाल मार्ग का इस्तेमाल करते हैं।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आदेश पर जम्मू कश्मीर के गृह विभाग से जारी घोषणा में कहा गया कि इस क्षेत्र में 1 जुलाई से 10 अगस्त तक मानवरहित हवाई यान (यूएवी), ड्रोन, गुब्बारे समेत किसी भी प्रकार के विमानन यंत्र उड़ाना प्रतिबंधित है। यह पाबंदी मरीजों को विमान से ले जाने, आपदा प्रबंधन और सुरक्षा बलों द्वारा निगरानी उड़ानों पर लागू नहीं होगी। 3 जुलाई से शुरू अमरनाथ यात्रा के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न सुरक्षा बंदोबस्त किए जा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी सलाह दी है कि यात्रा के पूरे मार्ग को 1 जुलाई से 10 अगस्त तक 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित किया जाए।

# कप्तान के रूप में रोहित और विराट का मिश्रण हैं शुभमन

## इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जोश बटलर का मानना है गिल पूरी स्वच्छंदता से नेतृत्व करेंगे

**मुंबई, एजेंसी**

जोस बटलर का मानना है कि भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल कप्तान के रूप में रोहित शर्मा और विराट कोहली का मिश्रण हैं लेकिन जब वह शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में राष्ट्रीय टीम की अगुआई करेंगे तो मैदान पर वह पूरी स्वच्छंद होकर टीम का नेतृत्व करेंगे।

इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम के पूर्व कप्तान बटलर इस वर्ष इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गिल की कप्तानी में खेले थे। उन्होंने कहा कि इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को कप्तानी की भूमिका और अपनी बल्लेबाजी के बीच संतुलन बनाना होगा। बटलर ने इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के साथ अपने पॉडकास्ट 'फॉर द लव ऑफ क्रिकेट' पर कहा वह वास्तव में प्रभावशाली खिलाड़ी है। जब वह बोलते हैं तो काफी शांत और संतुलित रहते हैं। मुझे लगता है कि मैदान पर खुद के लिए चुनौती पेश करते हैं। उनमें काफी जुनून होता है। मुझे लगता है कि कप्तान के रूप में वह कोहली और रोहित का मिश्रण होंगे।

उन्होंने कहा कोहली वास्तव में बहुत आक्रामक थे। उन्होंने भारतीय टीम को पूरी तरह बदल दिया। उन्होंने उसे मुकाबले के लिए तैयार किया। रोहित थोड़े अलग थे। थोड़े शांत और संयमित, लेकिन उनमें गजब का जुझारूपन था।बटलर ने कहा, ''गिल ने इन दोनों से काफी कुछ सीखा है लेकिन वह मैदान पर पूरी तरह से अलग नजर आएंगे। बटलर ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में भारत की कप्तानी करना देश में 'तीसरे या चौथे सबसे प्रभावशाली व्यक्ति' होने जैसा है। उन्होंने कहा गिल ने बल्लेबाजी और कप्तानी को अलग-अलग करने की बात की। इसलिए जब वह बल्लेबाजी करते हैं तो वह सिर्फ बल्लेबाज बने रहना चाहते हैं। इसके बाद वह अपने कप्तानी कौशल पर काम करेंगे और दोनों भूमिकाओं को अलग-अलग तरह से निभाने का प्रयास करेंगे। बटलर ने कहा मुझे नहीं लगता कि हम इन लोगों के स्टारडम के स्तर को समझ सकते हैं। आप आईपीएल में देखते हैं। वे इस स्टारडम में जीते हैं। मुझे लगता है कि भारतीय टेस्ट कप्तान भारत में प्रधानमंत्री के बाद तीसरा या चौथा सबसे प्रभावशाली व्यक्ति है।



नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल।

### भारतीय टीम ट्रेन से लीड्स पहुंची, राणा भी टीम में शामिल

लीड्स : तेज गेंदबाज हर्षित राणा को विकल्प के तौर पर भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है और वह टीम के बाकी सदस्यों के साथ ट्रेन से लीड्स पहुंचे, जहां इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला का पहला मैच खेला जाएगा। राणा भारत ए टीम का हिस्सा थे और उन्होंने कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहला अनौपचारिक टेस्ट खेला था। लंबे कद के इस तेज गेंदबाज ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में पदार्पण किया था, लेकिन इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों के लिए 18 सदस्यीय टीम में उन्हें शामिल नहीं किया गया था। दिल्ली के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने दो टेस्ट, पांच वनडे और एक टी20 मैच खेला है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया उन्हें विकल्प के तौर पर शामिल किया गया है और वे आज टीम के साथ लीड्स पहुंचे। राणा को टीम के बाकी सदस्यों के साथ लीड्स ट्रेन स्टेशन से बाहर निकलते देखा गया। टीम लंदन से लीड्स पहुंची थी।पहला टेस्ट 20 जून को हेडिंग्ले में शुरू होगा। भारत ने बेकेनहैम में भारत ए के खिलाफ इंट्रा-स्क्वाड मैच खेला, जो इस श्रृंखला के लिए उनका एकमात्र अभ्यास मैच था। इससे पहले हालांकि लोकेश राहुल, करुण नायर, यशस्वी जायसवाल, शारदुल ठाकुर, ध्रुव जुरेल और नितीश रेड्डी जैसे खिलाड़ी ए टीम के साथ इंग्लैंड पहुंचे थे।

### व्यावसायिक महत्व के मामले में भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज एशेज के बराबर: ईसीबी सीईओ

लंदन : इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच आगामी पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला व्यावसायिक रूप से एशेज जितनी ही महत्वपूर्ण है। गोल्ड को उम्मीद है कि 2024 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निराशाजनक प्रदर्शन के बाद यह श्रृंखला इंग्लैंड के प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित करेगी। पिछले साल देश के खेल प्रशंसक पेरिस ओलंपिक और यूरोप के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट यूरो से जुड़े हुए थे। श्रीलंका पर इंग्लैंड की श्रृंखला जीत के बाद लॉर्ड्स में खाली सीटें क्रिकेट के लिहाज से अच्छी तस्वीर पेश नहीं कर रही थीं।

## गिल को सम्मान पाने के लिए रन बनाने होंगे

लंदन : भारत के पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक का मानना है कि शुभमन गिल को अभी भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी का पूरा एहसास नहीं हुआ होगा और ड्रेसिंग रूम में सम्मान हासिल करने के लिए इस युवा खिलाड़ी को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करना होगा। पच्चीस साल के गिल के नेतृत्व में टीम इंग्लैंड में पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। यह गिल की कप्तानी में टीम की पहली परीक्षा होगी। कार्तिक ने ' स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट पोडकास्ट ' पर कहा मैं पहला सुझाव जो शुभमन गिल को देना चाहता हूं वह यह है कि आप अपनी कप्तानी की भूमिका सिर्फ क्षेत्ररक्षण करते समय निभाये। अपनी बल्लेबाजी पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा गिल को ड्रेसिंग रूम (टीम के अन्य सदस्य) में सम्मान पाने के लिए रन बनाने ही होंगे। एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) देशों में बल्लेबाज के रूप में उनका औसत ऐसा नहीं है जिस पर उन्हें गर्व होगा। गिल ने भारत के लिए 32 टेस्ट खेले है लेकिन एसईएनए देशों में वह नियमित तौर पर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं। भारत ने आखिरी बार 2007 में इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला में जीत दर्ज की थी। गिल के सामने पहली बार कप्तान के तौर पर उस उपलब्धि को दोहराने की चुनौती है। हाल ही में गिल का इंटरव्यू लेने वाले कार्तिक ने कहा मुझे नहीं लगता कि उन्हें अभी तक भारत के लिए टेस्ट कप्तान होने के महत्व का एहसास हुआ है। वह शेर की मांद में जा रहे हैं। एक क्रिकेट राष्ट्र के तौर पर इंग्लैंड में आना आसान नहीं है। इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा गिल की किस्मत हालांकि थोड़ी अच्छी है क्योंकि इंग्लैंड की गेंदबाजी उतनी मजबूत नहीं है। मैं भारत के नजरिये से यही एकमात्र साकारात्मक पहलू देख रहा हूं। इंग्लैंड की बल्लेबाजी भारत पर दबाव बनाएगी, लेकिन गेंदबाजी एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर इंग्लैंड को काम करना है और यह भारत के लिए फायदेमंद हो सकता है। कार्तिक का मानना है कि कोच के तौर पर गौतम गंभीर की रणनीति बेहतरीन है लेकिन उन्हें अपने आक्रामक रवैये को और निखारने की जरूरत है। कार्तिक ने गंभीर के साथ भारतीय ड्रेसिंग रूम साझा किया है और उनकी कप्तानी में केकेआर के लिए खेला भी है।



- **दिनेश कार्तिक का मानना है शुभमन को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देना होगा**

## कप्तानी नहीं करने के बारे में पहले ही बता दिया था: बुमराह

**लीड्स :** दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि उन्होंने अपनी फिटनेस और गेंदबाजी पर अधिक ध्यान देने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को पहले ही बता दिया था कि वह भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी नहीं करना चाहते।

भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक के साथ 'स्काई स्पोर्ट्स' पर बातचीत के दौरान बुमराह ने कहा इसमें कोई काल्पनिक कहानी नहीं है। ऐसा कोई विवाद या कोई सनसनी फैलाने वाली बात नहीं है कि मुझे कप्तानी से दरकिनार किया गया। मैंने रोहित और विराट के संन्यास लेने से पहले ही आईपीएल के दौरान बीसीसीआई से पांच मैचों की इस श्रृंखला को लेकर अपने गेंदबाजी प्रबंधन के बारे में बात की थी। मैंने उन लोगों से बात की है जिन्होंने मेरी पीठ का इलाज किया है। मैंने सर्जन से भी बात की है, जिन्होंने हमेशा मुझसे कहा है कि आपको अपनी गेंदबाजी और फिटनेस को लेकर समझदारी से काम करना होगा। फिर इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि मुझे थोड़ा होशियार होना होगा। इसलिए मैंने बीसीसीआई को फोन किया और कहा कि मुझे टीम के कप्तान की भूमिका में नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि मैं पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के सभी मुकाबले नहीं खेल पाऊंगा।

### एक नजर

#### हम काफी अनुभवहीन थे और फिर भी जीत हासिल की: रबाडा



**लंदन :** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने कहा है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब जीतना इसलिए और भी यादगार हो गया क्योंकि उनकी टीम 'काफी अनुभवहीन' थी और फिर भी उसने दिग्गजों से भरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ शानदार जीत हासिल की। कप्तान तेम्बा बावुमा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईसीसी ट्रॉफी के लिए 27 साल के सूखे को समाप्त किया। रबाडा ने इस मैच में नौ विकेट लिए। रबाडा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा हम काफी अनुभवहीन टीम हैं जिसने लगभग एक साल पहले साथ खेलना शुरू किया, हम लंबे समय से एक-दूसरे के साथ नहीं हैं। इसके बावजूद हमने यह हासिल किया है। मैं इसे अपने जीवन में कभी नहीं भूलूंगा, कोई भी खिलाड़ी इसे नहीं भूलेगा।

#### ब्रिटेन के वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी से हारे टियाफो

**लंदन :** ब्रिटिश वाइल्ड कार्ड डैन इवांस ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांसेस टियाफो को 7-5, 6-2 से हराकर 2021 के बाद से क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। विश्व में 199वें नंबर के खिलाड़ी इवांस ने कहा मुझे अब भी विश्वास है कि मेरे अंदर काफी टेनिस बची हुई है। मुझे अब भी विश्वास है कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं। लेकिन इस पर विश्वास करना और ऐसा होना दोनों अलग चीज हैं। पहले दौर में जीत दर्ज करने वाले अन्य खिलाड़ियों में चौथी वरीयता प्राप्त होल्गर रूण और आठवीं वरीयता प्राप्त जैकब मेन्सिक शामिल थे। चेक गणराज्य के 19 वर्षीय खिलाड़ी मेन्सिक ने कैमरन नोरी को 7-6 (6), 1-6, 6-1 से हराया। मेन्सिक का अगला मुकाबला स्पेन के रॉबर्टो बातिस्ता अगुट से होगा, जिन्होंने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को तीन सेटों में पराजित किया। रूण का मुकाबला अमेरिका के मैकेंजी मैकडोनाल्ड से होगा, जिन्होंने फ्रांस के गेल मोनफिल्स को 6-4, 6-4 से हराया।

#### भारत के जूनियर कंपाउंड तीरंदाज एशिया कप के फाइनल में

**सिंगापुर :** भारत के जूनियर कंपाउंड तीरंदाजों ने एशियाई कप चरण दो में अपना दबदबा कायम रखते हुए मंगलवार को यहां पुरुष और महिला दोनों व्यक्तिगत स्पर्धाओं के फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त कुशल दलाल ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश के हिमू बछार पर 147-143 से जीत दर्ज करके पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में जगह पक्की की जिससे उनका कम से कम रजत पदक पक्का हो गया है। दलाल ने क्वालीफिकेशन दौर में 714 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था। भारत के 10वें वरीय सचिन चेची सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ माचोन से हार गए और कांस्य पदक के लिए उनका सामना बछार से होगा। महिलाओं के व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में भारत के लिए स्वर्ण और रजत पदक पक्का है क्योंकि शीर्ष वरीयता प्राप्त शानमुखी नागा साई बुड्डे और दूसरी वरीयता प्राप्त तेजल साल्वे भारतीय खिलाड़ियों के बीच होने वाले फाइनल में भिड़ेंगी।

## आईसीसी चार दिवसीय टेस्ट के लिए तैयार

**लंदन, एजेंसी**

- **छोटे देशों के लिए तैयार की जा रही योजना**
- **भारत, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया पांच दिनी मैच ही खेलेंगे**



अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2027-29 के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में छोटे देशों के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों को मंजूरी देने के लिए तैयार है। हालांकि भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड तब भी परंपरागत रूप से चले आ रहे पांच दिवसीय मैच खेल सकते हैं। यहां एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

मैचों की संख्या एक दिन कम करने का कदम एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा और इससे छोटे देशों को अधिक टेस्ट और लंबी अवधि की सीरीज खेलने में मदद मिलेगी। 'द गार्डियन' समाचार पत्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान चर्चा में आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने 2027-29 के डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए चार दिवसीय टेस्ट के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया था। इसमें कहा गया है इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत को तब भी एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच दिवसीय मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने की अनुमति होगी। एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरुआत शुक्रवार को हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट मैच के साथ होगी। आईसीसी ने पहली बार 2017 में द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए चार दिवसीय टेस्ट को मंजूरी दी थी। इंग्लैंड ने 2019 और 2023 में आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट के बाद पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ भी चार दिवसीय टेस्ट मैच खेला था।

रिपोर्ट के अनुसार कई छोटे देश समय और लागत के कारण टेस्ट मैचों की मेजबानी करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, लेकिन चार दिवसीय टेस्ट मैच शुरू होने से तीन टेस्ट मैचों की पूरी श्रृंखला तीन सप्ताह से भी कम समय में खेली जा सकेगी। इसमें कहा गया है समय को बर्बाद करने से बचने के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों में खेल के समय को 90 ओवर प्रतिदिन से बढ़ाकर न्यूनतम 98 ओवर कर दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने इस मुद्दे को और उजागर किया और इसके बाद बदलाव की जरूरत महसूस की गई।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम नीदरलैंड से हारी

**उट्रेच (नीदरलैंड) :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने नियमित समय में गोलरहित ड्रॉ के बाद मेजबान नीदरलैंड से शूटआउट में 2-3 की हार के साथ यूरोप के अपने दौरे का समापन किया। इस हार के बावजूद भारतीय जूनियर टीम के लिए यह दौरा काफी सफल रहा। लगातार चार जीत के साथ इस मैच में उतरी भारतीय टीम ने नीदरलैंड की मजबूत टीम के खिलाफ धैर्य और जज्बे का परिचय दिया। मैच के चारों क्वार्टर में दोनों टीमों ने गोल करने के कई मौके बनाये लेकिन रक्षापंक्ति और गोलकीपरों के शानदार खेल से कोई भी टीम ऐसा करने सफल नहीं रही।

### तैयारी



मुंबई में ग्लोबल टेनिस क्रिकेट लीग के शुभारंभ के दौरान पूर्व क्रिकेटर इकबाल अब्दुल्ला और पीयूष चावला। ● एजेंसी

## स्मृति मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंची

**दुबई, एजेंसी**

भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं।



दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने ताजा अपडेट में 19 रेटिंग अंक गंवाये जिसका फायदा भारतीय बल्लेबाज को मिला। मंधाना के कुल 727 रेटिंग अंक हैं। उनके बाद इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर-ब्रंट 719 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वोलवार्ट अब 719 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मंधाना के बाद इस सूची में अगली दो भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं, जो क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच इस महीने के आखिर में पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। मंधाना हाल के दिनों में वनडे बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल रही हैं, लेकिन बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2019 की शुरुआत से शीर्ष स्थान पर नहीं पहुंच पाई थी। भारतीय सलामी बल्लेबाज हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने कोलंबो में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में शतक बनाया था। इससे उन्हें अपनी रैंकिंग में सुधार करने में मदद मिली। मंधाना टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में भी चौथे स्थान पर हैं।

## सबालेंका ने गॉफ से माफी मांगी

**बर्लिन :** एरिना सबालेंका ने कहा कि उन्होंने कोको गॉफ को पत्र लिखकर फ्रेंच ओपन के फाइनल में अपनी अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी से हारने के बाद की गई 'गैर पेशेवर' टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है।

यूरोस्पोर्ट जर्मनी से बात करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने कहा कि इस महीने रोलां गैरो पर उनके खिलाफ गॉफ की 6-7, 6-2, 6-4 की जीत के बाद उनकी टिप्पणी एक गलती थी। पेरिस में मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में सबालेंका ने सुझाव दिया था कि यह परिणाम गॉफ के प्रदर्शन की तुलना में उनकी अपनी गलतियों के कारण अधिक था। सबालेंका ने कहा यह मेरे लिए पूरी तरह से गैर पेशेवर था।

## नीदरलैंड ने नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हराकर नया रिकॉर्ड बनाया

**ग्लासगो, एजेंसी**

नीदरलैंड ने यहां टी20 अंतर्राष्ट्रीय त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज के मैच में नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हरा कर नया रिकॉर्ड बनाया। टी20 या लिस्ट ए क्रिकेट के इतिहास में यह पहला अवसर है, जबकि किसी मैच का परिणाम तीसरे सुपर ओवर में निकला। माइकल लेविट ने सोमवार की रात को खेले गए इस मैच में तीसरे सुपर ओवर में छक्का लगाकर आखिर में नीदरलैंड को जीत दिलाई। नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 152 रन बनाए। एक समय उसकी जीत सुनिश्चित लग रही थी क्योंकि नेपाल को आखिरी ओवर में 16 रन चाहिए थे। नेपाल के निचले क्रम के बल्लेबाज नंदन यादव ने हालांकि अंतिम ओवर में दो चौके लगाए। उन्होंने आखिरी गेंद पर भी चौका लगाया, जिससे नेपाल आठ विकेट पर 152 रन बनाकर स्कोर बराबर करने में सफल रहा। कुशाल भुर्टेल ने 18 रन बनाकर नेपाल को पहले सुपर ओवर में 19 रन तक पहुंचाया लेकिन नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज मैक्स ओडॉव ने पांचवीं और छठी गेंद पर क्रमश : छक्का और चौका लगाकर स्कोर बराबर कर दिया। नीदरलैंड ने दूसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी की और 17 रन बनाए। लेकिन नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी ने काइल क्लेन की आखिरी गेंद को छक्के के लिए भेज कर मैच को नए मोड़ पर खड़ा कर दिया। नेपाल तीसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए एक भी रन नहीं बना पाया। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर जैक लायन कैशेट ने चार गेंदों में बिना कोई रन दिए दो विकेट लेकर नेपाल का ओवर जल्दी समाप्त कर दिया। नीदरलैंड को इस तरह से मैच जीतने के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत थी, पर लेविट ने संदीप लामिछाने के ओवर की पहली गेंद पर छक्का जड़कर मैच का शानदार अंत किया।



## ओलंपिक 2036 की मेजबानी भारत के लिए फायदेमंद होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा भारत का उद्देश्य है विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करना**

### साक्षात्कार



खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे। ● एजेंसी

खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी महज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संदेश देने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने, अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और देश के युवाओं को प्रभावित करने वाले सामाजिक मुद्दों से निपटने की एक सुविचारित योजना भी है।

महाराष्ट्र के रावेर निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार लोकसभा सांसद रह चुकी 38 वर्षीय खड़से ने पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में इस आलोचना को खारिज कर दिया कि देश को ओलंपिक की मेजबानी जैसे खर्चीले आयोजन का लक्ष्य रखने से पहले देश को खेल महाशक्ति बनाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यहां अपने कार्यालय में बातचीत में कहा खड़से ने कहा खेल अवसाद और यहां तक कि नशीली दवाओं की लत जैसी कई समस्याओं से निपटने का एक तरीका है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए जब आप ओलंपिक जैसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करते हैं तो वह समाज के लिए प्रेरक शक्ति का काम करती हैं। खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी अगले महीने गति पकड़ लेगी, जब खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल पिछले साल अपना आशय पत्र सौंपने के बाद अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के साथ चर्चा के लिए लुसाने जाएगा। खड़से ने कहा, ''इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि ओलंपिक की मेजबानी करके हम एक संदेश देंगे। यह इस बात का संकेत है कि आप एक विकसित देश हैं। लेकिन साथ ही, यह युवाओं को राष्ट्र-निर्माता के रूप में नेतृत्व करने का अवसर भी देता है।'' उन्होंने कहा कि खेलों की मेजबानी और भारतीय खेलों के विकास को अलग-अलग करके नहीं देखा जाना चाहिए। खेल मंत्रालय का कार्यभार संभालने वाली दूसरी महिला और सबसे कम उम्र की खड़से ने कहा, ''हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि खर्च किया गया प्रत्येक रुपया देश को भविष्य में लाभ पहुंचाए। पेरिस ओलंपिक 2024 की लागत नौ अरब डॉलर से ज़्यादा थी, जबकि लॉस एंजिल्स में होने वाले 2028 के खेलों के लिए सात अरब अमेरिकी डॉलर से ज़्यादा खर्च होने का अनुमान है। कई बार ऐसा होता है कि अनुमानित लागत अंतिम खर्च से काफ़ी ज़्यादा होती है।

### इन फायदों का है उद्देय

ओलंपिक 2036 या राष्ट्रमंडल खेल 2030 जैसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी की तैयारी का मतलब है विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, आर्थिक निवेश और एक ऐसी प्रणाली को तैयार करना है जिसका फायदा सीधे खिलाड़ियों को मिलेगा। यदि मेजबानी करते हैं तो वह समाज के लिए प्रेरक शक्ति का काम करती हैं।

## विश्व कप के बाद वनडे से संन्यास लेंगी सोफी डिवाइन

**ऑकलैंड, एजेंसी**

न्यूजीलैंड महिला टीम की कप्तान और ऑलराउंडर सोफी डिवाइन इस साल के आखिर में भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्व कप के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगी। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को महिला क्रिकेट में सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है।

उन्होंने 152 वनडे में 31.66 की औसत और आठ शतकों की मदद से 3990 रन बनाए हैं। उन्होंने 146 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक शतक के साथ 3431 रन भी बनाए हैं। डिवाइन ने वनडे और टी20 में क्रमशः 107 और 119 विकेट लिए हैं। उन्होंने कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा मंगलवार को जारी बयान में डिवाइन ने कहा, ''मुझे लगता है कि मेरे लिए फैसला करने का यह सही समय है। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि न्यूजीलैंड क्रिकेट ने इस फैसले पर पहुंचने में मेरी मदद की। इसका मतलब है कि मैं अब भी न्यूजीलैंड की तरफ से खेल सकती हूं।



न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन।

## पहला एक्स्ट्राडोज्ड ब्रिज



गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी पर गुवाहाटी को उत्तरी गुवाहाटी से जोड़ने वाले छह लेन के हाईटेक एक्स्ट्राडोज्ड पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। करीब 2,608 .68 करोड़ रुपये लागत के इस पुल का निर्माण मार्च 2026 में पूरा होने की उम्मीद है। लगभग 1.24 किलोमीटर लंबाई का यह देश का पहला एक्स्ट्राडोज्ड पुल होगा। **एजेंसी**

## अमेरिका की आव्रजन नीति में बदलाव

# पूरी दुनिया में हलचल

अमेरिकी सरकार की इसके पीछे धारणा यह है कि आर्थिक मंदी के कारण रोज़गार के कम अवसरों के मद्देनजर प्रवासियों को प्रवेश की अनुमति देना स्थानीय नागरिकों के अधिकारों के साथ अन्याय है। मेक्सिको की अर्थव्यवस्था के लिए यह प्रवास और भी हानिकारक है क्योंकि अमेरिका में ज्यादा मजदूरी के कारण वहां से प्रतिभा का पलायन हो रहा है। पुरुषों के ज्यादा पलायन ने मेक्सिको में पुरुषों लिंगानुपात भी असंतुलित होने लगा है। हाल ही में ट्रंप के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद से ही अमेरिका में संरक्षणवाद और अमेरिका फर्स्ट जैसी नीतियों पर काम शुरू किया गया है। नए नियम के लागू होने के बाद अमेरिकी प्रशासन उन प्रवासी परिवारों को वापस भेजने के लिए स्वतंत्र होगा जो अवैध रूप से सीमा पार करते हुए पकड़े गए हैं और आवासीय केंद्रों में रह रहे हैं।




### ये बदलाव हुए हैं अमेरिका की आव्रजन नीति में

- **एच-1बी वीजा प्रणाली में संशोधन :** अमेरिका ने एच-1बी वीजा प्रणाली में बदलाव किए हैं, जिसके तहत केवल उच्चतम स्कोर वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे भारतीय आईटी पेशेवरों के लिए वीज़ा प्राप्ति की प्रक्रिया और कठिन हो सकती है।
- **परिवार-आधारित आव्रजन में कड़े नियम :** परिवारों के लिए आव्रजन प्रक्रिया को और कठिन बना दिया गया है, जिससे भारतीय परिवारों को स्थाई निवास प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है।
- अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई : अमेरिका ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की है, जिससे भारतीय प्रवासियों के लिए अनिश्चितता बढ़ गई है।

### पूरी दुनिया पर प्रभाव

- वैश्विक श्रम बाजार में असंतुलन : अमेरिका में आव्रजन में कमी से वैश्विक श्रम बाजार में असंतुलन उत्पन्न हुआ है, जिससे अन्य देशों में श्रमिकों की मांग बढ़ी है।
- वैश्विक व्यापार पर असर : अमेरिका की नई आव्रजन नीति के कारण वैश्विक व्यापारिक संबंधों में तनाव बढ़ा है, विशेषकर उन देशों के साथ जिनके नागरिकों की संख्या अमेरिका में अधिक है।

### भारत को संभावित नुकसान

- एच-1बी वीजा प्राप्त करने में कठिनाई से भारतीय आईटी कंपनियों में उच्च गुणवत्ता वाले पेशेवरों की कमी हो सकती है।
- अमेरिका में अवैध प्रवासियों पर कड़ी कार्रवाई से भारतीय प्रवासियों की स्थिति असुरक्षित हो सकती है।
- अमेरिका में भारतीयों की संख्या में कमी से भारत को मिलने वाली रेमिटेंस में गिरावट आ सकती है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है।

### नई नीति से अमेरिका को फायदा

- आव्रजन में कमी से अमेरिका में स्थानीय नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं।
- अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा में सुधार हो सकता है।
- आव्रजन में कमी से अमेरिका के सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों पर दबाव कम होगा, वह आर्थिक संसाधनों की कमी से उबरेगा।

**अमेरिका की नई आव्रजन नीति ने वैश्विक स्तर पर कई बदलावों को जन्म दिया है, जिनका भारत पर विशेष प्रभाव पड़ा है। एक ओर यह नीति अमेरिका के लिए कुछ लाभकारी हो सकती है लेकिन भारत को इससे कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।**

## एक नजर

### हैदराबाद से अदीस अबाबा तक सीधी उड़ान सेवा शुरू

**हैदराबाद।** हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का प्रबंधन करने वाले जीएमआर समूह ने मंगलवार को हैदराबाद से इथियोपिया के अदीस अबाबा के लिए नयी सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा की। जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के अनुसार मंगलवार को उद्घाटन उड़ान, एक उत्सव समारोह के बाद अदीस अबाबा के लिए सफलतापूर्वक रवाना हुई, जिसमें जीएचआईएएल के वरिष्ठ अधिकारियों, इथियोपिया की एयरलाइंस के प्रमुख अधिकारियों और हवाई अड्डे के अन्य हितधारकों ने भाग लिया।

### पाक नागरिक के खिलाफ पीएमएलए कोर्ट में केस

**कोलकाता।** ईडी ने एक पाकिस्तानी नागरिक आजाद मलिक के खिलाफ धन शोधन मामले में पीएमएलए कोर्ट में अभियोजन शिकायत दायर की है। अदालत ने आरोपी के खिलाफ नोटिस जारी कर अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित कर दी है। पाकिस्तानी नागरिक आजाद मलिक उर्फ अहमद हुसैन आजाद को ईडी ने अप्रैल मध्य में पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बिरती जिले से गिरफ्तार किया। वह बंगलादेशी नागरिकों के लिए फर्जी दस्तावेज बनवाकर उन्हें पश्चिम बंगाल व अन्य हिस्सों में बसाने का काम करता था।

### वियतनाम में तूफान की घटनाओं में सात लोग मरे

**हनोई।** वियतनाम में 'वुतिप' तूफान के कारण भारी बारिश और बाढ़ से मध्य क्षेत्र में सात लोगों की मौत हो गई है तथा कृषि एवं संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। प्राकृतिक आपदा निवारण विभाग के अनुसार क्वांग बिन्ह प्रांत में चार और क्वांग त्रि प्रांत में तीन लोगों की मौत हुई है। रिपोर्टों के अनुसार बाढ़ के कारण 33,000 हेक्टेयर से अधिक चावल के खेत और हजारों हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि जलमग्न हो गई है।

### ह्यूस्टन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जश्न शुरू

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के ग्रेटर ह्यूस्टन इलाके में पार्क से लेकर सामुदायिक केंद्रों में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 50 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने इंडिया हाउस और कई अन्य सहयोगी संगठनों के साथ मिलकर ये कार्यक्रम आयोजित किए हैं। ये कार्यक्रम 14 जून को शुरू हुए हैं और 30 जून तक आयोजित किए जाएंगे जिसमें सभी आयु और वर्गों के लिए योग सत्र, कार्यशाला और वर्चुअल कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा।

# प. एशिया के हवाई क्षेत्र बंद, लाखों फंसे

## ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष और तेज होने की आशंका से लोगों में भारी दहशत का माहौल

**बेरूत, एजेंसी**

दो कट्टर दुश्मनों ईरान और इजराइल के बीच कई दिन से जारी वार-पलटवार ने उनके उथलपुथल भरे इतिहास में एक नया अध्याय खोल दिया है। दोनों देशों में लोगों में व्यापक संघर्ष की आशंका से दहशत का माहौल है। हर रात आसमान में आग के गोले दिखने से यह दहशत और बढ़ रही है। इस संघर्ष ने पश्चिम एशिया के अधिकतर देशों को अपने हवाई क्षेत्र बंद करने पर मजबूर कर दिया है। दर्जनों हवाई अड्डों ने सभी उड़ानें रोक दी हैं या परिचालन में भारी कटौती की है, जिससे हजारों यात्री फंसे हुए हैं।

इजराइल ने अपने मुख्य अंतरराष्ट्रीय बेन गुरियन हवाई अड्डे को अगली सूचना तक बंद कर दिया है, जिससे 50,000 से अधिक इजराइली यात्री विदेश में फंस गए हैं। देश की तीन विमानन कंपनियों के जेट विमानों को लारनाका ले जाया गया है। ईरान ने शुक्रवार को तेहरान के बाहरी इलाके में स्थित देश के मुख्य खोमेनी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने-जाने वाली उड़ानों को निलंबित कर दिया। इजराइल ने शनिवार को कहा कि उसने मेहराबाद हवाई अड्डे पर बमबारी की, जो तेहरान में ईरान की वायु सेना और घरेलू वाणिज्यिक उड़ानों के लिए सुविधा प्रदान करता है। कई छात्र ईरान, इराक और अन्य जगहों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

हजारों भारतीय छात्र भी ईरान में फंस गए हैं। इनमें से एक अरसलान अहमद ने बताया कि बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं है। तेहरान में वे लोग अपने छात्रावासों से तक बाहर नहीं निकल रहे हैं और हमलों से बुरी तरह भयभीत हैं। उन्हें नहीं पता कि उन्हें कब सुरक्षा मिलेगी। अहमद ने कहा, हम जो टेलीविजन पर देख रहे हैं, वह बहुत डरावना है लेकिन इससे भी ज्यादा भयानक कुछ कान के पर्दे फाड़ देने वाले विस्फोट हैं। विश्वविद्यालयों ने ईरान में कई छात्रों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में मदद की है।



इजराइल के ड्रोन हमले के बाद ईरान की नेटवर्क बिल्डिंग में लगी आग।

### ईरान का परमाणु स्थल बना इजराइली हमलों का निशाना

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने मंगलवार को कहा कि उसका मानना है कि ईरान के नतांज संवर्धन स्थल पर इजराइल के हवाई हमलों का वहां के भूमिगत सेंट्रीफ्यूज हॉल पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ा है। यह पहली बार है जब संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने नतांज के भूमिगत हिस्से में हमलों से हुए नुकसान का आकलन किया है, जो ईरान के परमाणु कार्यक्रम का मुख्य संवर्धन केंद्र है। एजेंसी ने कहा, शुक्रवार के हमलों के बाद उपग्रह चित्रों के विश्लेषण से अतिरिक्त तत्वों की पहचान हुई है जो नतांज में भूमिगत संवर्धन हॉल पर प्रत्यक्ष प्रभाव का संकेत देते हैं।

### ईरान ने इजराइल में अब तक 700 ड्रोन हमले किए

**तेहरान।** ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-3 की शुरुआत के बाद से ईरान ने इजरायल पर 700 से ज्यादा जवाबी ड्रोन हमले किए हैं। ईरान की फ़ार्स समाचार एजेंसी की मंगलवार को एक रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने इजराइल के खिलाफ मिसाइल हमला शुरू किया है। इजराइल ने कहा कि ईरानी हमलों में 20 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और 600 से ज्यादा घायल हुए हैं। वहीं, ईरान ने कहा कि इजराइल के हमलों में उसके 220 से अधिक लोग मारे गये तथा 1,200 से अधिक घायल हुए हैं।

### नेतन्याहू ने जताई ईरान में तख्तापलट की मंशा

**तेल अवीव/तेहरान।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के साथ जारी युद्ध को वहां के दुष्ट शासकों से मुक्त करने का अभियान बताते हुए साफ किया है कि उनके दिन अब लद गए है और वहां स्वतंत्रता की मशाल जल चुकी है। नेतन्याहू ने ईरान इंटरनेशनल से कहा, ईरान के खिलाफ इजराइल का सैन्य अभियान उसके लोगों को इस्लामिक गणराज्य को उखाड़ फेंकने का मौका दे रहा है। आपकी स्वतंत्रता का समय निकट है। उन्होंने ईरान पर इजराइल को नष्ट करने को परमाणु बम बनाने का आरोप लगाया।

### इजराइल का अस्पताल पर हमला युद्ध अपराध: ईरान

**तेहरान।** ईरान ने केरमानशाह स्थित फराबी अस्पताल पर इजराइल के हमले को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन और युद्ध अपराध करार दिया है। ईरान प्रशासन की प्रवक्ता फतेमेह मोहजेरानी ने कहा है कि केरमानशाह में फराबी अस्पताल पर इजराइल का हमला उसकी क्रूरता का स्पष्ट उदाहरण है। इजराइल ने सोमवार को स्थानीय समयानुसार लगभग नौ बजे अस्पताल पर मिसाइल से हमला किया था। हमले से अस्पताल को भारी नुकसान हुआ। अस्पताल के कई उपकरण नष्ट हो गए। खिड़कियों के टूटने से कई वार्डों में मरीज़ों को चोटें आईं। इजराइल ने शुक्रवार की रात बिना किसी उकसावे के ईरान पर हमले शुरू कर दिए थे।

# ऑपरेशन सिंदूर: सेना का पूर्व सेना प्रमुखों के साथ विचार मंथन

- **भविष्य की चुनौतियों से बेहतर ढंग से निपटने की तैयारी**
- **पूर्व सेना प्रमुखों ने अनुभव साझा कर कई सिफारिशें कीं**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भविष्य की चुनौतियों तथा आकस्मिक स्थितियों से और बेहतर ढंग से निपटने की तैयारियों में जुटी सेना ने मंगलवार को पूर्व सेना प्रमुखों के साथ इस ऑपरेशन के बारे में विस्तार से चर्चा की। पूर्व सेना प्रमुखों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए सिफारिशें और सलाह साझा की।

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने मंगलवार को यहां पूर्व सेना प्रमुखों के साथ दो दिन के 'चीफ्स चिंतन' सम्मेलन में गहन विचार मंथन किया। ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में आयोजित सम्मेलन का उद्देश्य पूर्व सेना प्रमुखों के संस्थागत ज्ञान और अनुभव का लाभ उठाने के लिए एक मंच प्रदान करना है। सम्मेलन में जनरल वी पी मलिक, जनरल दीपक कपूर, जनरल जे जे सिंह और जनरल मनोज पांडे सहित अन्य पूर्व सेना प्रमुखों ने हिस्सा लिया।

जनरल द्विवेदी ने सेना में किे जा रहे सुधारों और भविष्य की योजनाओं में निरंतर भागीदारी में पूर्व सेना प्रमुखों के योगदान का उल्लेख किया। पूर्व सेना प्रमुखों को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तार से 'ब्रीफिंग' दी गई, साथ ही वायु सेना और नौसेना के साथ संचालन में समन्व्य पर भी जानकारी दी गयी। ब्रीफिंग में ऑपरेशन के निष्पादन के बारे में प्रासंगिक समझ और पूर्व प्रमुखों से अंतर्दृष्टि आमंत्रित करने के लिए रणनीतिक प्रभाव और संयुक्त कौशल मॉडल को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। पूर्व प्रमुखों को परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से उन्नत प्रौद्योगिकियों और आधुनिकीकरण पहलों को शामिल करने के बारे में भी जानकारी दी गई।

### सेना के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर भी विचार

सम्मेलन के दौरान प्रौद्योगिकी पहल, विकसित भारत के लक्ष्यों में भारतीय सेना के योगदान और मानव संसाधन नीतियों में सुधार तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की पहल पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा पूर्व सेना प्रमुखों ने ऑपरेशन सिंदूर तथा मौजूदा परिप्रेक्ष्य में अंतर्दृष्टि और सिफारिशें साझा की।

# ब्रिटेन में चोकसी का भारत पर अपहरण का आरोप

- **भारतीय अधिकारियों को आरोपों को गलत बताकर आपत्ति जताई**

**लंदन, एजेंसी**

पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी मामले में भारत में वांछित व्यवसायी मेहुल चोकसी ने लंदन के हाईकोर्ट में भारत सरकार और पांच व्यक्तियों पर अपने अपहरण, यातना और प्रत्यर्पण के प्रयास के लिए षड्यंत्रकारी के रूप में मुकदमा दायर किया है। भारतीय प्राधिकारियों ने आरोपों से इनकार किया है और राज्य प्रतिरक्षा के आधार पर ब्रिटेन के क्षेत्राधिकार पर आपत्ति जताई है।

सोमवार को न्यायमूर्ति फ्रीडमैन के समक्ष मामले की प्रारंभिक सुनवाई के दौरान, अदालत को बताया गया कि चोकसी का दावा है कि मई 2021 में भारत सरकार के निर्देश पर अपहरण की कोशिश के तहत उसे प्रताड़ित किया गया था। भारतीय पक्ष ने इस सप्ताह अदालत को बताया कि चोकसी ने भारत के खिलाफ बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसमें कहा गया है कि भारत ने उसका अपहरण करने और नुकसान पहुंचाने की एक अंतरराष्ट्रीय साजिश रची थी। वकील हरीश साल्वे ने भारतीय अधिकारियों की ओर से दलील दी, भारत का पक्ष यह है कि वर्तमान दावा इस मंशा से आगे बढ़ाया जा रहा है कि भारत को शर्मिंदा किया जाए और प्रतिवादी द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रत्यर्पण से बचने के प्रयासों के तहत दबाव बढ़ाया जा सके।

## सीतारमण ने लद्दाख में एनएलएसटी परियोजना स्थल का किया दौरा

**लेह।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में पैंगोंग झील के पास राष्ट्रीय वृहद सौर दूरबीन (एनएलएसटी) परियोजना स्थल का दौरा किया।

अधिकारियों ने बताया कि चार दिवसीय दौरे पर आईं सीतारमण ने चुशुल गांव में 'रेजांग ला' युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और देश की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। एनएलएसटी परियोजना का लक्ष्य लद्दाख में पैंगोंग त्सो झील के पास लगभग 4,200 मीटर की ऊंचाई पर दो मीटर श्रेणी का 'ऑप्टिकल' और इन्फ्रारेड (आईआर) दूरबीन का निर्माण करना है।

# रूस के हमले से कीव में 15 की मौत, 116 घायल

## रात के वक्त ड्रोन और मिसाइलों से किया हमला, घरों में सो रहे थे लोग, कई इमारतें ध्वस्त

**कीव, एजेंसी**

रूस ने यूक्रेन पर रात को उस समय मिसाइल और ड्रोन से हमले किए जब ज्यादातर लोग अपने घरों में सो रहे थे, जिससे कम से कम 15 लोगों की मौत हो गयी और 116 अन्य घायल हो गए। हमलों में मुख्य रूप से राजधानी कीव को निशाना बनाया गया।

कीव शहर सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमुर तकाचेंको ने बताया कि रातभर हुए हमले और बमबारी से नौ मंजिला एक रिहायशी इमारत ध्वस्त हो गई तथा कई अपार्टमेंट नष्ट हो गए हैं। आपातकालीन कर्मी मलबे से लोगों को बचाने के लिए घटनास्थल पर मौजूद हैं। यह हाल के महीनों में यूक्रेन की राजधानी में हुए सबसे घातक हमलों में से एक है और हमला ऐसे वक्त में हुआ है, जब युद्ध को खत्म करने के लिए दो दौर की शांति वार्ता बेनतीजा रही है। रूस ने दक्षिणी बंदरगाह शहर ओडेसा में भी ड्रोन हमले किए, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। यह हमला करीब नौ घंटे तक चला और यह कीव को निशाना बनाकर किया गया नया ड्रोन और मिसाइल हमला है। यह हमला ऐसे वक्त में किया गया है कि जब विश्व नेता कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए जुटे हुए हैं।



रूस की मिसाइल से कीव में तहस-नहस हुई नौ मंजिला इमारत।

### जेलेंस्की ने शक्तिशाली देशों की आलोचना की

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस हमले को कीव पर सबसे भयानक हमलों में से एक बताया और कहा कि रूसी सुरक्षा बलों ने रातभर में यूक्रेन पर 440 से ज्यादा ड्रोन और 32 मिसाइलें दागीं। जेलेंस्की ने कहा कि पुतिन ऐसा सिर्फ इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि वह युद्ध जारी रखने का जोखिम उठा सकते हैं। वह चाहते हैं कि युद्ध जारी रहे। यह बहुत परेशान करने वाली बात है कि दुनिया के ताकतवर लोग इस ओर से आंखें मूंद लेते हैं। गृह मंत्री इहोर क्लिमेंको ने घटनास्थल पर पत्रकारों को बताया कि हमले में छर्रा लगने से घायल हुए एक अमेरिकी नागरिक की मौत हो गई है।

# विमान हादसा: बालकनी से कूदते नजर आए लोग

- **पांच दिन सामने आया विमान दुर्घटना का नया वीडियो**
- **लपटों में घिरी मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग से कूद रहे हैं लोग**

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद का एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमें 12 जून को एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 के बीजे मेडिकल कॉलेज परिसर में टकराने के बाद वहां के घबराए हुए निवासी पांच मंजिला इमारत की बालकनी से कूदते या कूदने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं।

इस खौफनाक वीडियो के एक हिस्से में एक महिला बालकनी से महज रेलिंग के सहारे नीचे उतरने की कोशिश करती नजर आ रही है, जबकि घटनास्थल से कुछ ही मीटर की दूरी पर आग की ऊंची लपटें उठ रही हैं। पृष्ठभूमि में, परिसर की परिधीय दीवार के ऊपर से वीडियो बनाने वाले लोग चिल्लाते हुए सुने जा सकते हैं क्योंकि उन्हें डर है कि महिला गिर सकती है और उसे चोट लग सकती है। बाद में, एक आदमी भी इसी तरह नीचे उतरने की कोशिश करता हुआ दिखायी देता है।

भारत के सबसे पुराने मेडिकल कॉलेजों में एक बीजेएमसी दुर्घटना के बाद कार्रवाई का केन्द्र रहा है। दुर्घटना में विमान में सवार 241 तथा जमीन पर मौजूद पांच एमबीबीएस छात्र सहित 29 लोग मारे गए थे। लंदन के लिए उड़ान भरने के बाद एअर इंडिया का विमान बोइंग 737-8 ड्रीमलाइनर मेडिकल कॉम्प्लेक्स में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

## भारतीय सैन्य टुकड़ी फ्रांस के साथ 'शक्ति' अभ्यास में हिस्सा लेगी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की एक टुकड़ी द्विवार्षिक भारत-फ्रांस संयुक्त सैन्य अभ्यास 'शक्ति' में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को फ्रांस रवाना हो गयी।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह इस अभ्यास का आठवां संस्करण है जो फ्रांस में ला कैवेलरी के कैंप लारजैक में बुधवार से शुरू होकर एक जुलाई तक चलेगा। भारतीय टुकड़ी में 90 सैनिक हैं और इसका प्रतिनिधित्व जम्मू कश्मीर राइफल्स की एक बटालियन के साथ अन्य सेनाओं के सैनिक कर रहे हैं। फ्रांसीसी टुकड़ी में भी 90 सदस्य हैं, जिनका प्रतिनिधित्व 13वीं विदेशी सेना हाफ-गेड के सैनिक कर रहे हैं। अभ्यास भारतीय और फ्रांसीसी सेनाओं के बीच एक द्विवार्षिक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य अंतर-संचालन, परिचालन समन्वय और सैन्य संपर्क को बढ़ाना है।

**अध्ययन** सीईपीटी विश्वविद्यालय ने जलवायु प्रौद्योगिकी कंपनी के साथ अध्ययन कर जारी की रिपोर्ट

# दिल्ली में साल के सिर्फ तीन दिन साफ आबोहवा में सांस लेने वाले

## तापीय रूप से आरामदायक घंटे केवल 2210, जिसमें बाहरी तापमान 18 और 31 डिग्री के बीच

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली में वर्ष में केवल तीन प्रतिशत घंटे ही सेहत के लिए सुरक्षित स्वच्छ वायु और सुहाने मौसम वाले होते हैं। एक नए अध्ययन में यह खुलासा हुआ है। सीईपीटी विश्वविद्यालय और एक जलवायु-प्रौद्योगिकी कंपनी द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक दिल्ली में लगभग 2,210 तापीय रूप से आरामदायक घंटे दर्ज किए गए हैं, जिनमें बाहरी तापमान 18 डिग्री सेल्सियस से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच था।

अध्ययन के मुताबिक 1,951 घंटे खराब वायु गुणवत्ता (वायु गुणवत्ता सूचकांक 150 से ऊपर) के भी होते हैं। इस प्रकार वर्ष में केवल 259 घंटे ही बचते हैं, जो लगभग तीन प्रतिशत है, जब दिल्लीवासी स्वच्छ वायु और सुखद तापमान दोनों का आनंद ले सकते हैं। 'इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ इंडोर एयर क्वालिटी' के आठ जून को आयोजित 'हेल्दी बिल्डिंग 2025' सम्मेलन में प्रस्तुत अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया कि गर्मी और वायु प्रदूषण का एक साथ होना सुरक्षित प्राकृतिक आबोहवा के अवसरों को गंभीर रूप से सीमित कर देता है।

अध्ययन के मुताबिक दिल्ली की तुलना में, बेंगलुरु में 8,100 घंटे से ज्यादा समय स्वीकार्य वायु गुणवत्ता और सुखद तापमान की स्थिति रही। अहमदाबाद में गर्मी होने के बावजूद बाहरी परिस्थितियां ज्यादा अनुकूल रहीं। हालांकि, दिल्ली की तरह चेन्नई में भी 88 प्रतिशत आरामदायक घंटे खराब वायु गुणवत्ता के कारण प्रभावित हुए। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि अध्ययन से खुलासा होता है कि गर्मी और प्रदूषण का अभिसरण भारतीय महानगरों में व्यापक होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक भवन निर्माण कार्य, चाहे पूरी तरह से सीलबंद वातानुकूलित स्थानों पर आधारित हो या बिना फिल्टर वाले प्राकृतिक वेंटिलेशन पर आधारित हो, अब शहरी भारत की जरूरतों को पूरा नहीं कर पाते।



आमतौर पर भीषण वायु प्रदूषण का सामना करते हैं दिल्ली के लोग।

### पीईसीएस को मुख्य धारा में लाने की सिफारिश

इस चुनौती से निपटने के लिए भारतीय भवनों में वैयक्तिक पर्यावरण नियंत्रण प्रणालियों (पीईसीएस) को मुख्यधारा में लाने की सिफारिश की गई है। ये प्रणालियां हवा के संचरण को नियंत्रित करती हैं और आदर्श तापमान बनाए रखती हैं तथा विशेष रूप से मिश्रित-मोड वाली इमारतों में उपयोगी होती हैं, जो दिन के समय, मौसम या प्रदूषण के स्तर के आधार पर प्राकृतिक और यांत्रिक हवा निकासी के बीच बदलाव करती हैं। अनुसंधानकर्ताओं द्वारा तैयार 'मॉडल' में पाया गया कि पीईसीएस पारंपरिक वातानुकूलित व्यवस्थाओं की तुलना में चेन्नई में वेंटिलेशन के लिए उपयोग की जाने वाली ऊर्जा में 72 प्रतिशत, अहमदाबाद में 70 प्रतिशत और दिल्ली में 68 प्रतिशत तक की बचत कर सकती हैं।